बैशाख शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 11 मई 2024
वर्ष 5, अंक 174, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



बंद करें सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले कोचिंग सेंटर 16

हीरामंडी की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं मनीषा 15

## मोदी इस बार नहीं बन पाएंगे प्रधानमंत्री : राहुल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**भाजपा को नहीं मिलेंगी 180 से ज्यादा सीटें**



- कांग्रेस एससी, एसटी व ओबीसी को दिलाएगी उनकी हिस्सेदारी

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 21वीं सदी का राजा बताते हुए कहा कि इस बार के चुनाव में वह प्रधानमंत्री नहीं बन पाएंगे।

उन्होंने कहा कि वह गारंटी दे रहे हैं कि भाजपा 180 से ज्यादा सीटें नहीं ला पाएगी। कांग्रेस एससी, एसटी व ओबीसी को हर हाल में उनकी हिस्सेदारी दिलाएगी। राहुल गांधी शुक्रवार को समृद्ध भारत फाउंडेशन की ओर से आयोजित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित संविधान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। राहुल ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र के अनुसार पार्टी एससी, एसटी व ओबीसी की जनगणना सुनिश्चित कराएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान के तहत मिले आरक्षण को खत्म करना चाह रही है, पर वह ऐसा होने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि ईडी व सीबीआई के जरिये राजनीति व लोकतंत्र पर हमला किया जा रहा है। मोदी को संसद व अन्य संवैधानिक संस्थाओं से कोई लेना-देना नहीं है। मोदी खुद को राजा समझते हैं। दो-तीन फाइनेंसर राजा के मोहरे हैं। मोदी इन्हीं 10 फीसदी आबादी को सुपर पावर बनाना चाहते हैं।

### कर्मियों को पुरानी पेंशन देने पर विचार होगा

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन देने पर विचार होगा। कहा कि घोषणा पत्र में इसका उल्लेख नहीं है, क्योंकि घोषणा पत्र देश के लोगों को सामाजिक व अन्य न्याय देने के हिसाब से बनाया गया है।

### कांग्रेस को भी बदलना होगा अपना रवैया

राहुल गांधी ने कहा कि दो तरह के लोग होते हैं। एक व्यक्ति सुबह उठने के बाद से ही सत्ता कैसे मिलेगी, इस पर सोचता है, जबकि दूसरा लोगों के दुख-दर्द दूर करने के बारे में सोचता है। कहा कि वह दूसरे तरह के व्यक्ति हैं। भारत जोड़ो यात्रा के बाद लोगों से मोहब्बत करने लगे हैं। उनका नजरिया बदल गया है। पार्टी को भी नजरिया बदलना पड़ेगा।

## कांग्रेस मेरी कब्र खोदना चाहती है : मोदी

नंदूरबार (महाराष्ट्र), एजेंसी


**सभा में बोले मोदी-मुझे जिंदा गाड़ना चाहता है विपक्ष, लेकिन जनता मेरी ढाल**




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष में कुछ लोग उन्हें जिंदा गाड़ना चाहते हैं लेकिन देश के लोग उनका सुरक्षा कवच हैं और जनता उन पर कोई आंच नहीं आने देगी।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि 'नकली शिवसेना' उन्हें इस तरह से गाली देती है कि उससे इसका अपना 'पसंदीदा वोट बैंक' खुश होता है। उत्तर महाराष्ट्र के नंदूरबार में भाजपा की उम्मीदवार हिना गावित के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ये नकली शिवसेना वाले मुझे जिंदा गाड़ने की बात कर रहे हैं। एक तरफ कांग्रेस है, जो कहती है-मोदी तेरी कब्र खुदेगी...दूसरी तरफ ये नकली शिवसेना है जो मुझे जिंदा गाड़ने की बात करती है। और मुझे गाली देते हुए भी ये लोग तुष्टिकरण का पूरा ध्यान रखते हैं।

मोदी को मुगल बादशाह औरंगजेब की तरह महाराष्ट्र में 'दफनाने' की शिवसेना नेता संजय राउत की कथित टिप्पणी की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा वो कहते हैं, मोदी की कब्र खुदेगी। मोदी को जिंदा गाड़ देंगे। इसमें भी वोटबैंक को पसंद आए वहीं गाली दोगे क्या? मैं कई बार सोचता हूं, दुख होता है कि बाला साहेब ठाकरे को कितना दुख होता होगा। उनको मैंने करीब से देखा है। अब तो नकली शिवसेना वाले बम धमाके के दोषी को भी अपने प्रचार में ले जाने लगे हैं। भाजपा ने गुरुवार को दावा किया था कि 1993 के सिलसिलेवार बम विस्फोटों के आरोपी इकबाल उर्फ मूसा उर्फ बाबा चौहान को शिवसेना (यूबीटी) के मुंबई उत्तर पश्चिम उम्मीदवार अमोल की रैली में देखा गया था। जबकि दोनों ने दावा किया कि वे एक दूसरे को नहीं जानते। मोदी ने कहा कि भारत के लोग मेरे लिए सुरक्षा कवच हैं। विरोधी मुझे जिंदा या मृत दफन नहीं कर सकते। कांग्रेस, महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) की सहयोगी पार्टी है।







# प्रचार के लिए केजरीवाल को 21 दिन की जमानत, दो जून को करेंगे सरेंडर

## 50 दिन के बाद हुए रिहा, कार्यालय नहीं जाएंगे, न ही फाइलों पर कर सकेंगे हस्ताक्षर

नई दिल्ली, एजेंसी



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उन्हें लोकसभा चुनाव के बीच में प्रचार के लिए धनशोधन के एक मामले में एक जून तक अंतरिम जमानत दे दी, लेकिन उनके कार्यालय या दिल्ली सचिवालय जाने और तब तक सरकारी फाइलों पर हस्ताक्षर करने पर रोक लगा दी जब तक उपराज्यपाल की मंजूरी के लिए ऐसा पूरी तरह जरूरी नहीं हो।

कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में 50 दिन की हिरासत के बाद लोकसभा चुनाव के बाकी के चरण के लिए प्रचार के लिहाज से केजरीवाल को 21 दिन के लिए रिहा करते हुए न्यायालय ने कहा कि वह दो जून को आत्मसमर्पण करेंगे। एक जून को लोकसभा चुनाव के लिए सातवें और अंतिम चरण के तहत मतदान होगा। आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने राष्ट्रीय संयोजक को अंतरिम जमानत देने के लिए कोर्ट का धन्यवाद व्यक्त किया। 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगी दलों में भी इस फैसले पर खुशी देखी गई। पीठ ने केजरीवाल को 50 हजार रुपये के जमानती बॉण्ड और इतनी ही राशि का मुचलका जमा कराने का भी निर्देश दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के वकील की इस दलील को खारिज कर दिया कि चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत पर केजरीवाल को छोड़ने जैसा पहले कोई मामला नहीं देखा गया।

### अब तानाशाही का होगा अंत : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत को सत्य की जीत बताते हुए शुक्रवार को कहा कि अब तानाशाही का अंत होगा। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने सर्वोच्च अदालत के फ़ैसले पर खुशी व्यक्त करते हुए 'एक्स' पर कहा कि हनुमान जी की जय। यह लोकतंत्र की जीत है। लाखों-करोड़ों लोगों की दुआओं और आशीर्वाद का फल है। सभी को कोटि कोटि धन्यवाद। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अदालत का धन्यवाद करते हुए कहा कि अब हम लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई को और शिद्दत के साथ लड़ेंगे।

### सत्य की एक और जीत: अखिलेश यादव



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ फोटो साझा कर लिखा, दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत सत्य की एक और जीत है।

### समाज के लिए खतरा नहीं केजरीवाल : कोर्ट

पीठ ने कहा कि लोकसभा चुनाव इस साल की सबसे महत्वपूर्ण घटना है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि गंभीर आरोप लगाए गए हैं, लेकिन केजरीवाल को अभी तक दोषी नहीं ठहराया गया है, उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और वह समाज के लिए खतरा नहीं हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उनकी गिरफ्तारी की वैधता को शीर्ष अदालत के समक्ष चुनौती दी गई थी, जिसने अभी तक अपना अंतिम फैसला नहीं सुनाया है।

**कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के विवादित बोल**

## पाकिस्तान को इज्जत दे भारत उसके पास भी है परमाणु बम

नई दिल्ली, एजेंसी



- कांग्रेस ने कहा-पार्टी अय्यर के बयान से पूरी तरह असहमत
- बयान के बाद भाजपा ने कांग्रेस को कटघरे में खड़ा किया

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर यह कहते नजर आ रहे हैं कि भारत को पाकिस्तान का सम्मान करना चाहिए क्योंकि वह एक संप्रभु राष्ट्र है और उसके साथ संवाद कायम करना चाहिए क्योंकि उसके पास भी परमाणु बम है।

पाकिस्तान संबंधी अय्यर के उक्त बयान से शुक्रवार को विवाद खड़ा हो गया, जिसके बाद कांग्रेस ने तुरंत उनकी टिप्पणियों से खुद को अलग कर लिया जबकि भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर पाकिस्तान तथा उसकी धरती से पनपने वाले आतंकवाद के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया। वहीं, अय्यर ने कहा कि वीडियो पुराना है और इस समय इसे इसलिए ढूंढ कर निकाला गया है क्योंकि भाजपा का चुनाव अभियान लड़खड़ा रहा है।

वीडियो में अय्यर को यह संकेत देते सुना जा सकता है कि अगर कोई 'सनकी व्यक्ति' पाकिस्तान में सत्ता में आ जाता है और परमाणु बम का इस्तेमाल करता है तो यह अच्छा नहीं होगा और इसका असर यहां भी होगा। टिप्पणी पर विवाद शुरू होने पर कांग्रेस ने कहा कि वह अय्यर की टिप्पणी से पूरी तरह असहमत है। कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने 'एक्स' पर कहा कि अय्यर पार्टी का पक्ष नहीं रखते हैं।

### चुनाव भारत में तो पाकिस्तान की चर्चा क्यों : प्रियंका



**अमेठी।** अय्यर की टिप्पणी पर प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि चुनाव भारत में हो रहे हैं तो हम पाकिस्तान की चर्चा क्यों कर रहे हैं? भारत में बढ़ती बेरोजगारी पर चर्चा क्यों नहीं हो रही और महंगाई पर बात क्यों नहीं हो रही। अय्यर की टिप्पणी पर विवाद खड़ा होने के बाद प्रियंका ने अमेठी में भाजपा पर वास्तविक मुद्दों और अपने कामकाज से ध्यान भटकाने के लिए हिंदू-मुस्लिम बयानबाजी करने का आरोप लगाया। कांग्रेस महासचिव ने कहा, मुझे लगता है कि लोग तंग आ चुके हैं और समझ गए हैं कि हर चुनाव में वे हिंदू-मुस्लिम करते हैं, इसे धर्म आधारित बनाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को काम के आधार पर वोट मांगना चाहिए।

## एक नजर

### नीट प्रश्न पत्र लीक मामले में मांगा सबूत

**पटना।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में आज बिहार में पटना की एक अदालत ने जेल में बंद दो अभियुक्तों की ओर से दाखिल की गई जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान पुलिस से ब्यौरेवार सबूतों की मांग की।

### चौथे चरण के लिए आज शाम थम जाएगा प्रचार

**लखनऊ।** प्रदेश में चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों व एक विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए 11 मई की शाम प्रचार थम जाएगा। इन सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण के सभी लोस सीटों के लिए 130 प्रत्याशी हैं। वहीं, शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए 10 प्रत्याशी मैदान में हैं।

## बृजभूषण पर आरोप तय करें : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

**महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का मामला**

दिल्ली की एक अदालत ने छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ शुक्रवार को आरोप तय करने का आदेश दिया। एसीएमएम प्रियंका राजपूत ने छह महिला पहलवानों में से एक द्वारा दायर शिकायत में सिंह को आरोपमुक्त भी कर दिया।

दिल्ली पुलिस 21 मई को औपचारिक रूप से आरोप तय करेगी। कोर्ट ने सह-आरोपी और डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर के खिलाफ भी आरोप तय करने का आदेश दिया।

### रिटायर नहीं हुआ हूं, अभी खेल करूंगा : बृजभूषण



**करनैलगंज।** पूर्व विधायक कुंवर अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया के आवास बरगदी कोट परिसर में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में मुख्य अतिथि सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि रिटायर नहीं हुआ हूं अभी मैं खेल करूंगा। टिकट के सवाल पर कहा कि हर पिता अपने बेटे को विरासत में कुछ न कुछ अच्छा देने का प्रयास करता है और उनकी सोच के मुताबिक पार्टी ने उनकी विरासत बेटे को दिया है।

### आरोप तय किए जाने का स्वागत : साक्षी



**चंडीगढ़।** पहलवान साक्षी मलिक ने दिल्ली की अदालत द्वारा शुक्रवार को यौन उत्पीड़न के आरोपी कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण सिंह शरण के खिलाफ आरोप तय किए जाने के फैसले का स्वागत किया। मलिक ने ट्वीट कर कहा कि हम अदालत का धन्यवाद करते हैं। हमें कई रात गर्मी बारिश में सड़क पर सोना पड़ा, अपना अच्छा ख़ासा करियर त्यागना पड़ा, तब जाकर आज न्याय की लड़ाई में कुछ कदम आगे बढ़ पाए हैं।

## ईडी ने दाखिल किया नया आरोपपत्र चार लोग नामजद



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में शुक्रवार को नया आरोपपत्र दाखिल किया, जिसमें भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता और चार अन्य को आरोपी के तौर पर नामजद किया गया है।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत आरोपपत्र दायर किया गया है। अगले हफ्ते दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ इसी तरह का आरोपपत्र दाखिल किए जाने की संभावना है।

## खरगे के आरोप तथ्यहीन और भ्रामक

नई दिल्ली, एजेंसी



- खरगे ने वोटिंग डाटा पर विपक्षी नेताओं को लिखा था पत्र
- चुनाव आयोग की सलाह- सोच समझकर बयान दें कांग्रेस अध्यक्ष

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान आंकड़ों पर विपक्षी नेताओं को कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा लिखे गए पत्र पर शुक्रवार को कड़ी आपत्ति जताई और इसे स्पष्टीकरण मांगने की आड़ में पक्षपातपूर्ण विमर्श को आगे बढ़ाने का प्रयास बताया।

उसने खरगे के पत्र को चुनाव संचालन की एक महत्वपूर्ण कड़ी पर हमला करार दिया। आयोग ने मतदान आंकड़ा जारी करने में कुप्रबंधन और देरी के आरोपों को खारिज किया तथा खरगे के आरोपों को अवांछित, तथ्यहीन तथा भ्रम फैलाने के पक्षपातपूर्ण और जानबूझकर किया गया प्रयास करार दिया। आयोग ने खरगे से कहा कि एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के अध्यक्ष के बयान मतदाता भागीदारी पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। आयोग ने कहा कि पत्र को सार्वजनिक करने से मंशा पर सवालिया निशान खड़े होते हैं। उसने खरगे को सतर्कता बरतने और ऐसे बयान देने से बचने की सलाह दी। आयोग ने मतदान प्रतिशत में हेरफेर के आरोपों की निंदा की।

### निर्वाचन आयोग पहुंचा इंडिया गठबंधन

**नई दिल्ली।** मतदान प्रतिशत के आंकड़ों पर विभिन्न विपक्षी दलों द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं के बीच, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। यह बैठक निर्वाचन आयोग द्वारा पहले दो चरणों में जारी किए गए मतदान आंकड़ों के साथ चल रहे लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा नेताओं द्वारा आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन पर हुई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा जारी मतदान आंकड़ों में कथित विसंगतियों के मुद्दे पर मंगलवार को विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं को पत्र लिखा था।

## सामूहिक दुष्कर्म के बाद हाथ पैर बांधकर किशोरी को फेंका

संवाददाता, फरीदपुर

- युवकों ने एक युवती की मदद से घर से बुलाया था, तीन पर रिपोर्ट

**अमृत विचार :** फरीदपुर थाना क्षेत्र में एक किशोरी के साथ दो युवकों ने दुष्कर्म किया और उसे रात में बेहोशी की हालत में ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे फेंक गए। युवकों ने एक युवती की मदद से किशोरी को बुलाया था। पुलिस ने आरोपी अर्जुन, पूजा और एक अज्ञात के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस एक आरोपी के पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

परिजनों ने बताया कि पड़ोस की रहने वाली पूजा ने 15 साल की किशोरी की फोन पर गांव के ही अर्जुन से बात कराई। उसके बाद रात 12.30 बजे किशोरी घर से गायब हो गई। किशोरी रात में 3:15 बजे बेहोशी की हालत में ट्रॉली के नीचे मिली। उसके हाथ और पैर बंधे हुए थे और मुंह में कपड़ा ठुंसा हुआ था। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। होश में आने पर उसने बताया कि फोन पर बात करने के बाद वह अर्जुन से मिलने गई थी। बहाने से अर्जुन उसे बाग की तरफ ले गया, जहां उसका एक दोस्त पहले से मौजूद था। वहां पर दोनों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद वह बेहोश हो गई।

## छत्तीसगढ़ में फोर्स ने 12 नक्सलियों को मार गिराया

- बीजापुर में मुठभेड़ दो जवान घायल

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पीड़ा के जंगलों में शुक्रवार की सुबह से पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए जबकि दो जवान घायल हो गए हैं। मौके से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए हैं। इलाके में अभी तलाशी अभियान जारी है। दक्षिण बस्तर क्षेत्र के डीआईजी कमलोचन कश्यप ने बताया कि बीजापुर जिला मुख्यालय से 55 किमी दूर पीड़ा के जंगलों में नक्सलियों की बड़े लीडर की सूचना पर दंतेवाड़ा, बीजापुर तथा सुकमा तीन जिलों के जवानों द्वारा सुबह से संयुक्त ऑपरेशन लाँच किया गया।

**खोज-खबर** | भयानक विस्फोटों के साथ एक्स क्लास की भीषण ज्वालाएं उठ रही सूर्य की सतह पर

## सौर तूफानों के आज पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों से टकराने की आशंका

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** सूर्य बेहद खतरनाक विस्फोटों से गुजर रहा है। शुक्रवार को एआर 3664 सन स्पॉट में हुए विस्फोट से एक्स 6 क्लास ज्वाला निकली है। गत दिवस हुए विस्फोट से एक्स 2.2 क्लास की ज्वाला भड़की है। नासा के सौर वैज्ञानिकों ने सौर तूफानों के शनिवार को पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों से टकराने की आशंका जताई है।

सूर्य इन दिनों बेहद सक्रिय हो चला है। सूर्य पर एक के बाद एक जबरदस्त विस्फोट हो रहे हैं। विस्फोटों का सिलसिला करीब छह माह से जारी है। जिनमें सबसे खतरनाक मानी जाने वाली एक्स क्लास की ज्वालाओं ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। इनके अलावा एम व सी क्लास के दर्जनों ज्वालाएं भड़क चुकी हैं। सौर वैज्ञानिकों के अनुसार विस्फोट की ज्वालाओं का यह रूप वास्तव में दुर्लभ है। इधर भयंकर भू चुम्बकीय सौर तूफान के शनिवार को पृथ्वी के ध्रुव से टकराने की आशंका वैज्ञानिकों ने जताई है। जिनका खासा असर औरोरा यानी ध्रुवों पर नजर आने वाली रंग बिरंगी रोशनी के रूप में देखने को मिलेगी। सौर हेलिओस्फेरिक वेधशाला ने सूर्य में हो रहे विस्फोटों की ज्वालाओं की वीडियो के साथ फोटो कैद की हैं, जबकि नासा की सोलर डायनामिक ऑब्जर्वेटरी इन पर 24 घंटे नजर बनाए हुए है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के सौर वैज्ञानिक भी सूर्य की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखे हुए हैं।



### उम्मीद से अधिक भयानक हो रहे हैं विस्फोट

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक सौर वैज्ञानिक डॉ. वहाबउद्दीन का कहना है कि यह 25वां सौर चक्र चल रहा है। जिसमें सूर्य इन दिनों भीषण सक्रिय है। अत्यधिक सक्रियता का दौर अभी कुछ समय जारी रहेगा। मगर हैरत इस बात की है कि इतने भयानक सौर विस्फोटों की वैज्ञानिकों को जरा भी उम्मीद नहीं थी।

### आदित्य एल 1 भी सूर्य पर नजर रखने को तैयार

इसरो का सोलर मिशन आदित्य एल 1 सूर्य पर पैनी नजर रखने को तैयार है। इन दिनों आदित्य की टेस्टिंग चल रही है, उसने सूर्य की कुछ तस्वीरें कैमरे में कैद की हैं। बहुत जल्द सूर्य की तमाम गतिविधियों का डेटा भेजना शुरू कर देगा। आदित्य एल 1 साइंस कमेटी के सह अध्यक्ष प्रो. दीपांकर बनर्जी ने बताया कि नासा व ईसा के सामूहिक मिशन सोहो के बाद सूर्य की पल पल की जानकारी रखने के लिए भारत आदित्य एल 1 के साथ दुनिया का दूसरा देश बन गया है।

## एक नजर

### शाहजहांपुर की सीमा से सटे बरेली में आठ किमी में बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**बरेली, अमृत विचार :** शाहजहांपुर जिले में 13 मई को मतदान की वजह से इससे सटे बरेली जिले के आठ किलोमीटर के दायरे में शराब की दुकानें बंद रहेंगी। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने आदेश दिया कि इस दौरान सभी देसी शराब, विदेशी, बीयर और मॉडल शॉप शनिवार की शाम 6 बजे से 13 मई को मतदान समाप्ति तक बंद रहेंगी।

### ओआरएस से हाथ धो रहे हैं मरीज और तीमारदार

**बरेली, अमृत विचार :** शासन के आदेश पर जिला अस्पताल, बच्चा वार्ड और जिला महिला अस्पताल की ओपीडी में ओआरएस कार्नर बनाए गए हैं लेकिन कोई नोटिस चस्पा नहीं है। इसकी वजह से मरीज और तीमारदार जानकारी के अभाव में ओआरएस से हाथ धो रहे हैं।

### रेड लाइट पर वाहन खड़े होने से लगा जाम

**बरेली, अमृत विचार :** सेटेलाइट चौराहा पर रेड लाइट पर वाहन खड़े होने की वजह से शुक्रवार दोपहर जाम लग गया। सिग्नल ग्रीन होने के बावजूद वाहन नहीं निकल सके। कैंट की तरफ से रेड लाइट से पहले रोडवेज बस वाले सवारियां उतारते हैं। इसी दौरान वहां पर ऑटो-टेंपों आकर सवारियां भरने लगते हैं, जिससे रास्ता बंद हो जाता है। शुक्रवार दोपहर भी इसकी वजह से रास्ता बंद हो गया। सिग्नल ग्रीन होने पर भी बस और ऑटो नहीं हटे तो पीछे खड़े वाहन फंस गए।

# खिलाड़ियों के साथ हो गया खेल...भाजपा में अब बन रही है भितरघातियों की लिस्ट

## चुनाव में कई नेताओं के खिलाफ अंदरूनी तौर पर पार्टी को नुकसान पहुंचाने की शिकायतें

अनुपम सिंह, बरेली

- लिस्ट तैयार करने के साथ शिकायतों पर छानबीन भी कर रही है पार्टी
- हाईकमान को भेजी जाएगी लिस्ट, 4 जून के बाद हो सकती है कार्रवाई

**अमृत विचार:** दूसरे राजनीतिक दलों और उनकी चुनावी रणनीति को तहस-नहस करने में माहिर माने जानी वाली भाजपा के ही साथ इस चुनाव में खेल हो गया। बरेली और आंवला दोनों संसदीय क्षेत्रों में कई नेताओं और पदाधिकारियों पर चुनाव में पार्टी को नुकसान पहुंचाकर विरोधी प्रत्याशियों की मदद करने का शक है। भितरघात करने वाले इन लोगों की अब लिस्ट बनाई जा रही है जिसे हाईकमान को भेजा जाना है। कहा जा रहा है कि 4 जून को नतीजे आने के साथ ही इन नेताओं पर कार्रवाई शुरू हो जाएगी।

बरेली और आंवला में तीसरे चरण के चुनाव में 7 मई को मतदान हो चुका है। चुनाव के शुरुआती दौर में भाजपा का आत्मविश्वास इस कदर बढ़ा हुआ था कि आठ बार के सांसद संतोष गंगवार का टिकट तक काट दिया गया। लेकिन जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ा, पार्टी में अंदरूनी हलचल तेज होती गई। कहीं जातिगत तो कहीं प्रत्याशी की छवि के आधार पर अंदरखाने विरोध शुरू हुआ और इस हद तक पहुंचा कि विपक्ष की रणनीति को ध्वस्त करने पर फोकस करने के बजाय पार्टी अंदरूनी हालात ही संभालती रह गई। चुनाव के बीच पार्टी के अंदर चल रही इस हलचल पर चुप्पी साधे रखी गई ताकि जनता में नकारात्मक संदेश न जाए लेकिन अब भितरघात की कहानियां छन-छनकर बाहर आने लगी हैं और इसके साथ पूरे घटनाक्रम की जानकारी हाईकमान को देने की भी तैयारी शुरू हो गई है।

पार्टी में ऐसे नेताओं और पदाधिकारियों की संख्या अच्छी-खासी बताई जा रही है जिन्होंने इस चुनाव में दिखावा करने में तो कोई कसर नहीं छोड़ी लेकिन असल में पार्टी प्रत्याशियों के साथ कोई सहयोग नहीं किया। उल्टे कई मौकों पर उन्हें नुकसान पहुंचाने की कोशिश कीं। चुनाव के बीच ही इस तरह की खबरें संगठन के उच्च स्तर तक पहुंचती रहीं। प्रत्याशियों की ओर से भी ऐसे कुछ लोगों को चिह्नित किया गया लेकिन चुनाव के बीच संगठन की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं जताई गई। अब चुनाव हो चुका है और 4 जून को नतीजे आने हैं, लिहाजा ऐसे लोगों को चिह्नित करने का काम शुरू कर दिया गया है। भाजपा संगठन के एक पदाधिकारी ने अनाधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि करते हुए चुनाव के दौरान भितरघात होने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि पार्टी के कुछ लोग साथ रहकर भी पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहे। कई लोगों के नाम भी मिल चुके हैं, उनकी गतिविधियों का भी ब्योरा तैयार हो रहा है। अब छानबीन की जा रही है कि उनकी इन गतिविधियों का क्या मकसद था। पूरा ब्योरा तैयार होने के बाद हाईकमान को रिपोर्ट भेज दी जाएगी। उम्मीद है कि 4 जून को चुनाव के नतीजे आने के बाद हाईकमान कार्रवाई शुरू कर देगा।

### कई बड़े नाम भी हो सकते हैं भितरघात करने वालों में

भितरघात की खबरें बरेली की तुलना में आंवला में कहीं ज्यादा हैं। पार्टी के एक नेता के मुताबिक आंवला लोकसभा क्षेत्र में कई बड़े चेहरों के बारे में अंदरखाने पार्टी को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने की शिकायतें मिली हैं। अब छानबीन कर इन नेताओं के खिलाफ शिकायतों की असलियत का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। बता दें कि आंवला में ही जातिगत आधार पर पार्टी प्रत्याशी का खुला विरोध हुआ था। चुनाव के बीच भाजपा प्रत्याशी की ओर से पप्पू-बब्बू पर की गई टिप्पणी भी काफी चर्चा में रही थी। हालांकि इसके बाद उन्होंने एक वीडियो जारी कर इस पर खेद भी जताया था। लेकिन इसके बावजूद नया घटनाक्रम बता रहा है कि बिगड़ी बात समय रहते बन नहीं पाई।

### दूसरी पार्टियां तोड़ते रहे, अंदरूनी हालात नहीं भांप सके

चुनाव की शुरुआत होते ही भाजपा नेताओं ने पूरा जोर दूसरी पार्टियों के नेताओं को तोड़कर भाजपा में लाने के लिए जान लड़ा दी। नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के बाद चुनाव के अंतिम दौर पर इस सिलसिले ने इस कदर जोर पकड़ा कि हर रोज तमाम विपक्षी नेताओं को भाजपा में शामिल कराए जाने की सूचनाएं आती रहीं। सबसे ज्यादा जोर सपा के नेताओं को तोड़कर भाजपा में शामिल करने पर रहा। सपा के कई ब्लॉक प्रमुख और पदाधिकारी भाजपा में शामिल हो गए। इसी बीच पार्टी में अंदरूनी हालात बिगड़ते रहे लेकिन भाजपा नेताओं का उस पर ध्यान नहीं दिया।



अक्षय तृतीया महंगा होने पर भी चमका सोना

अक्षय तृतीया पर महंगा होने के बाद भी सोने की चमक ने खूब लुभाया। लोगों ने जमकर सोना खरीदा। सिविल लाइंस में हरसहायमल ज्वैलर्स के शोरूम में खरीदारों की भीड़। ● अमृत विचार

# उद्योगों के लिए बीडीए विकसित करेगा ट्रांसपोर्ट और वेयरहाउस की सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बाहरी इलाकों में एमएसएमई सेक्टर के लिए सुविधाएं बढ़ाने पर करेगा फोकस
- भविष्य में रात को भी शहर में भारी वाहनों की नो एंट्री लागू होने के मद्देनजर योजना

**अमृत विचार :** शहर में कई टाउनशिप विकसित करने के बाद बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) अब छोटे उद्यमियों को सुविधाएं देने पर फोकस करेगा। एमएसएमई सेक्टर के लिए बदायूं रोड पर विकसित की जा रही नई टाउनशिप में ही वेयरहाउस और ट्रांसपोर्ट की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। इसके साथ परसाखेड़ा से बदायूं रोड को जोड़ने के लिए प्रस्तावित नए बाईपास के पास भी इसी तरह की सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

रामगंगानगर, ग्रेटर बरेली, नाथ धाम टाउनशिप बनाने के बाद अब बीडीए ने बदायूं रोड पर लघु उद्योगों के लिए अलग सेक्टर बनाने के लिए सर्वे किया है। बीडीए उपाध्यक्ष मानिकनंदन ए ने बताया कि नाथ धाम इंटिग्रेटेड टाउनशिप के सर्वे के बाद बदायूं रोड पर लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) और परसाखेड़ा इंडस्ट्रियल एरिया के पास ट्रांसपोर्टनगर योजना में वेयरहाउस और लॉजिस्टिक परियोजना पर क्रियान्वयन का काम चल रहा है। बदायूं रोड पर नाथ धाम एमएसएमई इंडस्ट्रियल टाउनशिप का विस्तार करते हुए लॉजिस्टिक एवं वेयर हाउसिंग की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। ट्रासपोर्टनगर के अलावा अब परसाखेड़ा और बदायूं रोड पर एमएसएमई टाउनशिप में भी उद्यमियों के लिए सुविधाएं जुटाई जाएंगी। अफसरों का कहना है कि फिलहाल शहर के अंदर रात में भारी वाहन कॉलोनी में आते हैं और माल उतारकर चले जाते हैं। भविष्य में भारी वाहनों वाहनों की रात में भी शहर में नो एंट्री हो जाएगी। तब बीडीए की वेयरहाउसिंग और लाजिस्टक योजना काम आएगी।

इस योजना के तहत एमएसएमई सेक्टर में वेयरहाउस बनाने के लिए भूखंड दिए जाएंगे। लाजिस्टिक यानी वाहनों के जरिए सामान को शहर तक पहुंचाने की व्यवस्था भी ट्रांसपोर्टर कर सकेगें। एमएसएमई टाउनशिप में मोटर मैकेनिकों के लिए भी भूखंड होंगे। अफसरों का कहना है कि बाहर से आने वाला माल वेयरहाउस में उतरेगा और यहां से व्यापारी कभी भी उसे छोटे वाहनों के जरिए शहर ले जा सकेंगे। ट्रांसपोर्टर छोटे वाहनों को यहां रखकर अपना व्यवसाय बढ़ा सकेंगे।

## औद्योगिक क्षेत्रों में 980 करोड़ से होगा सुविधाओं का विकास

- यूपीसीडा ने नगर निगम, बीडीए और पीडब्ल्यूडी से मांगे प्रस्ताव

**बरेली, अमृत विचार :** यूपीसीडा भी 980 करोड़ की लागत से बरेली के औद्योगिक क्षेत्रों में सुविधाओं के विकास की तैयारी कर रहा है। इसके लिए यूपीसीडा की ओर से नगर निगम, बीडीए औरलोक निर्माण विभाग से रिपोर्ट मांगी गई है। जरूरी विकास कार्यों की डीपीआर भी तैयार की जा रही है।

कुछ महीने पहले औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए यूपीसीडा को बजट स्वीकृत किया जा चुका है लेकिन लोकसभा चुनाव होने के कारण यह प्रोजेक्ट जहां के तहां ठहर गया था। अब इस दिशा में अफसरों ने काम शुरू कर दिया है। शुक्रवार को यूपीसीडा की तरफ से नगर निगम से औद्योगिक क्षेत्रों में जरूरी विकास कार्यों के बारे में रिपोर्ट मांगी है। नगर निगम अफसरों के मुताबिक शहरी क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों की तरह औद्योगिक क्षेत्रों में भी पार्क, सड़क और स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था होगी। सीसीटीवी कैमरे भी लगाने के साथ सुरक्षा भी के पुख्ता इंतजाम होंगे। अगले सप्ताह नगर निगम के इंजीनियर और बीडीए के अधिकारी औद्योगिक क्षेत्रों का निरीक्षण करेंगे।

> यूपीसीडा को औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए कुछ महीने पहले बजट मिला था। अब विकास कार्यों के बारे में रिपोर्ट मांगी गई है। इसके लिए नगर निगम की एक टीम गठित कर दी गई है। अगले सप्ताह निरीक्षण भी किया जाएगा।
> -**पुनीत ओझा**, मुख्य अभियंता नगर निगम

**ये काम होंगे औद्योगिक क्षेत्रों में :** शहर के औद्योगिक क्षेत्रों के प्रवेश द्वार नाथ नगरी के प्रवेशद्वार की तरह बनाए जाएंगे। इसके अलावा यहां सीसीटीवी कैमरे, लैंडस्कैपिंग और बूम बैरियर लगाने के साथ कई और काम होंगे। सड़कें बनाने के साथ स्ट्रीट लाइटें भी लगाई जाएंगी।

# सपा ने हाईकमान को भेज दी भितरघातियों की सूची

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मतदान के आधार पर निष्क्रिय पदाधिकारियों पर भी कार्रवाई की तलवार

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी में भितरघात का अंदेशा पहले से ही था और ऐसा हुआ भी। पार्टी नेताओं के मुताबिक भितरघातियों की सूची हाईकमान को भेज दी गई है। उन पर कार्रवाई होना तय बताया जा रहा है। इसके साथ निष्क्रिय पदाधिकारियों की भी सूची तैयार की गई है।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक चुनाव में सपा के कई पदाधिकारियों ने पार्टी की नीतियों के विपरीत काम किया। चुनाव के बीच उन्हें आगाह भी किया गया लेकिन वे बाज नहीं आए। विरोधी राजनीतिक दल की साठगांठ से उन्होंने पार्टी प्रत्याशी को नुकसान पहुंचाया है। इन नेताओं की सूची तैयार करके मुख्यालय भेज दी गई है। बताया जा रहा है कि चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद इन भितरघातियों पर कार्रवाई होगी।

उधर, निष्क्रिय पदाधिकारियों पर भी कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है। दरअसल कई जगह काफी कम मतदान हुआ है। पार्टी ने वन बूथ 20 यूथ का नारा देकर मतदान बढ़ाने के लिए बूथ अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी ओर जोन प्रभारी को जिम्मेदारी दी थी लेकिन मतदान वाले दिन वे वोटरों को बूथ तक नहीं ला सके। अब समीक्षा की जाएगी कि किस पार्षद, पदाधिकारी और नेता के बूथों पर पार्टी की क्या स्थिति रही। पार्षदों का कहना हैकि हिंदू बहुल इलाके में गर्मी की वजह से पार्टी के वोट कम निकले हैं। पार्षद शमीम अहमद का कहना है कि उन्होंने कई लोगों घर से निकालकर मतदान करवाया है।

# गंगा सतलुज 14 और गोरखपुर स्पेशल 20 घंटे से ज्यादा लेट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- किसान आंदोलन की वजह से 23 दिनों से ट्रेनों का संचालन हो रहा प्रभावित

**अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर ट्रेनों के देरी से पहुंचने के रिकार्ड टूट रहे हैं। शुक्रवार को गोरखपुर स्पेशल 20 घंटे तो गंगा सतलुज 14 घंटे की देरी से पहुंची। किसान आंदोलन की वजह से 23वें दिन भी 30 से अधिक ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा।

जंक्शन पर 05006 गोरखपुर समर स्पेशल 20 घंटे 35 मिनट, 13152 सियालदह 10 घंटे, 12318 अकाल तख्त पांच घंटे 48 मिनट, 14618 जनसेवा 10 घंटे, 14674 शहीद चार घंटे 40 मिनट, 13308 गंगा सतलुज 14 घंटे 26, 13006 पंजाब मेल दो घंटे 18 मिनट, 12470 जम्मूतवी कानपुर सेंट्रल चार घंटे 45 मिनट, 05655 गुवाहटी समर स्पेशल 11 घंटे 31 मिनट की देरी से पहुंची, जबकि 12332 हिमगिरी एक्सप्रेस 14 घंटे 32 मिनट के देरी से चल रही थी। वहीं शनिवार को 12588 गोरखपुर सुपरफास्ट, 14650 सरयू यमुना एक्सप्रेस आदि ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।



बरेली जंक्शन पर ट्रेन के इंतजार में परेशान होते यात्री। ● फाइल फोटो

### ट्रेनों में भीड़ की वजह से बढ़ाए कोच

मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि ट्रेन संख्या 14207 पद्मावत एक्सप्रेस में 11 मई को और 13 से 17 मई तक, 14208 पद्मावत एक्सप्रेस में 14 मई को और 16 से 20 मई तक, 14205 अयोध्या कैंट दिल्ली एक्सप्रेस में 13 मई को और 15 से 19 मई तक, 14206 दिल्ली अयोध्या कैंट एक्सप्रेस में 12 मई और 14 से 18 मई तक एक-एक स्लीपर कोच अतिरिक्त लगाया जाएगा।




# जिले के भाजपा नेताओं को प्रवासी बनाकर भेजा

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में चुनाव होने के बाद भाजपा ने नेताओं को दूसरे जिलों में लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों का प्रवासी बनाकर भेजा गया है।

बाराबंकी और गोंडा में पांचवे चरण के तहत 20 मई को वोट डाले जाएंगे। ऐसे में संगठन ने बरेली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार को लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी का प्रवासी बनाकर भेजा है। इसके अलावा बरेली के जिलाध्यक्ष पवन शर्मा को गोंडा सदर विधानसभा क्षेत्र प्रवासी के साथ प्रधानमंत्री की रैली के सह संयोजक की भी जिम्मेदारी मिली है। वहीं, आंवला के जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह को चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र का प्रवासी बनाया गया है। इसके अलावा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी (सूफी संवाद) एवं उत्तर प्रदेश राज्य हज कमेटी के सदस्य डॉ. सैयद एहतेशाम उल हुदा को बाराबंकी के विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़ का प्रवासी बनाया गया। शुक्रवार को सभी नेताओं ने लखनऊ स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय पर पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से मुलाकात की। इसके बाद सभी लोग अपनी-अपनी विधानसभा के लिए रवाना हो गए।

# अब बाकरगंज में तौलकर डंप किया जाएगा कूड़ा, सीसीटीवी कैमरों से भी होगी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कूड़ा ढोने वाले वाहनों से बड़े पैमाने पर तेल चोरी की पुष्टि के बाद लागू की नई व्यवस्था
- अफसरों ने निगरानी की योजना बनाई, बाकरगंज में लगी तौल मशीन

**अमृत विचार :** शहर से निकलने वाला कूड़ा बाकरगंज में डंप करने के लिए लगाए गए नगर निगम के वाहनों से बड़े पैमाने पर डीजल चोरी की छानबीन में पुष्टि हुई है। अब तेल का यह खेल रोकने के इंतजाम किए जा रहे हैं। नगर निगम के अफसरों ने डंपिंग ग्राउंड में कूड़ा डंप करने से पहले उसकी तौल कराने की व्यवस्था लागू की है। सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी कराई जाएगी ताकि पुष्टि हो सके कि रोज कितने वाहन डंपिंग ग्राउंड पर आ-जा रहे है। यह व्यवस्था शुक्रवार को लागू कर दी गई है।

शहर से हर रोज 450 मीट्रिक टन कूड़ा निकलता है जिसे डलावघरों से बाकरगंज डंपिंग ग्राउंड तक ले जाने के लिए नगर निगम ने 125 से ज्यादा वाहन लगा रखे हैं। इन वाहनों को पर्ची के माध्यम से शहर के कुछ पेट्रोल पंपों पर तेल मिलता है। इस मद में नगर निगम हर महीने करीब 93 लाख रुपये खर्च करता है। कई बार तेल चोरी के आरोप लगे लेकिन इतनी मोटी रकम खर्च होने के बाद नगर निगम ने अब तक इसकी निगरानी के लिए कोई इंतजाम नहीं कर रखा था।

पिछले दिनों नगर निगम के अफसरों ने छानबीन कराई तो पता चला कि कागजी खानापूरी कर वाहनों के चालक बड़े पैमाने पर डीजल चोरी कर अपनी जेबें भर रहे हैं। इसके बाद वाहनों की निगरानी की योजना तैयार की गई। नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को हर रोज शहर से डंपिंग ग्राउंड में जाने वाले कूड़ा गाड़ियों की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। इसमें उल्लेख करना होगा कि हर दिन डंपिंग ग्राउंड पर कितने वाहनों से कितना कूड़ा पहुंचाया गया।

### महीने दर महीने बढ़ा कूड़ा वाहनों का तेल का खर्च तो कराई गई थी गोपनीय जांच

नगर निगम की कूड़ा गाड़ियों का तेल का खेल इससे पहले 2014 में पकड़ा गया था। अब इधर काफी समय से कूड़ा उठाने वाले वाहनों का डीजल खर्च हर माह बढ़ता जा रहा था। यह बात अफसरों के नोटिस में आने के बाद गोपनीय जांच कराई गई तो पता चला कि डंपिंग ग्राउंड पर कूड़ा डालने वाले वाहनों से तेल निकालकर बड़े पैमाने पर बेच दिया जा रहा है। बिना कूड़ा उठाए ही वाहनों की पर्ची बनवाकर तेल की खरीदारी भी की जा रही थी।




> कूड़े-कचरे को बाकरगंज में डंप करने से पहले तौला जाएगा। इसके लिए कांटा लगा दिया गया है। सीसीटीवी से भी निगरानी होगी। हर रोज रिपोर्ट भी तैयार की जाएगी।
> - **सुनील कुमार यादव**, अपर नगर आयुक्त

# दिन में लुढ़का तो रात का बढ़ा तापमान

- मौसम विभाग ने 12 मई तक बादल छाए रहने और बारिश का जताया है पूर्वानुमान

**बरेली, अमृत विचार :** जिले के मौसम में बदलाव की वजह से तेज हवा और बादल छाए रह रहे हैं लेकिन बारिश अब तक नहीं हुई है। मौसम विभाग ने 12 मई तक बादल छाए रहने और बारिश का पूर्वानुमान जताया है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट और न्यूनतम में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 37 .1 और न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 25 .5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह वातावरण में नमी 54 और शाम को 45 फीसदी रही। हवा की गति 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटा रही। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में तेज हवा, गरज-चमक के साथ बारिश हो रही है। इसकी वजह से मौसम में बदलाव आया है। हालांकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश की स्थितियां बन रही हैं। अभी तीन दिन तक हल्की बूंदाबांदी का पूर्वानुमान है। इस दौरान औसतन अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने का अनुमान है।









शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# सीबीगंज प्रकरण में झेला था मुख्यमंत्री का कोप, फतेहगंज पूर्वी मामले में भूले

## किशोरी की हत्या के मामले में थाना प्रभारी की लापरवाही साफ, फिर भी जांच का बहाना

कार्यालय संवाददाता, बरेली


सीबीगंज की घटना में घायल छात्रा को देखने पहुंचे थे डीएम और एसएसपी।

- फतेहगंज पूर्वी जैसे ही आरोप लगे थे सीबीगंज की घटना में, छात्रा के कट गए थे हाथ-पैर
- मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद इंस्पेक्टर और हल्का दरोगा को किया गया था निलंबित

**अमृत विचार :** फतेहगंज पूर्वी में किशोरी के ट्रेन से कटकर मौत के मामले में ठीक वैसे ही आरोप लगे हैं जैसे सीबीगंज में एक छात्रा के मामले में लगे थे। उस मामले में भी पुलिस ने ऐसी ही लापरवाही की थी जिस पर बरेली के शीर्ष अधिकारियों को मुख्यमंत्री की नाराजगी का शिकार होना पड़ा था लेकिन इसके बावजूद फतेहगंज पूर्वी के मामले में पुलिस ने लापरवाही की हद पार कर दी। पुलिस के अधिकारी भी जांच में मामले को उलझाकर लीपापोती करने की कोशिश कर रहे हैं।

सीबीगंज में 10वीं में पढ़ने वाली छात्रा को ट्रेन के आगे फेंकने की घटना 10 अक्टूबर 2023 को हुई थी। छात्रा घर से कोचिंग पढ़ने निकली थी, रास्ते में रेलवे क्रॉसिंग के पास गांव के ही एक युवक ने उसके साथ छेड़खानी की थी और विरोध करने पर उसे ट्रेन के आगे धक्का दे दिया था। इस घटना में उसके दोनों पैर और एक हाथ कट गया था। घटना की सूचना दिए जाने के बाद सीबीगंज पुलिस कई घंटे तक मौके पर नहीं गई। जिले के अफसरों ने भी घटना का कोई संज्ञान नहीं लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामला जानकारी में आने के बाद कड़ी नाराजगी जताई थी जिसके बाद अफसर हरकत में आए और इंस्पेक्टर सीबीगंज और हल्का दरोगा को निलंबित कर दिया। ठीक इसी तरह की लापरवाही फतेहगंज पूर्वी की पुलिस ने की लेकिन संभवतः मुख्यमंत्री के चुनाव में व्यस्त होने का नतीजा है कि इस मामले में अफसर भी उतनी तत्परता से कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

बता दें कि फतेहगंज पूर्वी की एक किशोरी की बुधवार को ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी। किशोरी की मां ने इलाके के ही फरियाद हुसैन नाम के युवक पर उसे कॉलेज जाते समय अगवा करके दुष्कर्म करने और विरोध करने पर ट्रेन के आगे फेंक देने का आरोप लगाया था।

फतेहगंज पूर्वी पुलिस को घटना के कुछ ही देर बाद सूचना दे दी गई लेकिन पुलिस रात तक शाहजहांपुर के कटरा थाना क्षेत्र में घटना होना बताकर कार्रवाई करने से बचती रही। नतीजा यह हुआ कि किशोरी के शव का कटरा पुलिस ने ही पोस्टमार्टम कराया लेकिन पंचनामे में दुष्कर्म का जिक्र न किए जाने से डॉक्टरों ने उसकी स्लाइड नहीं बनाई। लिहाजा दुष्कर्म के आरोपों की पुष्टि के लिए कोई रास्ता ही नहीं रह गया।

अफसर भी इस मामले में देर से जागे। जांच कराई तो घटनास्थल फतेहगंज पूर्वी में ही निकला। रात दो बजे अपहरण और दुष्कर्म के आरोपों में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई, लेकिन तब जब पोस्टमार्टम के दौरान स्लाइड न बनाए जाने से दुष्कर्म साबित करना मुश्किल हो चुका था। पुलिस की फजीहत होने के बाद बृहस्पतिवार को एसएसपी ने एसपी देहात मानुष पारीक को फतेहगंज पूर्वी के थाना प्रभारी की भूमिका की जांच का निर्देश दिया। अब सवाल उठ रहा है कि जब थाना प्रभारी की लापरवाही साफ है तो कार्रवाई को जांच के बहाने टाला क्यों जा रहा है।

### आरोपी को जेल भेजा, एसपी देहात बोले- थाना प्रभारी का लेंगे बयान

पुलिस ने आरोपी फरियाद को शुक्रवार को ही गिरफ्तार कर लिया था जिसे शनिवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। एसपी देहात दक्षिणी मानुष पारीक का कहना है कि मामले में लापरवाही हुई है। इसी कारण घटना के बाद कार्रवाई करने में भी देरी हुई है। अब सभी पहलुओं पर भी जांच की जा रही है। थाना प्रभारी का बयान दर्ज किया जाएगा। जल्द जांच पूरी कर रिपोर्ट एसएसपी को सौपेंगे। इस मामले में जो दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एक और हादसा मांझे से बाइक सवार की गर्दन कटी


मांझे से गर्दन कटने से घायल सुधीर।

**बरेली, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में एसबी इंटर कॉलेज के पास बाइक सवार की चाइनीज मांझे से गर्दन कट गई। बाइक सवार को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गर्दन में छह टांके आए। एक दिन पहले कुतुबखाना पुल पर दरोगा की चाइनीज मांझे से गर्दन कट गई थी।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के गांव अंगूरी ठाकुरान निवासी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि वह गुरुवार को शाम छह बजे चौपुला पुल से कोतवाली की तरफ जा रहे थे। इस बीच एसबी इंटर कॉलेज के पास पहुंचे थे कि उनके हेलमेट के ऊपर माझा गिरा और उनकी गर्दन में फंस गया, जिससे उनकी गर्दन कट गई। इलाज के दौरान उनके गले में छह टांके लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि वह डीएम से शिकायत कर चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाने की मांग करेंगे।

# भाभी को जेल भेजा, मुख्य आरोपी आज पहुंचेगा बरेली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फतेहगंज पश्चिमी के गांव सफरी में दो बहनों की खुदकुशी का मामला
- पुलिस ने पीड़ित परिवार के सभी सदस्यों और ग्रामीणों के दर्ज किए बयान

**अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी के गांव सफरी में दो सगी बहनों को कथित रूप से आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी आकाश कोल्हापुर से शनिवार सुबह तक बरेली पहुंच जाएगा। पुलिस ने उसकी भाभी चांदनी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। शनिवार को पुलिस ने पीड़ित परिवार के सदस्यों के भी बयान दर्ज किए।

फतेहगंज पश्चिमी के गांव सफरी में सगी बहन तुलसी और कल्पना बुधवार को घर में ही फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। दोनों के पिता उत्तम कुमार ने पड़ोस में रहने वाले आकाश मौर्य और उसकी भाभी चांदनी पर उन्हें आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने चांदनी को गिरफ्तार कर लिया था। कोल्हापुर में काम करने वाले आकाश को भी फोन कर थाने आने को कहा था। आकाश ने पहले तो बरेली आने से साफ इन्कार कर दिया लेकिन भाभी और पिता के हिरासत में होने की बात पता लगने पर तैयार हो गया। पुलिस के मुताबिक वह जिस ट्रेन से आ रहा है, वह आठ घंटे लेट है। इस कारण वह शुक्रवार के बजाय शनिवार सुबह बरेली पहुंचेगा।

उधर, थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने शनिवार को उन्होंने उत्तम के परिवार के सभी सदस्यों के बयान दर्ज किए। गांव के लोगों से भी लंबी पूछताछ की। शुक्रवार को उत्तम की दोनों शादीशुदा बेटियां भी मायके पहुंच गई। पुलिस ने उनके भी बयान दर्ज किए। उत्तम की पत्नी ने उनके बयान दर्ज करने का हल्काफुल्का विरोध भी किया लेकिन पुलिस के समझाने पर शांत हो गई।

### दोनों बहनों का शव उतार लिया था नीचे, एक का फिर लटकाया

पुलिस की जांच में पता चला कि घरवालों ने दोनों बहनों को फंदे से उतार लिया था लेकिन ग्रामीणों के समझाने के बाद पुलिस को सूचना देने के साथ छोटी बेटी तुलसी को दोबारा फंदे पर लटका दिया। पुलिस पहुंचने के बाद उत्तम ने शव को फिर नीचे उतारा। उस दौरान कराई गई वीडियो रिकार्डिंग को देखकर पुलिस जांच कर रही है। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडे ने बताया कि चांदनी ने पूछताछ में बताया कि आकाश उसका चचेरा देवर है। उसने एक बार तुलसी से मिलवाने को कहा था जिस पर उसने उसे मिलवा दिया था। इसके बाद आकाश ने तुलसी को एक फोन दिया था। होली से एक दिन पहले तुलसी के घरवालों ने फोन पकड़ लिया तो दोनों परिवारों में लड़ाई हुई। आकाश नौकरी करने बाहर चला गया। अब वह उससे बातचीत नहीं करती। चांदनी ने बताया कि तुलसी आकाश से शादी करना चाहती थी, लेकिन घर वाले राजी नहीं थे। इसलिए वह खाना भी नहीं खा रही थी। इसी वजह से उसने आत्महत्या कर ली।

> आरोपी महिला को गिरफ्तार कर पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। मुख्य आरोपी भी शनिवार तक बरेली पहुंच जाएगा। पुलिस ने पीड़ित परिवार के बयान दर्ज किए हैं। हर पहलू पर जांच की जा रही है।
> – मुकेश मिश्रा, एसपी देहात उत्तरी

# मलेरिया के संवेदनशील इलाकों में तैनात होंगी एमएमयू

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में मलेरिया की रोकथाम के लिए संवेदनशील इलाकों में एमएमयू (मेडिकल मोबाइल यूनिट) यूनिट सक्रिय की जाएंगी। यह अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को मलेरिया से बचाव के प्रति जागरूक करेंगे। कोविड के दौरान एमएमयू ने अहम जिम्मेदारी निभाई थी। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि जिले के मीरगंज, नवाबगंज, शेरगढ़ समेत पांच ब्लॉक मलेरिया के मामलों को लेकर सवंदेनशील घोषित हैं। हर साल यहां बड़ी संख्या में मरीज सामने आते हैं। इन ब्लॉकों के अंतर्गत आने वाले गांवों में एमएमयू स्क्रीनिंग करेंगी। एमएमयू में एक डॉक्टर, फार्मासिस्ट समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहेगा।

# जीएसटी छापा: बिजली के सामान की दुकान पर पकड़ा गया फर्जीवाड़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सुबह से देर रात तक जांच, फर्जी बिल जारी करने का खुला खेल
- मौके पर 15 लाख रुपये का जमा कराया जुर्माना, कर चोरी जांच


दुकान पर जांच करती जीएसटी विभाग की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जीएसटी विभाग की टीम ने शुक्रवार को प्रेमनगर में इलेक्ट्रिकल सामान की दुकान पर छापा मारा। सुबह से देर रात तक जांच के बाद मौके पर ही व्यापारी से 15 लाख रुपये का जुर्माना जमा कराया गया। जांच में खुलासा हुआ कि फर्जी फर्म बनाकर फर्जी बिल जारी किए जाते थे। जांच पूरी होने के बाद ही पता चल सकेगा कि कितने की कर चोरी पकड़ी गई है।

डिप्टी कमिश्नर अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि ज्वाइंट कमिश्नर अवधेश सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को प्रेमनगर स्थित इलेक्ट्रिकल गुड्स विक्रेता और सप्लायर अशोक इलेक्ट्रिकल्स एवं होम डेकोर की दुकान पर छापा मारा गया। बताया कि इलेक्ट्रिकल सामानों की बिक्री ठेकेदारों को की जाती है। जांच में पता चला कि हर साल करीब 15 करोड़ रुपये का व्यापार किया जाता है, लेकिन अत्यधिक मूल्य संवर्धन व्यापार होने के बावजूद लगभग सभी देय कर का समायोजन आईटीसी से किया जा रहा था। जांच में मिला कि व्यापारी की ओर से दिल्ली में सरकुलर ट्रेडिंग के माध्यम से जीएसटी चोरी के लिए फर्जी फर्मों से फर्जी बिल बनाए जा रहे थे। उन्होंने बताया कि जांच में पाए गए तथ्यों के आधार पर व्यापारी ने अपनी भूल स्वीकार करते हुए मौके पर ही 15 लाख रुपये डीआरसी-3 के माध्यम से जमा कर दिया। उन्होंने बताया कि जांच अभी चल रही है। व्यापारी की ओर से कितने की कर चोरी की गई है, यह जांच पूरी होने के बाद ही पता चल सकेगा।

# डॉक्टर साहिबा फोन पर बात करती रहीं, चोर ले उड़ा पर्स

- तीन सौ बेड अस्पताल परिसर में कार की बोनट पर रखा था पर्स

**बरेली, अमृत विचार :** तीन सौ बेड अस्पताल में शुक्रवार को महिला डॉक्टर का पर्स चोरी हो गया। लोगों ने चोर को पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह दीवार कूदकर भाग गया।

अस्पताल परिसर में बने आवास से डॉ. सुविका ड्यूटी पर आने के लिए बाहर आईं। इसी दौरान मोबाइल पर कॉल आने पर वह बात करने लगीं और थैले को अपनी कार के बोनट पर रख दिया। थैले में उनका पर्स रखा हुआ था। इसी दौरान अस्पताल की दीवार कूदकर एक युवक आया और उनका पर्स उठाकर फरार हो गया। जब युवक पर्स चोरी करने के बाद दीवार पर चढ़ रहा था उन्होंने शोर मचाया लेकिन तब तक चोर फरार हो गया। डॉक्टर ने प्रभारी सीएमएस और स्टाफ को सूचना दी। सीसीटीवी फुटेज भी चेक किए लेकिन युवक की पहचान नहीं हो सकी।

# पुलिस से शिकायत की तो युवक पर सट्टेबाज ने चढ़ा दी कार

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर के मुड़िया अहमदनगर में एक सट्टेबाज ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक युवक पर स्कॉर्पियो कार चढ़ा दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना इज्जतनगर पुलिस ने सट्टेबाज समेत चार आरोपियों के खिलाफ हत्या की कोशिश समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मुड़िया अहमदनगर निवासी रविन्द्र यादव ने बताया कि उनका भाई मुकेश यादव ने गांव के पंकज की पुलिस में कई बार सट्टा खिलवाने की शिकायत की थी। पंकज पर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। जिससे वह रंजिश मानता था। आरोप है कि बुधवार की शाम करीब 7 बजे उनका भाई मुकेश यादव विलयधाम चौराहे पर खड़ा था। इसी दौरान पंकज अपने दोस्त आशुतोष, अजयपाल यादव और सुमित के साथ आया और भाई पर स्कॉर्पियो कार चढ़ा दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# चार घंटे में ठीक हो सकी लो वोल्टेज की समस्या

- ब्रह्मपुरा, जाटवपुरा, पटेल विहार में लोग हुए परेशान
- पटेल विहार में केबल ठीक करने के बाद भी पूरी आपूर्ति नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** ब्रह्मपुरा, जाटवपुरा, प्रेमनगर आदि इलाकों में शुक्रवार को लो वोल्टेज की समस्या रही। लोगों की शिकायत के बाद करीब चार घंटे बाद फाल्ट ठीक हुआ। इसके अलावा बदायूं रोड पर पटेल विहार में दो दिन पहले जली बिजली की केबल को सही करने के बाद भी पूरी तरह से आपूर्ति नहीं की जा रही है।

नीलांचल त्रिवेदी ने एक्स पर शिकायत करते हुए कहा कि पटेल विहार में 7 मई से ही समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि केवल आधा घंटा के लिए बिजली आती है और तीन से चार घंटे गुल रहती है। अधिशासी अभियंता अमित आनंद ने बताया कि पटेल विहार क्षेत्र में ट्रांसफार्मर में केबल जल जाने से दो दिन आपूर्ति में दिक्कत हुई थी। उसके बाद एक दिन का शटडाउन लेकर जो कमी हुई थी उसे दूर कराकर बिजली आपूर्ति अब बेहतर तरीके से दी जा रही है। मठ लक्ष्मीपुर में भी बिजली आपूर्ति बाधित होने की शिकायत की गई।

### मलूकपुर में आज पांच घंटे नहीं आएगी बिजली

बिजली विभाग की तरफ से शनिवार को भी बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की जानकारी दी है। शनिवार को मलूकपुर इलाके में पांच घंटे से अधिक बिजली गुल रहेगी। आरडीडीएस योजना के तहत शहर के प्रथम डिवीजन से जुड़े कुतुबखाना उपकेंद्र के फीडर सिटी स्टेशन पर काम होने की वजह से सुबह साढ़े 9 से दोपहर साढ़े 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

# रेल भोजनालय में ढंग का खाना मिलना मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, बरेली



खूब किया था प्रचार पर खाना बेकार।



भोजनालय पर लगी रेट लिस्ट।

- निजी एजेंसी को दिया गया है आईआरसीटीसी संचालित भोजनालय का ठेका
- मेन्यु लंबा-चौड़ा लेकिन उपलब्ध होती हैं नाममात्र की चीजें

**अमृत विचार:** बरेली जंक्शन पर रेल भोजनालय में ढंग का खाना नहीं मिल रहा है। भोजनालय की सूची में शामिल व्यंजन भी मौजूद नहीं है।

करीब चार साल तक बंद रहे जंक्शन स्थित भोजनालय का संचालन पिछले साल दोबारा शुरू किया गया था। भोजनालय का संचालन आईआरसीटीसी करता है और इसका ठेका प्राइवेट एजेंसी को दिया गया है। आईआरसीटीसी ने मेन्यू भी निर्धारित किया गया है लेकिन चुनिंदा खानपान की वस्तुओं को छोड़कर अन्य वस्तुएं मिलती ही नहीं हैं। गुरुवार को अमृत विचार की टीम ने भोजनालय का जायजा लिया तो कई व्यंजन मौजूद ही नहीं हैं। काउंटर पर बैठे शख्स से ब्रेड मक्खन-कटलेट, ब्रेड मक्खन-ऑमलेट, अंडाकरी, कचौरी, प्याज पकौड़ा, मसाला डोसा, खिचड़ी, राजमा, छोले कुलचे, मसाला डोसा, वेज बिरयानी, अंडा बिरयानी, चिकन बिरयानी जैसी चीजें मांगीं गईं तो साफ मना कर दिया। मेन्यू में शामिल कई भोजन तो कभी भोजनालय में बने ही नहीं है। इसके अलावा ई-कैटरिंग की सुविधा तक उपलब्ध नहीं है।

पेंट्रीकार में थालियां देने पर जोर

भोजनालय की ठेका एजेंसी का जोर है कि ज्यादा से ज्यादा थालियों की आपूर्ति पेंट्रीकार के अंदर की जाए। ट्रेन के पेंट्रीकार ठेकेदार की ओर से यात्रियों से ऑर्डर लेकर जंक्शन भोजनालय पर थालियां बुक कर दी जाती हैं। जंक्शन पर ट्रेन आने पर इनकी आपूर्ति कर दी जाती है। इकट्ठी थालियां जाने से भोजनालय ठेकेदार को मुनाफा होता है, क्योंकि इसमें ठेकेदार अपनी मनमर्जी का खाना परोस सकते हैं।

### अब जंक्शन पर मिलेगा ताजा खाना, ट्रालियों पर लगेगा इंडक्शन

**बरेली,अमृत विचार :** बरेली जंक्शन की खानपान ट्रालियों में इंडक्शन चूल्हा लगाया जाएगा। इससे यात्रियों को ताजा खाना भी मिल सकेगा। वाणिज्य विभाग और इलेक्ट्रिक विभाग की टीमें सर्वे कर संयुक्त रूप से रिपोर्ट तैयार कर रही हैं। सुरक्षा के मद्देनजर स्टेशन की ट्रॉलियों पर एलपीजी सिलेंडर से भोजन तैयार करने पर पाबंदी है। ट्रॉली ठेकेदार बाहर से समोसा, पकौड़ा आदि तैयार करवाकर स्टेशन पर बेचते हैं। मंडल की ओर से इन सभी खाने पीने की वस्तुओं को स्टेशन पर ही तैयार कराने के लिए जंक्शन के अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को सीएमआई राकेश कुमार सिंह ने रेलवे के बिजली विभाग के अधिकारियों साथ संयुक्त रूप से सर्वे किया। उन्होंने बताया कि स्टेशन पर 26 ट्रॉलियां हैं। इनमें जिन ट्रॉलियों पर जनता खाना बिकता है उनको बिजली का कनेक्शन दिया जाएगा, ताकि ट्रॉली संचालक स्टेशन पर ही भोजन तैयार कर सकें। सीएमआई ने नक्शे के मुताबिक ट्रॉलियों की पोजिशनिंग चेक की तो गड़बड़ी मिलने के बाद ठेकेदार को सुधार के निर्देश दिए।

### ओवर रेटिंग की शिकायत मिलने पर कार्रवाई

बरेली जंक्शन पर वाणिज्य विभाग के अधिकारियों को ओवर रेटिंग की शिकायत मिली थी। आरोप है कि 15 रुपये की पानी की बोतल को 20 रुपये में बेचा जा रहा था। इसके बाद संबंधित स्टॉल पर तैनात वेंडर का मेडिकल और लाइसेंस कैंसिल कर दिया गया। वेंडर स्टेशन पर दोबारा काम नहीं कर सकेगा।

> भोजनालय का संचालन आईआरसीटीसी द्वारा किया जाता है। अगर मेन्यू के मुताबिक व्यंजन यात्रियों को नहीं दिए जा रहे हैं तो इसे चेक कराया जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई होगी।
> –आदित्य गुप्ता, सीनियर डीसीएम, मुरादाबाद

# एजुकेशन लोन के लिए बैंकों में कतारें शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिले में अब तक 20 से अधिक अभिभावकों ने ऋण के लिए किया आवेदन

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड और सीआईएससीई के 12वीं के परिणाम जारी होने के बाद छात्रों ने स्नातक की पढ़ाई की तैयारी शुरू कर दी है। अभिभावक छात्रों की बेहतर उच्च शिक्षा के लिए बैंकों से लोन लेने की जानकारी कर रहे हैं और कई ने आवेदन भी किए हैं। अभिभावकों की परेशानी कम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों में विद्या लक्ष्मी पोर्टल के लिए अलग काउंटर की व्यवस्था करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

बैंक अधिकारियों के अनुसार इस वित्तीय वर्ष में शिक्षा ऋण के लिए 107.52 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया है। अब तक 20 से अधिक लोगों ने ऋण के लिए आवेदन किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की अंतिम तिमाही में 117 लोगों को 20 करोड़ रुपये का ऋण आवंटित किया गया, जबकि पूरे वर्ष में 1485 लोगों को 117 करोड़ रुपये का ऋण आवंटित किया गया। भारतीय स्टेट बैंक के ऋण विभाग के रितेश कुमार ने बताया कि उच्च शिक्षा के लिए ऋण को दो श्रेणी स्कॉलर और विद्यार्थी ऋण में आवंटित किया जाता है। जिनमें स्कॉलर ऋण में आईआईटी, आईआईएम, एम्स में प्रवेश होने पर कोई गारंटर नहीं लगता है। वहीं, विद्यार्थी ऋण में सात लाख रुपये तक कोई गारंटर आवश्यक नहीं होता है। इसके ऊपर इंजीनियरिंग के लिए 20 लाख और मेडिकल की पढ़ाई के लिए 30 लाख तक ऋण के साथ ही प्रापर्टी बंधक अनिवार्य है। वहीं ग्लोबल एडवांटेज विदेश में पढ़ाई के लिए आवंटित किया जाता है, जिसमें डेढ़ करोड़ रुपये तक ऋण आवंटित किया जा सकता है। एलडीएम वीके अरोरा ने बताया कि शिक्षा ऋण के लिए किसी भी अभिभावकों को परेशानी न हो इसके लिए प्रत्येक बैंक में अलग काउंटर की व्यवस्था के लिए निर्देशित दिए गए हैं। अभिभावक अन्य जानकारी के लिए विद्या लक्ष्मी पोर्टल पर जानकारी कर सकते हैं।

# हार्ट वार्ड में नया वार्ड बनाकर भर्ती किए डायरिया ग्रसित बच्चे


हार्ट वार्ड में बनाया नया वार्ड।

- जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में मरीज अधिक होने पर बेंच पर लिटाकर कर रहे थे इलाज

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के हार्ट वार्ड में भी अब बच्चों को भर्ती किया जाएगा। बच्चा वार्ड में बेड कम पड़ने की वजह से बच्चों को बेंच पर लिटाना पड़ रहा था। अब हार्ट वार्ड में 10 बेड का नया वार्ड बनाया गया है।

मौसम में लगातार बदलाव की वजह से बच्चे लगातार बुखार और डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। गुरुवार को 26 बेड के वार्ड में 47 बच्चे भर्ती हुए थे, जिसकी वजह से बच्चों का बेंच पर लिटाकर इलाज किया गया था। अमृत विचार ने इस समस्या को प्रमुखता से उठाया था। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल के हार्ट वार्ड में 10 बेड का एक अलग वार्ड बनाकर बच्चे भर्ती किए गए। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने शुक्रवार को वार्ड के निरीक्षण के दौरान दोनों वार्डों की नर्सिंग प्रभारियों को जरूरी निर्देश दिए।

# कसूर पुलिस का... बेकसूरों को काटनी पड़ती है जेल

## राघव जैसे कई और लोग जिन्हें पुलिस की कमजोर विवेचना की वजह से लंबे समय रहना पड़ा जेल में

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राघव की कहानी इसलिए मिसाल बन गई क्योंकि अदालत ने उन पर दुष्कर्म का झूठा आरोप लगाने वाली लड़की को भी उतने ही दिन जेल में रहने की सजा सुनाई, जितने समय राघव को जेल में रहना पड़ा था। हालांकि राघव अकेले ऐसे नहीं हैं जिन्हें बेकसूर होते हुए भी सजा काटनी पड़ी। बेकसूर लोगों की जिंदगी तबाह कर देने वाले कई और केस हैं जो न्याय प्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। खासतौर पर पुलिस की कमजोर विवेचनाओं पर।

नेकपुर में किराए के मकान में रहने वाले अजय उर्फ राघव पर 2019 में एक महिला ने थाना बारादरी में अपनी बेटी को दिल्ली ले जाकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद 1653 दिन तक जेल में काटने के बाद राघव 4 मई 2024 को बेगुनाह साबित हो पाए। घर के इकलौते बेटे राघव जब जेल गए थे, तब उनकी उम्र 20 वर्ष थी। मूल रूप से फिरोजाबाद के राघव पिता के निधन के बाद मां और दो बहनों के साथ बरेली आकर जागरण में झांकी सजाकर परिवार का पेट भर रहे थे। उनके जेल जाने से परिवार रोटी तक के लिए मोहताज हो गया, वकील की फीस कहां से भरते। हालत पर तरस खाकर वकील नवीन बिन गोस्वामी ने ही उनकी मदद शुरू कर दी। आखिर में राघव को ऐतिहासिक न्याय भी दिलाया।

### पत्नी की हत्या के आरोप मे डेढ़ साल जेल काटकर हुए बरी

**केस 1**

वर्ष 2020 में भमोरा के गांव निताई में एक महिला के आत्महत्या करने के बाद उसके भाई ने थाना भमोरा में बहनोई नवल किशोर, उनके माता-पिता और बहन पर दहेज हत्या का केस दर्ज करा दिया। नवल किशोर करीब डेढ़ वर्ष जेल मे रहने के बाद जमानत पर रिहा हुआ था। 29 अप्रैल को स्पेशल कोर्ट एससी/एसटी एक्ट ने नवल किशोर और उनके परिजनों को दोषमुक्त करार दिया। मुकदमा दर्ज कराने वाला रामगोपाल गवाही में आरोपों से मुकर गया। इस पर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कारण बताओं नोटिस भी जारी किया गया।

> पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करती है। प्रयास रहता है कि किसी भी निर्दोष पर कानूनी कार्रवाई न हो। ऐसे मामलों से बचने के लिए आपराधिक न्याय प्रणाली को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। विवेचना के दौरान पाया जाता है कि कोई निर्दोष है तो केस से उसका नाम बाहर निकाल दिया जाता है। दोषी को सख्त सजा दिलाने के लिए पुलिस साक्ष्यों के आधार पर चार्जशीट दाखिल करती है।
> – मुकेश प्रताप सिंह, एसपी क्राइम

### बेकसूर थे, फिर भी 13 साल तक चला हत्या का मुकदमा

**केस 2**

वर्ष 2011 में थाना भोजीपुरा में दर्ज हुए हत्या के केस में आरोपी देवरनियां के गांव वसुधरन जागीर निवासी सुरेश चंद्र उर्फ छोटे को अपर सत्र न्यायाधीश ने 13 मार्च को बरी कर दिया। सुरेश का टेंपो चलाने वाले केसर लाल गंगवार की पत्नी ने उन पर पति की हत्या का आरोप लगाया था। 23 जून 2011 की शाम केसर लाल गंगवार का शव वसुधरन रोड पर खाई में मिला था। सुरेश को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। कोर्ट ने पाया कि आरोप बगैर सबूत के लगाए गए हैं और आरोपी सुरेश चंद्र को दोषमुक्त करार दे दिया।

> राघव के मामले में आया फैसला काफी अहम है। गरीब परिवार के पास रोजी रोटी का संकट था। जब उसकी मां कचहरी आती थी तो हम लोगों को बहुत दया आती थी। उसकी हर संभव मदद की गई है। जितने दिन राघव जेल में रहा है, उतना ही दिन बयान से मुकरी युवती को भी जेल में रहना होगा। पुलिस को भी चाहिए कि केस दर्ज होने के बाद गहनता से जांच करें। ताकि निर्दोष व्यक्ति को जेल न जाना पड़े।
> –नवीन कुमार, अधिवक्ता

# मतगणना होते ही ऑनलाइन हो जाएगा परिवार रजिस्टर

## लोगों को आसानी से मिलेगी परिवार रजिस्टर की नकल

- वीडियो कॉन्फ्रेंस कर संयुक्त निदेशक पंचायत ने दिए निर्देश
- मतगणना से पहले परिवारों का ब्योरा अपडेट करने का आदेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जिले में परिवार रजिस्टर को ऑनलाइन करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कुछ समय बाद ग्रामीणों को इसकी नकल के लिए आने वाले ग्राम सचिवों या सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। मतगणना से पहले ही सचिवों को सभी ग्राम पंचायतों के परिवारों का ब्योरा अपडेट करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आचार संहिता हटते ही परिवार रजिस्टर को ऑनलाइन किया जा सके।

जिले की 1188 ग्राम पंचायतों में रहने वाले परिवारों को परिवार रजिस्टर की नकल के लिए फिलहाल पंचायत के सचिव या फिर सरकारी कार्यालयों की दौड़ लगानी पड़ती है। परिवार रजिस्टर के डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया काफी समय पहले शुरू हो गई थी, लेकिन अब तक पूरी नहीं हो पाई है। अब चुनाव के बीच इसमें तेजी आ रही है। शासन ने इस योजना में बरेली को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शामिल किया है। शुक्रवार को संयुक्त निदेशक पंचायत प्रवीना चौधरी की ओर से वीडियो कॉन्फ्रेंस कर बरेली में परिवार रजिस्टर को मतगणना शुरू होने से पहले सचिवों के जरिए अपडेट करा लेने के आदेश डीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार को दिए हैं।

संयुक्त निदेशक ने मंडल के बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर के डीपीआरओ को भी इस बारे में निर्देश जारी किया है। वीडियो कॉन्फ्रेंस में उन्होंने शाहजहांपुर की स्थिति ठीक न होने की भी बात कही। डीपीआरओ शाहजहांपुर ने 13 मई को लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद इस पर तेजी से काम कराने का भरोसा दिलाया है। मतगणना तक मंडल के सभी जिलों में परिवार रजिस्टर के अपडेट होने के बाद आचार संहिता हटते ही इसे ऑनलाइन करने की प्रक्रिया शुरू होगी। लखनऊ से ही इसके लिए एजेंसी नामित की जाएगी, जो यहां आकर मैनुअल डाटे के आधार पर जानकारी को ऑनलाइन करेगी।

### डिजिटलाइजेशन से पहले होगा सत्यापन

जानकारों के मुताबिक परिवार रजिस्टर को डिजिटलाइजेशन से पहले होने वाले सत्यापन में त्रुटियों को सुधारा जाएगा। इसमें परिवार में शामिल लोगों के नाम, पता, उम्र के साथ ही जाति धर्म, साक्षर-निरक्षर जैसे करीब 15 कॉलमों में सूचनाएं दर्ज की जाएंगी। परिवार के मुखिया का नाम, सदस्यों का नाम, क्रमांक संख्या, मकान नंबर, पिता, पति का नाम, जाति-धर्म, जन्म तिथि, साक्षर और निरक्षर जैसी अन्य जानकारियां रहेंगी।

> जिले में लगभग पांच लाख ग्रामीण परिवार हैं। इन सभी का परिवार रजिस्टर का डिजिटलाइजेशन होना है। संयुक्त निदेशक ने मतगणना से पहले इसे पूरा कराने का आदेश दिया है। सचिवों को इसमें लगाया गया है। ऑनलाइन करने के लिए चार जून के बाद लखनऊ से ही संस्था नामित होगी।
>
> – धर्मेंद्र कुमार, डीपीआरओ

## आयोग ने मतगणना की तैयारी के लिए जारी किए निर्देश

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारी शुरू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने इस बारे में निर्देश जारी करने शुरू कर दिए हैं।

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने शुक्रवार को वीडियो कान्फ्रेंस पर बरेली के अधिकारियों को मतगणना की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आयोग के अधिकारियों ने बताया कि किस तरह मतगणना और उसके नतीजों की फीडिंग होगी। एनआईसी में हुई वीडियो कॉन्फ्रेंस में एडीएम प्रशासन दिनेश, एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एडीएम न्यायिक आशीष, एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव समेत सभी एसडीएम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में शामिल हुए।

## शाहजहांपुर चुनाव ड्यूटी में भेजी जाएंगी 70 प्राइवेट बसें

बरेली, अमृत विचार: शाहजहांपुर में चौथे चरण में 13 मई को मतदान के लिए बरेली से भी बसें भेजी जाएंगी। जिले से 40 रोडवेज और 70 निजी बसें भेजी जाएंगी। परिवहन निगम ने शुक्रवार को अपनी बसें चुनाव के लिए भेज दी हैं। वहीं आरटीओ की तरफ से प्राइवेट ठेका पर चलने वाली बसों की मांग की है। ट्रांसपोर्टर्स को भी बसों के अधिग्रहण के लिए नोटिस भेजा गया है।

# वीडियो वायरल होने के बाद अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर सील

- सिरौली में बगैर पंजीकरण के चलाया जा रहा था अल्ट्रासाउंड सेंटर, वीडियो हुआ था वायरल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सिरौली में अवैध रूप से चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटर को शुक्रवार को सील कर दिया गया। गुरुवार को बिना पंजीकरण चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटर का वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद शुक्रवार को पीसी पीएनडीडी नोडल प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने सेंटर की जांच करने के बाद सील कर दिया।

सेंटर पड़ोस के जिले में तैनात सरकारी डॉक्टर का बताया जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पीसी-पीएनडीटी प्रभारी ने मामले की जांच की तो पता चला कि पहले यही सेंटर भमोरा में चल रहा था लेकिन इसका पंजीकरण नहीं था। इसके बाद इसे सिरौली में खोल दिया गया। शुक्रवार को सेंटर को सील कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग ने जिले में अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर कार्रवाई की कार्ययोजना तैयार की है।

### पंजीकृत 250 हैं मगर चल रहे 500 से अधिक

जिले में स्वास्थ्य विभाग में करीब 250 अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित हो रहे हैं लेकिन शहर और देहात में करीब 500 अल्ट्रासाउंड सेंटर खुले हुए हैं, इनमें करीब 250 अवैध हैं। विभागीय साठगांठ की वजह से इन सेंटरों पर कार्रवाई नहीं की जाती है।

> सिरौली में अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया गया है। पहले यह सेंटर भमोरा में चल रहा था, जिसका पंजीकरण कराया गया है लेकिन सिरौली में बिना पंजीकरण के सेंटर शिफ्ट कर दिया गया। –डॉ. अमित, नोडल अधिकारी, पीसी-पीएनडीटी

## सेमिनार में अग्नि सुरक्षा के उपाय बताए



बरेली, अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से फायर सुरक्षा सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें अग्निशमन अधिकारी संजीव यादव ने टीम के साथ आग से बचाव के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि अचानक आग लगने पर किस तरह से उसे बुझाया जाना चाहिए। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल, कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, प्रति कुलपति डॉ. किरण अग्रवाल और प्राचार्य डॉ. सत्यजित नायक एन के नेतृत्व में सेमिनार का आयोजन हुआ। इसमें अग्निशमन अधिकारी संजीव कुमार यादव और टीम का स्वागत किया गया। प्रशासनिक अधिकारी सीएस कांडपाल ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इसमें शिक्षण संस्थानों में अग्नि सुरक्षा को लेकर सभी को जागरूक किया गया। इसके बाद सूचनात्मक सत्र आयोजित किया गया।

## बाल विवाह: नुक्कड़ नाटक कर जागरूक किया




बरेली, अमृत विचार : हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड ने धंतिया गांव में बाल विवाह के खिलाफ नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरूक किया। प्रादेशिक संगठन आयुक्त हिमांशु सक्सेना ने कहा कि लोगों को जागरूक कर बाल विवाह की कुप्रथा को रोका जा सकता है। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त गाइड अलका मिश्रा ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से लोगों को बताया जा रहा है कि बाल-विवाह केवल एक सामाजिक बुराई नहीं बल्कि कानूनन अपराध भी है। बाल-विवाह से बच्चों का संपूर्ण व्यक्तित्व विकास प्रभावित होता है। नाटक के मंचन में गाइड रानी, अवंतिका, अंजली, सुहानी, शीतल, स्काउट अभिषेक, अभय योगेश, राहुल, सोनू, योगेंद्र, शशांक, सत्य प्रकाश, अंशुल, रितेश शामिल रहे।

## महिला सशक्तीकरण पर की गोष्ठी



बरेली, अमृत विचार : भारत सेवक समाज संस्था के जिला अध्यक्ष कृष्ण स्वरूप सक्सेना ने गोष्ठी कर महिला सशक्तीकरण का संदेश दिया। गोष्ठी में बाल विवाह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला सम्मान जैसे उद्देश्यों पर चर्चा की गई। इस दौरान अनुज, नीतू, अक्षिता, कृतिका, शिवम, बलवंत, अवनीश आदि मौजूद रहे।

## गिरते जलस्तर को रोकने के लिए किया यज्ञ




बरेली, अमृत विचार : परशुराम जयंती पर गायत्री नगर में गिरते जल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए यज्ञ किया गया। प्राणी मात्र की रक्षार्थ के लिए यज्ञ में आहुति देते हुए प्रार्थना की गई कि प्रभु जल का संतुलन बना रहे। यज्ञ पुरोहित पंडित हरिओम गौतम ने यज्ञ के माध्यम से लोगों से अपील की कि गिरता हुआ जल स्तर हमें आगाह कर रहा है कि अभी से सावधान हो जाना चाहिए। यज्ञ में क्षेत्रीय पार्षद अरब सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन 12 और 13 को




बरेली, अमृत विचार : श्री अग्रवाल सभा कल्याण समिति की ओर से 12 और 13 मई को अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन मिनी बाईपास पर कुबेर होटल में होगा। इसमें प्रदेश के अलावा राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड के अग्रवाल शामिल होंगे। महामंत्री दिनेश अग्रवाल के मुताबिक अब तक विवाह योग्य युवक-युवतियों के लगभग 600 पंजीकरण हो चुके हैं। संरक्षक एडवोकेट अजय अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन की शुरुआत भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल और व्यापारी सुरक्षा फोरम के राष्ट्रीय संयोजक अशोक गोयल करेंगे। इसके बाद परिचय पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा। 12 मई शाम को कवि सम्मेलन भी होगा। मीडिया प्रभारी एडवोकेट हर्ष कुमार अग्रवाल ने बताया कि 13 मई को सम्मेलन की शुरुआत कैंट विधायक संजीव अग्रवाल करेंगे। 13 को ही समाज के 75 वर्ष आयु पूरी कर चुके वरिष्ठजनों का भी सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष दिनेश, विजय गोयल, परिचय सम्मेलन संयोजक सुधीर अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, देवेश अग्रवाल, कमल गोयल, विपिन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

कैलाश आई एवं जनरल हॉस्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें: संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड का एकमात्र अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
गंगवार हॉस्पिटल
OMPC सोसाइटी चैरिटेबिल ओ.पी.डी. मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला IFFCO HOSPITAL बृहस्पतिवार समय 4 से 6 बजे तक
नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
- 24 घंटे के अन्दर
- 14 दिन के बाद भी
- हथेली व तलुवे का भी पीला होना
- Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

Lifelines OF MEDICAL BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
जाँचों पर विशेष छूट
1499/- ONLY 799/-
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

THE TOOTH LOUNGE
A COMPLTE DENTAL CARE SOLUTION
Regd. No. : 21537
● दाँतों के क्राउन और ब्रिज बनवाना ● दाँतों के रंग की फिलिंग करना ● दाँतों का निकालना ● दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग ● दाँत एवं बत्तीसी बनवाना ● RCT ● डिजिटल एक्स-रे ● टेढ़े मेढ़े दाँतों में तार लगाना ● डेंटल इम्प्लांट
15 मई तक निःशुल्क परामर्श
डॉ. नेहा अग्रवाल
BDS, MIDA (Dental Surgeon)
Mob. : 9870822971
Timing : 11 AM to 3 PM & 5 PM to 8 PM
83, सिविल लाइन्स निकट किप्स हीरो सर्विस सेन्टर, चौपला रोड, बरेली।

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
PRIME HOSPITAL
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
● मेडिसिन विभाग ● सर्जरी विभाग ● स्त्री एवं प्रसूति विभाग ● मानसिक रोग विभाग ● हड्डी रोग विभाग ● न्यूरो विभाग ● बाल रोग विभाग
आयुष्मान योजना के तहत फ्री ऑपरेशन व इलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
गूगल अवार्ड एवं गोल्ड मेडलिस्ट प्राप्त
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक 8859517808
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
ADITYA
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## सार-संक्षेप

### रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने 1 जून से 7 जुलाई तक घोषित किया ग्रीष्मकालीन अवकाश

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय परिसर, संघटक महाविद्यालयों और संबद्ध सभी महाविद्यालयों में 1 जून से 10 जुलाई तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया है। प्रभारी कुलसचिव संजीव कुमार के मुताबिक कुलपति प्रो. केपी सिंह के आदेश के अनुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विश्वविद्यालय की सभी परीक्षाएं पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सम्पन्न होती रहेंगी। इस दौरान जो शिक्षक परीक्षा और प्रवेश के दौरान ड्यूटी करेंगे, उन्हें एक के बदले एक प्रतिकर अवकाश देय होगा, जिसे प्राचार्य स्तर पर समायोजित किया जाएगा। इसके अलावा प्राचार्यों को अपने महाविद्यालय में संचालित सभी गतिविधियों को स्वंय के स्तर से पूरी तरह से सुनिश्चित कराना होगा।

### वित्त अधिकारी, कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक के लिंक अधिकारी बनाए

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने वित्त अधिकारी, कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक के लिंक अधिकारी नामित किए हैं। कुलपति प्रो. केपी सिंह के आदेश पर कुलसचिव ने अधिकारियों के अवकाश पर होने के दौरान उन्हें आवंटित कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए वित्त अधिकारी विनोद कुमार के लिंक अधिकारी अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पीबी सिंह, कुलसचिव संजीव कुमार के शैक्षणिक संकायाध्यक्ष प्रो. एसके पांडेय और परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के पादप विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. आलोक श्रीवास्तव होंगे।

### एमए व्यक्तिगत छात्रों की मौखिकी परीक्षा की तिथि तय

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में एमए के व्यक्तिगत छात्रों की मौखिकी परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दी है। परीक्षा में बरेली कॉलेज के अलावा विश्वविद्यालय की ओर से निर्धारित दूसरे महाविद्यालयों के छात्र भी शामिल होंगे। कॉलेज के मीडिया प्रभारी प्रो. एसी त्रिपाठी ने बताया कि 11 मई को एमए हिंदी की मौखिकी, 14 मई को इतिहास और 17 मई को समाज शास्त्र और राजनीति शास्त्र और 19 मई को संस्कृत की मौखिकी परीक्षा होगी। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे रहेगा।

# रुविवि में इंजीनियरिंग के डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू होंगे

## एआईसीटीई ने परिसर में पाठ्यक्रम शुरू करने की दी अनुमति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 से इंजीनियरिंग विभाग में डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। आल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन ( एआईसीटीई ) ने डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने की अनुमति दे दी है। इसके अलावा एआईसीटीई ने परिसर के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में एमटेक शुरू करने और कंप्यूटर साइंस एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग में 60 सीटों के साथ बीटेक के एक अतिरिक्त सेक्शन की अनुमति भी दी है। मीडिया प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि इन सभी पाठ्यक्रमों का वर्ष 2022 में कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के अनुमोदन से विश्वविद्यालय की परिनियमावाली में समावेश हो चुका है। सभी नए पाठ्यक्रम इसी सत्र से शुरू किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि एमटेक की 60 सीटें होंगी। इसके अलावा सभी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में 60-60 सीटें होंगी। अलग-अलग पाठ्यक्रमों में अब 480 अधिक छात्र प्रवेश ले सकेंगे। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने शिक्षकों को नए पाठ्यक्रम में संबंध में निर्देश दिए।




- इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में एमटेक भी होगा शुरू, बीटेक का एक सेक्शन बढ़ा

### एलएलबी, एलएलएम और एमएड में प्रवेश जल्द होंगे शुरू

रुहेलखंड विश्वविद्यालय एलएलबी, एलएलएम और एमएड के प्रवेश जल्द शुरू करेगा। प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में एक या दो दिन में निर्देश जारी किए जाएंगे। इसके बाद छात्र ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। छात्रों को प्रवेश परीक्षा के बाद प्रवेश दिए जाएंगे।

### स्नातक में प्रवेश के लिए पहले दिन 200 पंजीकरण

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए शुक्रवार से पंजीकरण शुरू हो गए। छात्र-छात्राएं 9 जून तक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे। पहले दिन देर रात तक करीब दो सौ छात्रों ने पंजीकरण कराए। वहीं छात्र नेता इमरान खां ने बताया कि पहले दिन पोर्टल में हाईस्कूल पास छात्रों के लिए 2021-22 का ऑप्शन नहीं आ रहा था। इसकी कुलसचिव से शिकायत की गई।

### स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा शुक्रवार से तीन पालियों में शुरू हो गई। नई शिक्षा नीति के तहत ओएमआर आधारित परीक्षा होने की वजह से कई छात्र जल्द ही केंद्रों से परीक्षा देकर चले गए। बरेली कॉलेज में भी परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से हुई। वहीं परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने परीक्षा की शुचिता के संबंध में जरूरी निर्देश जारी किए हैं। परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्रों और उत्तर पुस्तिकाओं को डिजिटल वाईफाई लॉक में रखा जाएगा। परीक्षा केंद्र में प्रभारी के अलावा सभी के मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध होगा। परीक्षा के दौरान 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। इसमें 75 के उत्तर देने होंगे। अब छात्र का प्रवेश परीक्षा शुरू होने से सिर्फ 15 मिनट बाद तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके अलावा बरेली कॉलेज में बीएलएड की परीक्षा में एक छात्र को नकल सामग्री के साथ पकड़ा गया।

# बरेली कॉलेज में अब नहीं होगी 121 कॉलेजों की प्रयोगात्मक परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली कॉलेज के शिक्षकों ने कुलपति से मुलाकात कर बताई समस्या
- कुलपति ने परीक्षा नियंत्रक को दूसरे कॉलेजों को भी केंद्र बनाने के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में 121 महाविद्यालयों के छात्रों की प्रयोगात्मक और मौखिकी परीक्षा नहीं कराई जाएगी। अब दूसरे कॉलेजों में भी केंद्र बनाए जाएंगे। कुलपति ने शुक्रवार को बरेली कॉलेज के शिक्षकों की शिकायत के बाद परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार को समाधान के निर्देश दिए।

बरेली कॉलेज के शिक्षकों ने 121 कॉलेजों की परीक्षा न कराने, जल्द ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान परीक्षाओं और प्रयोगात्मक परीक्षा के बैच में आ रही दिक्कत का विरोध कर प्राचार्य प्रो. ओपी राय का घेराव किया था। इस पर प्राचार्य ने कुलपति से वार्ता की थी। शुक्रवार को बरेली कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे, प्रो. स्वदेश सिंह, प्रो. राजेंद्र सिंह, प्रो. भूपेंद्र सिंह, डॉ. बीनम सक्सेना, डॉ. एनबी सिंह आदि शिक्षकों ने कुलपति से मुलाकात की और सभी समस्याएं बताईं। कुलपति ने परीक्षा नियंत्रक को प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए बरेली कॉलेज के अलावा दूसरे कॉलेज में भी केंद्र बनाने के निर्देश दिए। इसके अलावा शिक्षकों से कहा कि इस बार ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान परीक्षाएं करा लें ताकि अगली बार से सत्र समय पर हो जाए। इसके अलावा बैच संबंधी समस्या के समाधान के लिए बरेली कॉलेज अपने स्तर पर बैच बनाकर परीक्षा करा सकेगा।

# मन को भटकने से बचाता है संगीत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आर्ट ऑफ लिविंग बरेली चैप्टर ने गंगाचरण आर्यवर्धन अस्पताल के सभागार में शुक्रवार को संगीतमय ध्यान का आयोजन किया। ध्यान संध्या में आध्यात्मिक गुरु रविशंकर के बेंगलुरु आश्रम से आए शिष्य अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक स्वामी परमतेज ने बताया कि मधुर आनंददायक संगीत मन को स्पर्श करता है और उसे अपार शांति प्रदान करता है। संगीत ध्यान के समय मन को भटकने से बचाता है और उसे ब्रह्म से जोड़ता है। इससे साधना में लाभ तो मिलता ही है और आंतरिक स्वास्थ्यवर्धन भी होता है।

उन्होंने व्यक्ति की चेतना स्तर को विस्तार से समझाया। डॉ. शशिबाला राठी ने कहा कि ध्यान के समय ऐसा मनभावन संगीत अंतर्मन को सुकून देता है। नीता मूना ने कहा कि इस ध्यान से हृदय आनंद से भर गया। आर्ट ऑफ लिविंग उत्तर प्रदेश की वरिष्ठ प्रशिक्षिका नीता मूना, अंजुल अग्रवाल और अवधेश शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत आर्ट ऑफ लिविंग का कोर्स बरेली में गंगा चरण अस्पताल में ही 16 से 19 मई तक सुबह के सत्र में प्रस्तावित है। ध्यान संध्या में अंजुल अग्रवाल, अवधेश शर्मा, अमित नारनौली, ममता दीक्षित, नितिन भाटिया, विशेष, रंजीत पांचाले, विकास अग्रवाल, स्वाति, शिवांगी, पल्लवी, इन्दू सेठी, जगदीश वर्मा, हेमा वर्मा आदि मौजूद रहे।



आर्ट ऑफ लिविंग के ध्यान में शामिल लोग। ● अमृत विचार




प्रवचन देते स्वामी परमतेज।

- आर्ट ऑफ लिविंग ने अक्षय तृतीया पर कराया संगीतमय विशेष ध्यान

अपेक्स बॉडी के सदस्य सुनीत मूना ने कहा कि इस संगीतमय ध्यान से व्यक्ति तनावमुक्त होता है और उसे अपार ऊर्जा का अनुभव मिलता है।

# शोभायात्रा में गूंजे परशुराम के जयकारे




शहर में परशुराम की जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा। ● अमृत विचार




परशुराम जयंती पर मढ़ीनाथ मंदिर से निकाली शोभायात्रा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- परशुराम सेना की ओर से आयोजित की गई शोभायात्रा

**अमृत विचार :** श्री परशुराम जन्मोत्सव पर परशुराम सेना ने किला के अलखनाथ मंदिर से शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में शामिल परशुराम की झांकियां आकषर्ण का केंद्र रहीं। यात्रा का जगह-जगह फूलों और मालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान जय परशुराम के जयकारे भी लगे।

शोभायात्रा का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता गुलशन आनंद और अमरेश कठेरिया ने शोभायात्रा की शुरुआत की। यात्रा में परशुराम सैनिक मोटरसाइकिल और पैदल भगवा ध्वज के साथ निकले। यात्रा में बैंड बाजों की धार्मिक धुनों पर युवक-युवतियां झूमते हुए चले। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किए हुए थे। शोभायात्रा बड़ा बाजार, जिला पंचायत कार्यालय, कस्तूरबा कॉलेज, नावल्टी चौराहा होते हुए सिविल लाइंस स्थित बड़ा हनुमान मंदिर परिसर में पहुंची। यहां पर श्री परशुराम की महा आरती की गई। आरती के बाद प्रसाद का भोग लगाकर वितरण किया गया। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट जयपाल सिंह कश्यप, अजय पाल कश्यप, माला गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, आशीष सिंह, मुकुल गुप्ता, सोनेलाल शुक्ला, विनय कुमार, अमित गुप्ता, आकाश मौर्य, कृष यादव, प्रज्ञान गुप्ता, अजय आर्य आदि मौजूद रहे।

### बीएससी रसायन विज्ञान की मिड टर्म 15 को

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में बीएससी द्वितीय, चतुर्थ और षष्टम सेमेस्टर की छूटी हुई मिडटर्म 15 मई को होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. एनबी सिंह ने बताया कि परीक्षा के लिए छात्रों को सुबह 11 बजे रसायन विज्ञान विभाग में पहुंचना होगा।

### प्रेम सुरेश फाउंडेशन ने परशुराम जयंती पर की गोष्ठी

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेम सुरेश फाउंडेशन ने शुक्रवार को सुरेश शर्मा नगर में सभागार में परशुराम जयंती पर विचार गोष्ठी की। कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष साकेत सुधांशु शर्मा एडवोकेट ने कहा कि परशुराम विष्णु जी के छठे अवतार हैं। उनका जन्म प्रदोष काल में हुआ था। परशुराम के बारे में सतयुग से कलयुग तक कई कथाएं मिलती हैं। गोष्ठी में सह संस्थापक अंजलि शर्मा, उषा शर्मा, संदीप मिश्रा, पंकज कुमार, सर्वेश कुमार, मोहनस्वरूप, सौरभ शर्मा, ज्योति पाठक, पल्लवी मिश्रा, विनीता, सरिता देवी शर्मा, अमित अवस्थी, उपमा मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## नमो एप पर अपलोड हुई प्रधानमंत्री के बरेली दौरे की तस्वीरें

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली में 26 अप्रैल को रोड शो करने आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से त्रिशूल एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं की मुलाकात हुई थी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने अलग-अलग नेताओं से जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास कार्य की योजनाओं पर भी बात की थी। सभी ने सरकार की उपलब्धियां गिनाकर शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी सुधार होने की बात कही थी। शुक्रवार को नमो एप पर त्रिशूल एयरपोर्ट पर हुई मुलाकात की फोटो अपलोड की गईं, जिसमें बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, डॉ. विमल भारद्वाज, डॉ. विनोद पागरानी, भाजपा नेता पवन अरोड़ा आदि दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा पीएम का स्वागत करने वालों में डॉ. आदेश गंगवार, डॉ. हुदा, परमजीत सिंह, मनीष अग्रवाल, पंडित सुशील पाठक, सौरभ मेहरोत्रा, अनुपम कपूर भी शामिल थे। अब नमो एप पर प्रधानमंत्री के साथ फोटो आने के बाद पार्टी पदाधिकारी काफी खुश हैं।



त्रिशूल एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री से मुलाकात करते डॉ. केशव कुमार अग्रवाल।



डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी और पवन अरोड़ा।




मनीष अग्रवाल और डॉ. विमल भारद्वाज।

# अक्षय तृतीया पर जमकर खरीदा सोना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सिविल लाइंस के सभी शोरूम में उमड़ी भीड़
- सोने के दामों में बढ़ोत्तरी का नहीं दिखा असर

**अमृत विचार :** सोने के बढ़ते दाम भी अक्षय तृतीया पर लोगों को खरीदारी करने से रोक नहीं सके। शहर में कई शोरूम में सोने-चांदी की खरीदारी के लिए जमकर भीड़ उमड़ी। लोगों ने अपनी बारी का इंतजार मनपसंद गहने खरीदे। शुक्रवार को 24 कैरेट सोने का भाव 72300 रुपये और सोना जेवर का भाव 64900 रुपये रहा।

अक्षय तृतीया पर दुकानदारों ने उत्पादों में मेकिंग चार्ज में अलग-अलग छूट देकर ग्राहकों को लुभाने की कोई कसर नहीं छोड़ी। हर सहाय मल ज्वैलर्स के शोरूम में भी काफी भीड़ रही। जहां लोगों को खरीदारी के लिए अपनी बारी का इंतजार भी करना पड़ा। इसके विपरीत साहूकारा, आलमगीरीगंज के बाजारों में ग्राहकों की थोड़ी कमी रही। इन बाजारों में आने वाले मध्यम वर्ग के ग्राहक पर सोने में आई तेजी का कुछ असर दिखा। ज्यादातर लोगों ने शगुन के नाम पर हल्के जेवर लिए तो कुछ लोगों ने भारी गहने भी लिए। एक सराफ ने बताया कि अक्षय तृतीया का पर्व तो शोरूम वालों के लिए बेहतर कहा जा सकता है। वहां भीड़ रही लेकिन साहूकारा और आलमगीरीगंज में अपेक्षाकृत भीड़ कम रही। ज्वैलर्स एवं बुलियन एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने बताया कि भाव में तेजी का असर ज्यादा नहीं रहा। शोरूम में भीड़ रही है।



शोरूम पर ज्वेलरी पसंद करती युवती।

### वाहनों की भी हुई खरीददारी

अक्षय तृतीया पर दुपहिया वाहनों की भी जमकर बिक्री हुई। शहर में 700 से ज्यादा दुपहिया वाहनों की बिक्री हुई। दुपहिया वाहन हीरो शोरूम के एमडी पंकज अग्रवाल ने बताया कि उनके शो रूम से 60 बाइक की बिक्री हुई। होंडा दुपहिया वाहन शोरूम के एमडी मुदित अग्रवाल ने बताया कि उनके शोरूम से 55 बाइक बिकीं। उन्होंने बताया कि शहर में टीवीएस बजाज के भी शोरूम हैं। सभी जगह मिलाकर लगभग 700 बाइक की बिक्री हुई।

### धर्मनिष्ठ हरिश्चंद्र फाउंडेशन ने मनाया परशुराम का जन्मोत्सव

**बरेली, अमृत विचार:** धर्मनिष्ठ हरिश्चंद्र फाउंडेशन ने शुक्रवार को महानगर कॉलोनी स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में परशुराम का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर पं. वीरेश गौड़ शास्त्री ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। हनुमान चालीसा का पाठ और हवन के बाद परशुराम की आरती की गई। वीरेश गौड़ ने परशुराम की महिमा और उनके संबंध में विस्तार से बताया। परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा, आरके जोशी, गिरीश उप्रेती, हेमंत शर्मा, राजेश कुमार मिश्रा, बलवीर सिंह, प्रभात दुबे, सुधीर उपाध्याय, मुकेश गर्ग, राजेश शंखधार, माधवानंद पाठक, संजय जौहरी, दिनेश वाजपेयी, राजेश गौड़, आरके शुक्ला, अशोक श्रीवास्तव, अमर सिंह परमार, रघुवीर शर्मा, अशोक टंडन, डॉ. सुनीता दुबे, साधना शर्मा आदि मौजूद रहे।



# समस्या आपकी समाधान

INTERNATIONAL SEXOLOGIST

- Growth Hormone
- Testosterone Hormone
- L.H Hormone
- F.S.H.Hormone
- Vitamin D
- Prolactin Hormone
- Suger/• B.P
- ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE

सभी जाँच करवा कर WhatsApp पर करें और घर बैठे इलाज करवायें

**नरेन्द्र कुमार-**
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

**पवन कुमार-**
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमश: बेटा ठीक हो गया।

धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic™ An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant

Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist



रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली

9837057107
9837343729

Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com

Google Maps

FOLLOW US :


## केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने पर जताई खुशी



**बरेली, अमृत विचार :** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने पर प्रांत उपाध्यक्ष एडवोकेट सुनीता गंगवार ने सिविल लाइन हनुमान मंदिर में जाकर मत्था टेका और मिठाई वितरित की। एडवोकेट सुनीता गंगवार ने बताया कि पूरा देश अरविंद केजरीवाल के जेल से बाहर आने का इंतजार कर रहा था। आम आदमी पार्टी ही नहीं पूरे देश की जनता में खुशी की लहर है। चुनाव के बाकी चरणों में अरविंद केजरीवाल के आने से निश्चित रूप से बीजेपी का ग्राफ और ज्यादा गिरेगा क्योंकि जनता इस बात को जानती है कि देश के सबसे ईमानदार नेता को बीजेपी सरकार ने अपनी ताकत के दम पर साजिश करके उन्हें षड्यंत्र में फंसाया। उन्होंने कहा अरविंद केजरीवाल को सुनने के लिए जनता उनकी राह देख रही थी।

## प्रांतीय संगठन सचिव बने दिनेश पंत



**बरेली, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद रोहिलखंड पूर्व प्रांत के चुनाव में दिनेश चन्द्र पंत को प्रांतीय संगठन सचिव नियुक्त किया गया है। रोटरी भवन में 2 मई को हुए चुनाव के बाद दिनेश चंद पंत का नाम केन्द्रीय कार्यालय दिल्ली को भेजा गया था। अब वहां से उनके नाम की घोषणा की गई है। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष संजीव जौली ने बताया कि दिनेश पंत इससे पहले उत्तरायणी जन कल्याण समिति के महासचिव भी रहे हैं। वह भारत विकास परिषद के सभी प्रांतों से चुने पदाधिकारियों की 11 एवं 12 मई को नोएडा में होने वाली कार्यशाला में भी भाग लेंगे। कार्यशाला में रोहिलखंड पूर्व प्रांत के सभी प्रांतीय पदाधिकारी अध्यक्ष, महासचिव, उपाध्यक्ष, संगठन सचिव, महिला संयोजिका, संयोजक संपर्क भाग लेंगे।

## सलेश बने मिस्टर फेयरवेल, रनर अप रहे पुनीत



**बरेली, अमृत विचार :** इन्वर्टिस विश्वविद्यालय के सिविल, इलेट्रिकल, मैकेनिकल और कंप्यूटर साइंस विभाग के डिप्लोमा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह हुआ। कार्यक्रम में रैम्प वॉक, डांस और शायरी के बाद प्रश्नोत्तरी राउंड हुआ। इसमें सिविल के सलेश यादव को मिस्टर फेयर वेल चुना गया। इलेक्ट्रिकल के पुनीत कुमार रनर अप रहे। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रो. वाईडीएस आर्या और इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी, शिक्षा और पत्रकारिता एवं जनसंचार संकाय के डीन प्रो. आरके शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलन कर की। इस दौरान डॉ. आशीष कुमार सिंह, डॉ. अरुण कुमार गंगवार, अरविंद कुमार, डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. आशीष कुमार शर्मा, कुलदीप कुमार सोनी, श्वेता अग्रवाल और किशोर आदि मौजूद रहे।

## परशुराम के चित्र पर किया माल्यार्पण

नवाबगंज में ब्राह्मण समाज ने शुक्रवार को अपने आराध्य परशुराम की जयंती मनाई। कस्बे के पं. नत्थूलाल धर्मशाला पर आयोजित समारोह में परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस मौके पर समाजसेवी पं. सुरेश चंद्र शुक्ला, अखिलेश उपाध्याप, पूर्व प्रधानाचार्य मदन मोहन दीक्षित, हरित सेना के संस्थापक आचार्य अरविंद और संजीव पाठक ने परशुराम को युग निर्माता और ज्ञान का भंडार बताते हुए उनके चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का वीणा उठाया। आयोजन में मोहित मिश्रा, जीतू मिश्रा, राकेश बिहारी मिश्रा, देवेन्द्र मिश्रा, उमेश शर्मा, गोविंद मिश्रा, कपिल शर्मा, कमलेश शंखधार आदि लोग शामिल हुए।


प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

VARUN ARJUN UNIVERSITY
VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY
PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm

| 100% Scholarship D. Pharm (In take 60 Seats) | 100% Scholarship B. Pharm (In take 60 Seats) |
|---|---|

VAMCRH SHAHJAHANPUR — Excellence towards profession

We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare. We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.

Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement

Admission Helpline:7521001993
SUN · LUPIN · Pfizer · pil Psychotropics India Limited · MACLEODS · Canixa Life Sciences

Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com



# यात्री शेड से टकराया ट्रक, चालक की मौत

## शीशगढ़-बहेड़ी मार्ग पर ढकिया ठाकुरान मोड़ पर हुआ हादसा, चार लोग घायल

संवाददाता, शीशगढ़

**अमृत विचार :** शीशगढ़-बहेड़ी मार्ग पर ट्रक अनियंत्रित होकर यात्री शेड से टकराने से चालक सहित चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को ट्रक से निकालकर अस्पताल भिजवाया, जहां इलाज के दौरान चालक की मौत हो गई। वहीं यात्री शेड में सो रहा युवक भी घायल हो गया।

बहेड़ी के गांव भोजपुर निवासी आशिम (25) अपने ट्रक से बजरी बजरफुट डालने का काम करता था। गुरुवार रात वह गांव बसई से बजरी डालकर घर लौट रहा था। रात लगभग 11 बजे शीशगढ़ बहेड़ी मार्ग पर ढकिया ठाकुरान मोड़ पर ट्रक अनियंत्रित होकर यात्री शेड से टकरा गया। हादसे में आशिम और ट्रक में बैठे उसके गांव के ही आरिफ , छोटन और मुजीव गम्भीर घायल हो गए। सूचना पाकर चौकी मानपुर इंचार्ज एसआई राम मेहर सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर घायलों को ट्रक से निकालकर इलाज को बरेली भेजा। आशिम की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के दौरान यात्री शेड में गांव कनकपुर की गोंटिया का मजदूर राजेश गन्ना में पानी लगाने के बाद सोया था। जो यात्री शेड के लिंटर से दब गया लेकिन उसे चोट नहीं आई। चौकी इंचार्ज मानपुर एस आई राम मेहर सिंह ने बताया कि एक खाली ट्रक रात 11 बजे यात्री शेड से टकरा गया था।



### पोल से टकराई बाइक तीन लोग घायल

**आंवला, अमृत विचार :** गुलड़िया-रामनगर मार्ग पर एक बाइक पोल से टकरा गई, जिससे तीन लोग घायल हो गए। अलीगंज के गांव धनेती निवासी शिवम की रामनगर की बिजली के खंभे से बाइक टकरा गई, जिससे पोल टूट गया। वहीं घटना के दौरान आंवला के गांव बारीखेड़ा निवासी प्रेम एक अन्य के साथ बाइक से सिरौली के गांव शिवपुरी जा रहा था जो खंभे की चपेट में आने से घायल हो गया।

### बाइकों की टक्कर में एक की मौत, पांच लोग घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी में शुक्रवार रात 11 बजे दो बाइकों की टक्कर में 6 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से एक निजी मेडिकल कॉलेज में पहुंचाया जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। वहीं पांच अन्य का इलाज जारी है। फतेहगंज पश्चिमी के पास हाईवे पर लोधी मोटर्स के सामने दोनों बाइकों में आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें 6 लोग घायल हो गए। इलाज के दौरान कृष्णपाल निवासी नई बस्ती कस्बा फतेहगंज पश्चिमी की मौत हो गई है। साथ में बैठे अनिल निवासी नई बस्ती और तीसरे युवक (अज्ञात) घायल हो गए। वहीं दूसरी बाइक पर सवार तीनों लोग बेहोश हो गए। जिनकी पहचान सौरभ पुत्र सुरेश निवासी नई बस्ती फतेहगंज पश्चिमी, लोकेश पुत्र संतराम निवासी आंवला चकरपुर राजकुमार पुत्र छोटेलाल निवासी रसूल माधोपुर के रूप में हुई।

### शादी से लौट रही महिला की ट्रक की टक्कर से मौत

**भमोरा, अमृत विचार :** शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहे मां बेटे को ट्रक ने साइड मार दी। जिसमें मां की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अलापुर बदायूं के गांव चितौरा निवासी रामचंद्र ने बताया कि बिशारतगंज के गांव नवीनगर उर्फ गाड़ीघाट में उसकी ससुराल है। गुरुवार को उसके साले सोहनलाल की बेटी की शादी थी, जिसमें वह परिवार के साथ शादी में शामिल होने आया था। शुक्रवार को बरात विदाई के बाद दोपहर के समय वह सभी लोग वापस घर जा रहे थे। उसका बेटा नरेन्द्र राजपूत अपनी मां रुपन देई (57) और 3 वर्षीय बेटे रोहित के साथ बाइक से जा रहा था। अन्य परिवारी जन ई-रिक्शा में थे। आंवला भमोरा रोड के सेंधा स्थित टेलीफोन एक्सचेंज के समीप एक ट्रक ने उनकी बाइक को साइड मार दी। जिससे बाइक ट्रक की चपेट में आ गई। जिसमें उसकी पत्नी रुपनदेई की मौके पर ही मौत हो गयी। बेटा और नाती चोटिल हैं। पुलिस ने ट्रक कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं दूसरी घटना आंवला भमोरा रोड के इफको मेन गेट के समीप की है। यहां एक बाइक और स्कूटी के मध्य भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों चालक घायल हो गए। पुलिस के अनुसार आंवला नगर के पटी गली निवासी दवा व्यापारी आयुष अग्रवाल, और कोतवाली देहात एटा के नगला सेवा निवासी रिटायर्ड फौजी राजेश कुमार घायल हो गये। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## रोडवेज बस पर पथराव करने वाले पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** सेटेलाइट चौकी के पास रोडवेज बस चालक से गाली-गलौज और मारपीट के बाद बस पर ईंट-पत्थर फेंकने वाले तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बारादरी थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

प्रदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि गुरुवार की देर रात वह कानपुर के आजाद नगर डिपो की बस लेकर सेटेलाइट चौकी के पास पहुंचे थे। बस अड्डे में खड़े ऑटो को हटाने को कहा तो चालक ने झगड़ा किया। विरोध करने पर सेटेलाइट चौराहा पार करने पर दो साथियों के साथ बस रोककर ईंट-पत्थर बरसाए। साथ ही मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

## नैनीताल से होटल का किराया दिए बिना भागे, किच्छा स्टेशन पर मालिक ने पकड़ा

- स्टेशन पर युवती और उसके साथी ने किया हंगामा
- दोनों में बाद में 48 घंटे में पैसा देने को लेकर हो गया समझौता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** काठगोदाम-लखनऊ एक्सप्रेस में शुक्रवार दोपहर एक व्यक्ति और युवती की वजह से जमकर हंगामा हुआ। दोनों नैनीताल में होटल का किराया दिए बिना फरार हो गए थे।

इसके बाद होटल मालिक ने पीछा कर दोनों को किच्छा स्टेशन के पास पकड़ लिया। व्यक्ति ने 139 पर शिकायत की तो ट्रेन में मौजूद बरेली सिटी स्टेशन का आरपीएफ का स्टाफ पहुंचा और दोनों को किच्छा स्टेशन पर उतार लिया। ट्रेन संख्या 15044 काठगोदाम-लखनऊ एक्सप्रेस में हल्द्वानी से एस-1 कोच में सवार व्यक्ति और युवती को कुछ लोगों ने किच्छा स्टेशन पर रोका तो हंगामा हो गया। यात्री ने 139 पर पूरे मामले की सूचना दी तो आरपीएफ भी मौके पर पहुंच गई। पूछताछ में पता चला कि ट्रेन में सवार हुआ व्यक्ति युवती के साथ हल्द्वानी के एक होटल में रुका था। दो दिन होटल में रुकने और नंदौर में जंगल सफारी का 15 हजार रुपये किराया हुआ। जिसे दिए बिना ही दोनों होटल से चले गए। इसके बाद दोनों को किच्छा कोतवाली ले जाया गया। यहां दोनों ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन भुगतान किया था लेकिन होटल मालिक के खाते में नहीं पहुंचा।

ट्रेन पकड़ने की जल्दी में वह होटल से निकल गए। बाद में थाने से दोनों पक्षों में समझौता हुआ कि अगर 48 घंटे में पैसा नहीं आया तो वह लखनऊ जाकर भुगतान कर देंगे। बताया जा रहा है कि 24 वर्षीय युवती लखनऊ में रहकर पढ़ाई करती है और 48 वर्षीय व्यक्ति से उसकी तीन साल से दोस्ती है।

### महिला पर थूकने वाले पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र में एक पड़ोसी ने महिला के ऊपर थूक दिया और जातिसूचक टिप्पणी की। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सुरेश शर्मा नगर की हीराकली ने बताया कि पड़ोसी रामपाल गंगवार आए दिन उनके ऊपर थूक देता है और जातिसूचक टिप्पणी करता है। विरोध पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देता है।

### खेत देखने गए युवक से मारपीट कर तोड़ा पैर

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में खेत देखने गए युवक के साथ पांच लोगों ने मारपीट की और पैर तोड़ दिया। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के परतापुर जीवनसहाय निवासी मिसरयार खां ने बताया कि उनके भाई मुख्तार खां मुड़िया अहमद नगर स्थित खेत देखने गए थे। आरोप है कि मुड़िया अहमद नगर निवासी अशरफ बेग, रहमान बेग, बबलू, गुड्डू और पप्पू लाठी-डंडे लेकर आए और गालीगलौज करने लगे। सभी ने मुख्तार पर लाठी डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसका दायां पैर टूट गया। मुख्तार को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## परचम कुशाई से शुरू होगा ताजुश्शरिया का छठा उर्स

- दरगाह आला हजरत और जामियातुर्रजा में होंगी सभी रस्में

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सुन्नी बरेलवी मसलक के मजहबी रहनुमा ताजुश्शरिया मुफ्ती मुहम्मद अख्तर रजा खां (अजहरी मियां) का दो दिवसीय छठा उर्स 15 और 16 मई को मनाया जाएगा।

उर्स की सभी रस्में काजी-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती मोहम्मद असजद रजा खां कादरी की सरपरस्ती में अदा की जाएंगी। उर्स प्रभारी सलमान मियां सदारत और जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान मियां की निगरानी में कार्यक्रम होंगे। सभी आयोजन दरगाह ताजुश्शरिया और मथुरापुर स्थित मदरसा जामियातुर्रजा में होंगे। सलमान मियां ने बताया कि 15 मई को असर की नमाज के बाद परचम कुशाई की रस्म अदा की जाएगी। पहला परचम सैयद कैफी के निवास शाहबाद से, दूसरा परचम मोहम्मद साजिद आजमनगर स्थित आवास से और तीसरा परचम सैलानी स्थित समरान खान के आवास से निकलेगा।

तीनों परचम काजी-ए-हिंदुस्तान के हाथों दरगाह ताजुश्शरिया पर पेश किए जाएंगे। फरमान मियां ने बताया कि ताजुश्शरिया के दुनिया भर में मुरीद हैं। इसलिए देश दुनिया से जायरीन उर्स में शामिल होने बरेली पहुंचेंगे। जिसको लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

## अंतिम संस्कार में शामिल होने आए रिश्तेदार ने चोरी किया एटीएम कार्ड

**बरेली, अमृत विचार :** महिला की मौत के बाद उसके अंतिम संस्कार में शामिल होने आए एक रिश्तेदार ने मृतक महिला का एटीएम कार्ड चोरी कर लिया और धीरे-धीरे उसके खाते से चार लाख रुपये निकाल लिए। मृतक महिला की बेटी ने बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सोनभद्र के ओबरा खैराहीकालना निवासी अर्चना इस समय कृष्णानगर लखनऊ में रहती हैं। बारादरी के ग्रेटर ग्रीन पार्क निवासी उनकी मां गंगादेवी की मौत जनवरी में हुई थी। अंतिम संस्कार में शामिल होने कई रिश्तेदार आए थे। इनमें से एक ने गंगादेवी का एटीएम चोरी कर लिया और चार लाख रुपये निकाल लिए। न्यायालय के आदेश पर अज्ञात के खिलाफ बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

एसआरएमएस के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षक ने तैयार की डिवाइस

## बरसात में टमाटर सड़ने से बचाएगी सोलर डिवाइस

शब्या सिंह तोमर, बरेली

**अमृत विचार :** बरसात में नमी की वजह से सड़ने वाले टमाटर को बचाया जा सकेगा। इसके लिए एसआरएमएस के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के असि. प्रो. सत्यदेव ने सोलर डिवाइस तैयार की है। इसके अलावा अलग-अलग शिक्षकों ने घी और तैल पैक करने की सस्ती मशीन, कटने वाले जानवरों के खून के संजय आदि पर भी शोध किया है।



सत्यदेव बरसात में टमाटरों को सड़ने की समस्या को दूर करने के लिए टमाटर की खेती करने वाले किसानों के लिए एक सोलर ड्राइंग सिस्टम बना रहे हैं। इसका डिजाइन विकसित करके केंद्र सरकार को भेज दिया है। इस सिस्टम में 50 किलो तक टमाटर स्टोर किया जा सकेगा। सोलर सिस्टम टमाटर की नमी सोखकर सड़ने से बचाएगा।

### मानव डिटेक्शन डिवाइस की तैयार

सड़क पर गलत दिशा से वाहनों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए डॉ. वसीम अहमद ने मानव डिटेक्शन डिवाइस तैयार की है। इसका पेटेंट भी करा लिया है। इसका मॉडल भी जल्द ही तैयार किया जाएगा। डॉ. संजय ने बूचड़ खानों या मीट की दुकानों पर मीट कटने पर निकलने वाले खून को बेकार होने से बचाने के लिए प्रोजेक्ट तैयार किया है। इसका पेटेंट भी करा लिया है।

### घी पैकेजिंग की सस्ती मशीन की तैयार



एसआरएमएस के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रभारी डॉ. रविंद्र ने बताया घी और तेल पैकेजिंग की मशीनें बड़े दुकानदार तो ले लेते हें लेकिन जो दुकानदार या किसान गरीब हैं वह ऐसा करने में असमर्थ हैं। इसलिए कम से कम लागत वाली मशीन तैयार की है। वर्तमान में कंपनियों की बड़ी मशीन करीब सात लाख की है लेकिन उन्होंने जो मशीन तैयार की है वह सिर्फ तीन से चार हजार रुपये की होगी।

### एंटीना से बरकरार रहेगी 5जी स्पीड

एयरफोर्स से सेवानिवृत्त डॉ. सोवन मोहन्ते ने बताया कि 5जी इंटरनेट स्पीड के लिए इस समय एंटीना में कॉपर धातु का इस्तेमाल होने से 6 गीगा हट्र्ज पार करने बाद इंटरनेट स्पीड कम होने लगती है। इस समस्या को खत्म करने के लिए डाय इलेक्ट्रिक धातु का वायरलेस एंटीना तैयार किया है। इससे इंटरनेट की स्पीड बनी रहती है। इसका परीक्षण आईआईटी बाम्बे और रुड़की में भी हो चुका है। इस प्रोजेक्ट का आवीआरआई में भी चयन हुआ था, जिसे जानवरों के शरीर में डालकर उनकी मॉनिटरिंग की जा सकती है।

# पेड़ से लटका मिला किशोर का शव, पीटकर हत्या का आरोप

## परिजनों का आरोप, हत्या को आत्महत्या दिखाने के लिए पेड़ से लटकाया

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी

**अमृत विचार :** एक किशोर का शव नदी किनारे पेड़ से लटका मिला। परिजनों ने रंजिश के कारण उसकी हत्या कर आत्महत्या दिखाने के लिए शव को किनारे के पेड़ पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस और फारेंसिक टीम ने घटनास्थल पर साक्ष्य जुटाए।

फतेहगंज पूर्वी के समीपवर्ती थाना कटरा के गांव हीरपुर में एक किशोर का शव पेड़ पर लटका मिला। परिजनों के अनुसार उनका बेटा सुखवीर उर्फ नन्हे (17) बहगुल नदी के किनारे जंगल में भैंस चराने गया था। दोपहर में उसका भाई उसे टिफिन देकर वापस लौट आया, वहीं तकरीबन तीन बजे लोगों ने किशोर की एक पेड़ पर फंदे पर लटकने की सूचना दी। जानकारी होने पर परिजन पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

परिजनों के अनुसार उनकी गांव के ही एक अनुसूचित जाति के परिवार से दुश्मनी चल रही हैं। आरोप है कि उस परिवार के लोगों ने मृतक के तहेरे भाई पर दुष्कर्म का आरोप लगवाकर जेल भिजवा दिया था जो जेल से छूट गया था। इसलिए बदले की भावना से आरोपियों ने युवक की जंगल में पीट- पीटकर हत्या कर दी, उसके बाद हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए पेड़ से लटका दिया। उसके पैर जमीन से छू रहे थे।

परिजनों ने दो लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। परिजनों का आरोप है कि सुखवीर को पहले भी कई बार घेरकर उसके साथ मारपीट की कोशिश की गई थी, लेकिन उसने भागकर जान बचा ली थी। शुक्रवार को उसे जंगल में अकेला पाकर उसकी हत्या कर दी।

> जंगल में युवक की पेड़ पर लटकने की सूचना मिली है, पुलिस घटना स्थल पर पहुंची है। टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तहरीर मिलने पर आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।
> –**प्रियांक जैन** सीओ तिलहर

> अभी परिजनों से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है. तहरीर मिलने पर करवाई की जाएगी। –**गौरव त्यागी**, प्रभारी निरीक्षक थाना कटरा

## एक नजर

### धार्मिक स्थल से इन्वर्टर बैटरी और नकदी चोरी

**संथल, अमृत विचार** : संथल के एक धार्मिक स्थल से गुरुवार रात गुल्लक का ताला तोड़कर उसमें रखे 25 हजार और इन्वर्टर-बैटरी चुरा ले गए। चोरी की जानकारी मुतवल्ली असगर कमाल ने 112 पुलिस को दी। हुसैनी टाइगर के जिलाध्यक्ष जौहर अब्बास ने बताया कि गुल्लक एक माह से नहीं खोली गई थी, उसमें लगभग 25 हजार रुपये थे।

### वकीलों ने तहसीलदार पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**नवाबगंज, अमृत विचार** :एडवोकेट प्रैक्टिशनर एसोसिएशन ने प्रभारी तहसीलदार पर बिना सुविधा शुल्क के नामांतरण पत्रावलियां पारित न करने का आरोप लगाया है। संगठन की ओर से प्रमुख सचिव राजस्व, अध्यक्ष राजस्व परिषद, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर आरोपों की जांच कराने के साथ ही तहसीलदार को हटाने की मांग की है। इससे पूर्व भी अधिवक्ताओं ने प्रभारी तहसीलदार के कार्यालय में हंगामा किया था।

# किशोरी से की छेड़खानी विरोध पर की मारपीट

संवाददाता, भोजीपुरा

**संवाददाता :** घर से खेत की तरफ जा रही किशोरी को दबंग ने रास्ते में रोककर छेड़खानी की, उसके विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। किशोरी के पिता ने तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

पीड़िता के पिता ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री पर गांव का ही एक युवक बुरी नजर रखता हैं। वह एक साल से उसे परेशान कर रहा है, स्कूल आते जाते समय परेशान करता है। उसकी बेटी ने जब परिजनों को बताया तो बदनामी के डर से उसका स्कूल जाना बंद कर दिया। आरोप है कि तीन दिन पहले वह घर से कही जा रही थी, रास्ते में वह बाइक से आया और उसके साथ छेड़खानी की। इसकी शिकायत जब आरोपी के परिजनों से की तो परिजनों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पिता के शिकायती पत्र पर प्राथमिकी की दर्ज की है। पुलिस के अनुसार आरोपी लड़की का चचेरा भाई है एसएचओ भोजीपुरा जगत सिंह ने बताया कि लड़की के पिता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है, मामले की जांच की जा रही है।

### दहेज प्रताड़ना और छेड़खानी के मामले में रिपोर्ट

**बहेड़ी, अमृत विचार :** बहेड़ी थाना क्षेत्र की एक महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि चार माह पहले उसकी शादी पीलीभीत के कस्बा जहानाबाद के एक युवक से हुई थी। ससुराल वाले दहेज की मांग कर प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि ससुर उसके साथ छेड़खानी करते है। पति से जब उसने शिकायत की तो उसके साथ मारपीट की गई। युवती का आरोप है कि गर्भ में पल रहे डेढ़ माह के बच्चे को पति अपना नहीं मान रहा है। तहरीर को आधार पर पुलिस ने ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज की हैं।

## सार-संक्षेप

### ट्रेन में मारपीट ,शीशा तोड़ने पर युवक गिरफ्तार

**आंवला, अमृत विचार** : बगैर टिकट यात्रा करने, यात्रियों से मारपीट और ट्रेन का शीशा तोड़ने के आरोप में रेलवे पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार करके कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। आंवला रेलवे पुलिस चौकी के एसआई अनिल कुमार ने बताया कि एक युवक गाजियाबाद से आंवला के लिए सदभावना एक्सप्रेस में बैठा था। रास्ते में उसका ट्रेन के यात्रियों से झगड़ा हो गया। गुरुवार रात करीब 10 :28 बजे ट्रेन के आंवला आने पर उसने उन यात्रियों से मारपीट की। यात्रियों ने बचने के लिए ट्रेन का शीशा बंद कर लिया। उस युवक ने शीशा तोड़ दिया और ट्रेन में तोड़फोड़ करने लगा। शोर शराबा सुनकर आरपीएफ कर्मियों ने उसे दबोच लिया। उस युवक से टिकट मांगा गया तो वह नहीं दिखा सका। पुलिस ने बताया कि युवक ने अपना नाम जगवेन्द्र निवासी बेहटा चौहान बताया है।

### फरीदपुर में समाजसेवियों ने शुरू की शीतल जल सेवा



**फरीदपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी को देखते हुए असहायों और निर्धनों की सेवा ग्रुप ने रेलवे फाटक पर शीतल जल का प्याऊ लगाया। ग्रुप के संरक्षण सीएएस इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य दीपक सक्सेना, प्रवक्ता कैलाश बिहारी ने शीतल प्याऊ सेवा का आरंभ किया। ग्रुप के सदस्य संजीव जायसवाल, गिरीश शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य राजेश कुमार शर्मा, धर्मेश शर्मा, विवेक शर्मा आदि ने राहगीरों को शीतल जल पिलाया। ग्रुप संचालक ज्ञानेश कुमार शर्मा ने बताया कि यह प्याऊ सेवा गर्मियों तक जारी रहेगी।

### चुनाव निपटते ही प्रधान पति का अतिक्रमण हटवाया

**नवाबगंज, अमृत विचार** : कस्बे से सटे ग्राम रिछोला किफायतुल्ला में प्रधान पति पर हड़वार ( पशु मरघट ) की भूमि पर कब्जा करने का आरोप एक ग्रामीण ने लगाया था। आरोप है कि प्रधान पति और उसके पार्टनर ने हाईवे किनारे स्थित हड़वार की भूमि पर अपनी निर्माणाधीन दुकानों का निकास बनाकर कब्जा कर लिया है। जिस पर राजस्व टीम के शुक्रवार को हड़वार की भूमि पर डाली गई शटरिंग गिरवा दी। एक माह पूर्व की गई शिकायत पर चुनाव प्रक्रिया के चलते प्रशासन कार्रवाई करने से कतरा रहा था, जिस पर शिकायतकर्ता ने सीएम पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कर डाली। शुक्रवार को नायब तहसीलदार सतवीर सिंह के नेतृत्व में पहुंचे राजस्व निरीक्षक व लेखपाल गौरव कुमार ने जेसीबी से निर्माणाधीन छज्जे की शटरिंग गिरवा दी लेकिन हड़वार की ओर लगे गेटों को लेकर मामला फिर अटक कर रह गया है।

### इफको केवी में विद्या प्रवेश कार्यक्रम आयोजित



**आंवला, अमृत विचार** : केंद्रीय विद्यालय इफको में कक्षा एक में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों के लिए विद्या प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टाइनी टॉटस विद्यालय प्रधानाचार्य सीमा पुरी रहीं। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की प्रतिमा का माल्यार्पण कर किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में चाचा नेहरू मंदिर इंटर कालेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य आर के शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्या अमिता सिंह, आरसी शर्मा, जंग बहादुर, प्रीती अग्रवाल, ज्योति राठौर, वंदना, गुंजन, आदि मौजूद रहे।

### प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी महिला

**भमोरा, अमृत विचार** : एक माह पहले प्रेमी के साथ घर से फरार चार बच्चों की मां को पुलिस ने बरामद कर लिया। सूचना पर पति और बच्चे थाने पहुंची, लेकिन महिला घर जाने की जगह प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ गई। बच्चे भी मां से घर चलने की मिन्नत करते रहे ,लेकिन उसका दिल नहीं पसीजा, देर शाम तक कोई हल नहीं निकला। बहानपुर निवासी धर्मेंद्र की पत्नी रूबी एक माह पूर्व गांव के ही प्रेमी के साथ फरार हो गई थी। पति ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी, पुलिस ने महिला को प्रेमी के साथ बरामद करके शुक्रवार को थाने ले आई। जानकारी होने पर धर्मेंद्र बच्चों के साथ पत्नी से घर चलने की मिन्नतें करते नजर आया, लेकिन महिला को बच्चों पर भी दया नहीं आई वह प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी रही।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट**
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# हादसे में बाइक पर सवार तीन घायल

**देवरनियां, अमृत विचार :** रिछा-जहानाबाद रोड पर चौकी कुंडरा कोठी के गांव बालपुर में जहानाबाद की ओर से आ रहे एक बाइक पर सवार तीन युवक किसी वाहन की टक्कर से घायल हो गए, वहीं उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज विश्व देव सिंह ने घायल के परिजनों को सूचना दी, और घायल को इलाज के लिए रिछा सीएचसी भेजा। थाना जहानाबाद जिला पीलीभीत के गांव हैदरगंज के तीन युवक एक बाइक से रिछा की ओ जा रहे थे। बालपुर गांव के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे तीनों घायल हो गए। पुलिस ने गंभीर घायल कल्लू निवासी हैदरगंज थाना जहानाबाद को इलाज के लिए भेजा, बाकी दो युवक वहां से चले गए।

# चेना मुरारपुर में गंदगी से पटी हैं नालियां, बढ़ रहे मलेरिया रोगी

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

- डेढ़ महीने में हुई करीब 600 जांचों में 24 लोगों में हो चुकी है मलेरिया की पुष्टि

**अमृत विचार :** पिछले दो वर्ष की तरह इस वर्ष भी चेना मुरारपुर में मलेरिया से पीड़ितों की संख्या लगातार बढ़ रही हैं।इसके बाद भी गांव में सफाई नहीं कराई जा रहा हैं। यहां की सड़कों पर जलभराव है, जहां मच्छरों के लार्वा पनप रहे है।

जल्द ही जिम्मेदार यहां ध्यान नहीं देंगे तो इस वर्ष भी हालात खराब हो सकते हैं। गांव में डेढ़ माह में करीब 600 जांचे की जा चुकी है, जिसमें 24 लोगों में मलेरिया की पुष्टि हो चुकी है। जबकि कई लोग चपेट में भी है। गांव की नालियां भी गंदगी से बजबजा रहीं हैं। इसके बाद भी ब्लॉक के अधिकारियों और ग्राम प्रधान ने सुध नही ली है। इस गांव में पिछले वर्ष करीब 50 लोगों मे मलेरिया की पुष्टि हुई थी, जो कि ब्लॉक के सभी गांवों में सबसे ज्यादा थी।

> गांव में लगातार टीम संदिग्ध मरीजों की जांच कर रही है, पॉजिटिव मरीजों को दवाई दी जा रही है ।गांव में साफ -सफाई होना बेहद जरूरी है।- **डॉ विवेक**,प्रभारी चिकित्सा अधिकारी , बिथरी

> पंचायत सचिव को साफ सफाई करवाने के निर्देश दिए गए हैं। बाकी,मैं खुद गांव जाकर देखूंगा,जो भी समस्याएं हैं उनको दुरुस्त करवाया जाएगा ।टीम लगाकर भी साफ सफाई शुरू कराई जाएगी।
> - **बीरपाल**, बीडीओ,बिथरी

# दबंग किसान के घर से ट्रैक्टर ले गए

**फरीदपुर, अमृत विचार:** किसान के घर से दबंग ट्रैक्टर ले गए। विरोध करने पर मां- बेटे से दबंगों ने मारपीट की। पीड़ित ने कोतवाली फरीदपुर में नामजद तहरीर दी हैं। थाना क्षेत्र के ग्राम एवं सर्रफापुर निवासी नवाब खान ने बताया कि 9 मई को कुछ लोग आए और उसका ट्रैक्टर जबरन ले जा रहे थे। उसके मना करने पर उसे और उसकी मां को गालियां देते हुए मारपीट की। आरोप है कि उसकी कार को साहब अली ग्राम प्रधान चुनाव के लिए मांग कर ले गए अब कह रहे हैं तेरे भाई पर रुपये हैं वह दे दो, तभी गाड़ी दूंगा पीड़ित ने बताया कि जब कि उसका उसके भाई से कोई लेनादेना नहीं हैं ।प्रभारी निरीक्षक ने बताया पैसों का लेनदेन है दोनों पक्षों से बात की जा रही है जो भी होगा उचित कार्रवाई की जाएगी।

### सपा को वोट न देने पर पूर्व प्रधान पर मारपीट का आरोप

**नवाबगंज, अमृत विचार** : नवाबगंज के गांव ईद जागीर के इम्तियाज अहमद ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि उसने लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रचार-प्रसार कर रहा था, पूर्व प्रधान उस पर सपा को वोट देने का दबाव बना रहा था। जब उसने उनकी बात नहीं मानी तो पूर्व प्रधान ने उसकी जगह में बंधी गाय को गायब कर दिया। आरोप है कि 4 मई को पूर्व प्रधान साथियों के साथ उसके घर आया और सपा को वोट देने का दबाव बनाने लगा। जब उसने उनकी बात नहीं मानी तो पूर्व प्रधान ने उसे पर तमंचा तान दिया और उसके परिवार के लोगों को पीटना शुरू कर दिया ।पीड़ित ने उच्चअधिकारियों से कार्रवाई की मांग की।

### चेयरमैन पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप

**देवरनियां, अमृत विचार** : देवरनियां नगर पंचायत के चेयरमैन पर सभासद ने आरोप लगाते हुए कहा है वह नगर का विकास न करके केवल अपना विकास कर रहे हैं। वार्ड 9 अलीनगर के सभासद तहसीन बेग का आरोप है कि चेयरमैन ने उनके वार्ड में खंभों पर लगी लाइटें उतरवा ली, चार माह से वार्ड में अंधेरा रहता है, कई बार कहा गया, मगर उनकी बात को अनसुना कर दिया गया। सभासद का आरोप है कि चेयरमैन ठेके पर लगाए कर्मियों के नाम पर सरकारी धन का गोलमाल कर रहे हैं। सभासद के आरोप को चेयरमैन कलीम अंसारी ने निराधार बताया है।

### बाइक से युवक को टक्कर मारने वाले पर रिपोर्ट

**मीरगंज, अमृत विचार** : बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मारने वाले आरोपी बाइक चालक पर पुलिस ने शुक्रवार को तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं। सीबीगंज के गांव पस्तौर निवासी लालमन ने थाना शाही में तहरीर देकर बताया कि 29 अप्रैल को उनका बेटा महेंद्र पाल गांव दुनकी से वापस घर बाइक से आ रहे थे। रास्ते में गांव फिरोजपुर के पास एक बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उसका बेटा और सत्यवीर घायल हो गए। उनका बेटा अभी तक कोमा में है।

### बच्चों को छोड़कर भतीजे के साथ चली गई चाची

**नवाबगंज, अमृत विचार** : नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक अपनी चाची को लेकर फरार हो गया। दोनों के बीच काफी समय से प्रेम संबंध थे। 30 अप्रैल को भतीजा चाची को लेकर भाग गया। चाची अपने बच्चों को छोड़कर भतीजे के साथ चली गई। आरोपी के चाचा ने थाने पर तहरीर देकर अपनी पत्नी की बरामद की मांग की है। पुलिस ने इस मामले में कई लोगों से पूछताछ की है पर अभी तक कोई सुराग नहीं हाथ लगा है।

### दहेज के लिए विवाहित को घर से निकाला

**भमोरा,अमृत विचार** : दहेज लोभी ससुरालियों ने दहेज के लिए महिला को प्रताड़ित करके घर से निकाल दिया, पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। भमोरा के ग्राम सरदार नगर निवासी गुलवसा पत्नी बबलू ने बताया उसकी शादी एक साल पहले मुस्लिम रीति रिवाज से बबलू के साथ हुई थी कुछ समय ठीक रखने के बाद पति व ससुराल वाले दहेज में 1 लाख रुपए मांगते हुए प्रताड़ित करने लगे ।

# बैंक को मूल राशि ब्याज समेत लौटाने के आदेश

संवाददाता, बिशारतगंज

- जिला उपभोक्ता फोरम ने उपभोक्ता के पक्ष में सुनाया फैसला, दो माह में रुपये लौटाने का आदेश

**अमृत विचार :** कस्बे के विभिन्न बैंकों से लोगों के खाते से गलत तरीके से रुपये निकालने के मामले में पीड़ितों को अब न्याय मिलने की उम्मीद बंधी है। जिला उपभोक्ता फोरम ने गुरुवार को ऐसे ही एक मामले में फैसला देते हुए बैंक प्रबंधन से गांव अतरछेड़ी निवासी सुधा देवी के खाते से बिना बताए निकाली गई धनराशि ब्याज सहित लौटाने का आदेश दिया है।

वर्ष 2017 से लेकर 2019 तक विभिन्न बैंकों से खाता धारकों के खाते से गुपचुप ढंग से रुपये निकालने के मामले सामने आए थे। 13 दिसंबर 2019 को अतरछेड़ी गांव निवासी देवेंद्र की पत्नी सुधा देवी सेंट्रल बैंक की स्थानीय शाखा में जब अपने खाते में रुपये जमा करने आई तो उन्हें पता लगा कि उनके खाते से किसी ने 1,13,500 रुपये गुपचुप ढंग से निकाल लिए हैं। उन्होंने बैंक प्रबंधन के अलावा पुलिस अधिकारियों से शिकायत की, किंतु राहत नहीं मिली। इसके बाद सुधा देवी ने जनवरी 2020 में परिजनों और ग्रामीणों के साथ सेंट्रल बैंक की स्थानीय शाखा का घेराव कर आमरण अनशन शुरू कर किया था। ग्रामीणों के आक्रामक तेवर को देख पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली थी। विवेचना साइबर सेल के सौंपी गई तो साइबर सेल ने बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक, शाखा प्रबंधक, कैशियर और दो मिनी बैंक संचालकों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। अधिवक्ता सैयद गुलजार हुसैन ने बताया कि पीड़िता ने आर्थिक नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए उपभोक्ता फोरम में वाद दायर किया था। गुरुवार को जिला उपभोक्ता फोरम ने सुधा देवी के आर्थिक नुकसान के लिए बैंक प्रबंधन को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया और बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक, तत्कालीन शाखा प्रबंधक प्रिय पाल सिंह, कैशियर मधुबाला को सुधा देवी की मूल धनराशि 113500 हरजाना 10000 और 7 फीसदी ब्याज के साथ 2,33,500 रुपये दो माह के अंदर सुधा देवी को अदा करने का आदेश दिया है। बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक प्रियपाल सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने वकील के माध्यम से जवाब दिया है कि मामला उनकी ब्रांच से संबंधित नहीं है उन पर लगाए गए आरोप निराधार हैं।

### प्रधान पर लगाया मारपीट का आरोप एसएसपी से शिकायत

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** : गांव रसूला चौधरी में जमीन के विवाद में हुई मारपीट में एक ग्रामीण घायल हो गया। पीड़ित ने गांव के प्रधान समेत 6 लोगों पर मारपीट कर 25 हजार रुपये छीनने का आरोप लगाया है। एसएसपी ने पीड़ित की शिकायत पर कार्रवाई के आदेश दिए है। प्रधान ने आरोप निराधार और राजनीति प्रेरित बताया है। गांव रसूला चौधरी निवासी घनश्याम कश्यप के अनुसार गुरुवार शाम को वह कस्बे की बैंक से 25 हजार रुपये निकालकर घर लौट रहे थे। गांव में पहुंचने पर कुछ लोग झगड़ा कर रहे थे। प्रधान भी मौजूद थे। उसने झगड़ा कर रहे लोगो को समझने को कोशिश की, जिस पर प्रधान आग बबूला हो गए। आरोप है प्रधान ने समर्थकों को बुलाकर उससे मारपीट की। जानकारी होने पर पीड़ित के परिजनों आकर ललकारा तो आरोपी भाग गए।

**अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार क्लासीफाइड**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र वरुण कुमार गुप्ता व पुत्रवधू रषीका गुप्ता उर्फ मोनिका के गलत आचरण व व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी लेनदेन व कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार से कोई भी वास्ता नहीं होगा उसके वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **श्याम मनोहर गुप्ता पुत्र स्वर्गीय अशर्फी लाल गुप्ता निवासी सीता राम मंदिर 302 कटरा चांद खां बरेली।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे पति स्व. श्री संजीव कुमार रस्तोगी की मृत्यु दिनांक 16.11.2020 को हो चुकी है। उनके नाम से आवासीय मकान खन्नू मोहल्ला, डोमनी मस्जिद, बरेली में है। इस सम्पत्ति पर पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग लिमिटेड से लोन चल रहा था जो कि पूरा हो चुका है। इस सम्पत्ति के कागजात श्रीमती सोनिया रस्तोगी पत्नी स्व. श्री संजीव कुमार रस्तोगी को पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग लिमिटेड से छुड़ाने हैं। **श्रीमती सोनिया रस्तोगी पत्नी स्व. श्री संजीव कुमार रस्तोगी, खन्नू मोहल्ला, डोमनी मस्जिद, बरेली**

**किराये हेतु**
दो कमरे का मकान
किचन, बाथरूम सहित
गली नं. 5, स्लीपर रोड, सी.बी. गंज, बरेली
संपर्क करें
8938963397

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हाईस्कूल के अभिलेखों में मेरा नाम संजीव कुमार गर्ग पुत्र बीरेंद्र स्वरुप अग्रवाल एवं अन्य अभिलेखों में संजीव कुमार अग्रवाल अंकित हो गया है। ये दोनों ही नाम मेरे हैं। भविष्य में मुझे संजीव कुमार अग्रवाल के नाम से ही जाना जाये। **संजीव कुमार अग्रवाल पुत्र श्री बीरेंद्र स्वरूप अग्रवाल, अहाता गोवेर्धन दास, रेलवे रोड कासगंज।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

**फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज**
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

**रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# परशुराम के आदर्श अपनाए ब्राह्मण समाज

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** आंवला कस्बे समेत पूरे तहसील क्षेत्र में परशुराम की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। ब्राह्मणों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। सीओ कार्यालय के सामने एक निजी स्थान पर ब्राह्मणों ने गोष्ठी आयोजित की।

गोष्ठी में अमित शर्मा, प्रभाकर शर्मा, अवनीश तिवारी, भारतीय बजरंग दल प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने विचार व्यक्त किए। ब्राह्मणों ने कस्बे में परशुराम चौक बनवाने के लिए चर्चा की। इस दौरान ब्रह्मानंद शर्मा, जयदीप पाराशरी, अवनेश शंखधार, ऋषभ शर्मा, आशीष हिन्दू, दिलीप शर्मा, मिन्टू शर्मा, गिरीश तिवारी आदि मौजूद रहे। वहीं कस्बे के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में भी परशुराम जयंती मनाई गई। शिक्षकों ने परशुराम चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए।कार्यक्रम में बच्चों को परशुराम के बारे में जानकारी दी गयी। इस दौरान प्रधानाचार्य दयाशंकर शर्मा, संजीव कांत, हरिशंकर, अमित कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार, वीरेंद्र पाल सिंह, समेत अन्य मौजूद रहे। वहीं सिरौली के गांव व्योंधन खुर्द में परशुराम जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दिनेश चन्द शर्मा, राघव तिवारी, गिरीश पाराशरी, आशुतोष उपाध्याय, प्रवेन्दर पाठक, अक्षय मिश्रा, ब्रजेश तिवारी, प्रवीन पाठक समेत अन्य मौजूद रहे।

### बहेड़ी में हुआ सुंदरकांड का पाठ



बहेड़ी के मोहल्ला पंजाबी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में कार्यक्रम की शुरुआत परशुराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके बाद सुंदरकांड का पाठ किया गया। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। धार्मिक आयोजन में पं . विजय दत्त गौतम, प्रमोद सारस्वत, पंकज सारस्वत, डॉ एस के शर्मा, जितेंद्र शर्मा, रोहित शर्मा व रमेश शर्मा के अलावा ब्राह्मण परिवार सभा के सैकड़ों अन्य बंधुओं की भागीदारी रही।

### परशुराम के बताए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : कस्बे के निजी स्कूल में ब्राह्मण समाज ने परशुराम का जन्मोत्सव मनाया। परशुराम के चित्र पर माल्यपर्ण कर दीप जलाए गए। मुख्य वक्ता दिनेश पांडेय ने कहा कि परशुराम प्रभु विष्णु के छठे अवतार थे। महर्षि वेदव्यास, राजा बलि, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य, ऋषि मार्कंडेय सहित उन आठ अमर किरदारों में उनकी गिनती होती है, जिन्हें कलियुग तक अमर माना जाता है। इस अवसर पर सौरव पाठक हरीश शर्मा अभिषेक पांडे आशीष पांडे साहब स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।



# दिल्ली में चार सीटों पर गुल खिला सकते हैं मुस्लिम मतदाता

राजपुरुष



- उत्तर पूर्व, पूर्वी दिल्ली, चांदनी चौक और नई दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाता 14 से 21 फीसदी तक
- इस बार आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन होने से वोटों के बिखराव की कोई संभावना नहीं

**21.0%** गिने जाते हैं उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाता

**16.8%** पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की अनुमानित संख्या

**अमृत विचार।** दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर 25 मई को वोट डाले जाएंगे। पिछले दो चुनाव से भाजपा यहां की सभी सात सीटों पर कमल खिला रही है। लेकिन इस बार तस्वीर थोड़ी बदली हुई है। इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी चार और कांग्रेस तीन सीटों पर भाजपा का मुकाबला कर रही है। ऐसे में बड़ा सवाल मुस्लिम मतदाताओं का रुख है। 2019 के लोकसभा चुनाव में मुकाबला भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच त्रिकोणीय था। इससे मुस्लिम वोट बिखर गया था। अबकी बार कांग्रेस-आप के गठबंधन का भाजपा से सीधा मुकाबला है। ऐसे में मुस्लिम मतों के बिखराव की संभावना नहीं है। दिल्ली में चार लोकसभा सीटों पर मुस्लिम मतदाताओं के एकमुश्त वोट भाजपा की चिंता बढ़ा रहे हैं। हालांकि भाजपा नेता कह रहे हैं कि मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ सभी धर्मों के गरीब वर्ग को मिल रहा है। पसमांदा मुस्लिमों को सबसे ज्यादा फायदा मिला है। इससे भाजपा के विरुद्ध मुस्लिमों को लेकर किया जाने वाला दुष्प्रचार अब उतना प्रभावी नहीं रहा है। मुस्लिम समाज इस बात से सहमत है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए काम कर रहे हैं। इसका लाभ भाजपा को चुनाव में अवश्य मिलेगा।

दिल्ली में भाजपा के खिलाफ एकमुश्त मुस्लिम वोट पाने की उम्मीद लगाए बैठा इंडिया गठबंधन की ओर से आप और कांग्रेस दोनों ने कोई मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में नहीं उतारा है। बहुजन समाज पार्टी ने जरूर चांदनी चौक सीट से एकमात्र मुस्लिम प्रत्याशी अब्दुल कलाम आजाद को मैदान में उतार रखा है। दिल्ली में तीन लोकसभा सीटों पर उत्तर पूर्व दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और चांदनी चौक में मुस्लिम मतदाताओं की भूमिका को अहम माना जाता है। उत्तर पूर्व दिल्ली लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा करीब 21 फीसदी, पूर्वी दिल्ली में में लगभग 17 फीसदी और चांदनी चौक सीट पर 14 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। 2014 के लोकसभा और 2015 के विधानसभा चुनाव से मुस्लिम समुदाय को वोट कांग्रेस से आम आदमी पार्टी की तरफ खिसक गया था। हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव में मुस्लिम मतदाता ने एक बार फिर कांग्रेस का रुख किया, इसका नतीजा रहा कि कांग्रेस दिल्ली में भले ही लोकसभा की एक भी सीट नहीं जीत पाई, लेकिन वोट फीसदी में उसने आम आदमी पार्टी को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया था।

उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में मुस्लिम मतदाता सबसे अधिक 21 फीसदी है, इंडिया गठबंधन में कांग्रेस से इस सीट पर कन्हैया कुमार चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला भाजपा के सांसद मनोज तिवारी से हैं। इस सीट पर पूर्वांचल के मतदाता भी बड़ी संख्या में हैं। पूर्वी दिल्ली में 16.8 फीसदी मुस्लिम मतदाता माने जाते हैं। इस लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की तरफ से आम आदमी पार्टी ने कुलदीप कुमार को मैदान में उतारा है। भाजपा ने यहां प्रत्याशी बदलकर हर्ष मल्होत्रा को उम्मीदवार बनाया है। चांदनी चौक में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 14 फीसदी है।

इस लोकसभा क्षेत्र में आदर्श नगर, शालीमार बाग, शकूरबस्ती, वजीरपुर, सदर बाजार, चांदनी चौक, मटिया महल और बल्लीमारान जैसी विधानसभा सीटें आती हैं, जिन पर मुस्लिम मत निर्णायक माने जाते हैं। चांदनी चौक से इस बार कांग्रेस के जयप्रकाश अग्रवाल और भाजपा के प्रवीण खंडेलवाल के बीच मुकाबला है।

### नई दिल्ली में 14, उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में 10.6 फीसदी

- नई दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाता चांदनी चौक जितने 14 फीसदी गिने जाते हैं। इस लोकसभा सीट पर इस बार आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सोमनाथ भारती और भाजपा की बांसुरी स्वराज के बीच चुनावी संघर्ष हो रहा है।
- उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाता 10 .6 फीसदी गिने जाते हैं, यहां कांग्रेस के उदित राज का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया से हो रहा है।
- इसी तरह दक्षिण दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में सात फीसदी मुस्लिम मतदाताओं का अनुमान लगाया जाता है। इस लोकसभा सीट पर इस बार मुकाबला आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सहीराम पहलवान और भारतीय जनता पार्टी के रामवीर सिंह बिधूड़ी के बीच है।
- पश्चिमी दिल्ली में 6 .8 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। इस सीट पर इस बार भाजपा ने दक्षिणी दिल्ली के पूर्व मेयर कमलजीत सहरावत को मौका दिया है। पिछली बार 2019 में यहां से भाजपा के प्रवेश वर्मा जीते थे। आम आदमी पार्टी की तरफ से महाबल मिश्रा भाजपा का मुकाबला कर रहे हैं।

### बुनियादी सुविधाओं का अभाव, सीएए की चर्चा व दंगे की याद

- दिल्ली के अधिकतर मुस्लिम इलाकों में घनी आबादी है। बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। बिजली सप्लाई में सुधार, सड़क, पानी और अतिक्रमण जैसे मुद्दे अहम हैं। इसके अलावा चुनाव से पहले लागु हुआ सीएए जैसा मुद्दा भी है, जिसकी मुस्लिम इलाकों में चर्चा है। इसके साथ ही दिल्ली में वर्ष 2020 में हुए दंगे की याद भी लोग दिलाते हैं।

# इस बार बहुमत के दरवाजे पर दस्तक

## चौथे चरण की 96 लोकसभा सीटों में दलों के दबदबे के साथ स्विंग और कांटे के संघर्ष वाला मिजाज ज्यादा

चौथे चरण का चुनाव

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** 13 मई को चौथे चरण में 96 सीटों पर मतदान के साथ 379 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हो जाएगा, इसी के साथ माना जा रहा है कि बहुमत का दरवाजा भी खुल जाएगा और यह तय होगा कि कौन भीतर प्रवेश करने के लिए तैयार है। शायद यही वजह है कि यह चरण दोनों प्रमुख गठबंधनों एनडीए और इंडिया के लिए आसान नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनाव परिणाम के लिहाज से कांग्रेस के मुकाबले इस चरण में भी भाजपा की बढ़त तो साफ नजर आती है, लेकिन इस चरण के असली खिलाड़ी क्षेत्रीय दल हैं, जो दोनों गठबंधनों में से किसी के लिए भी बहुमत का दरवाजा खोल सकते हैं या पास फटकने से रोक सकते हैं।

भाजपा की अगुवाई वाला एनडीए गठबंधन तीन चरणों के चुनाव में 200 से अधिक सीटें जीतने का दावा कर रहा है, तो इंडिया गठबंधन के नेताओं का कहना है कि सभी 543 सीटों के चुनाव के बाद भी भाजपा की इस मर्तबा 200 सीटें नहीं आ रही हैं। अब सत्ता पक्ष और विपक्ष के इन दावों की पड़ताल तो चार जून को चुनाव परिणाम आने पर होगी, पर चौथे चरण के रण की बात करें तो भाजपा ने इस चरण की 96 में से 42 सीटों पर 2019 के चुनाव में जीत हासिल की थी। पार्टी इस बार अपनी जीत का आंकड़ा 60 से ऊपर जाने की उम्मीद लगा रही है।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में राजनीतिक दलों के गढ़ वाली सीटों और स्विंग करने वाली सीटों के परिणाम पर ही सारा दारोमदार टिका है। यही सीटें मुकाबला दिलचस्प बना सकती हैं, क्योंकि इन सीटों में जीत-हार को लेकर फेरबदल होने की संभावनाएं थोड़ी ज्यादा हैं। इस चरण में उन सीटों की संख्या ज्यादा हैं, जहां 2009 से किसी एक पार्टी का दबदबा नहीं रहा है। इसके अलावा इस बार पिछली बार से परिस्थितियां भी बदली हुई हैं। आंध्र प्रदेश में कांटे की टक्कर मानी जा रही है, तो तेलंगाना में बीआरएस के बजाय अब कांग्रेस काबिज है। 2019 के चुनाव में भाजपा इस चरण की 96 में से 89 सीटों पर चुनाव लड़कर 43 सीटें जीतने में सफल रही थी। भाजपा ने जीत वाली 43 सीटों पर 40 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल किए थे। जबकि इन 43 सीटों पर कांग्रेस को 10 फीसदी से भी कम वोट मिले थे। 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने इस चरण में 38 सीटें जीती थीं। हालांकि 2009 में भाजपा के हाथ सिर्फ 10 सीटें ही आयी थीं। इसके मुकाबले कांग्रेस 2019 में 85 सीटों पर चुनाव लड़कर सिर्फ 6 सीटें ही जीत सकी थी। 2014 के चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन काफी दयनीय था। पार्टी केवल तीन सीटें ही जीत पायी थी, जबकि 2009 में कांग्रेस ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए 50 लोकसभा सीटों पर जीत का परचम फहराया था। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी भी इन सीटों पर तेजी से आगे बढ़ी है। पार्टी ने 2014 में 9 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि 2019 में उसने 22 सीटें जीत ली थीं।

### भाजपा –कांग्रेस का यह रहा प्रदर्शन

- 2009: भाजपा – 10, कांग्रेस – 50
- 2014: भाजपा – 38, कांग्रेस – 03
- 2019: भाजपा – 42, कांग्रेस – 06

**35%** सीटों पर क्षेत्रीय दल खिलाड़ी तो दलों के गढ़ वाली सीटें कम

### 2019 में वोट शेयर


| चुनाव लड़ा | भाजपा 89 सीट | कांग्रेस 85 सीट |
|---|---|---|
| 10% से कम | 31 | 43 |
| 10–20% | 07 | 07 |
| 20–30% | 02 | 06 |
| 30–40% | 06 | 18 |
| 40% से ज्यादा | 43 | 11 |

### 32 सीटें पाला बदल या कड़े मुकाबले वाली, किसी भी तरफ झुक सकता फैसला

चौथे चरण की 96 लोकसभा सीटों में 32 सीटें परिणाम में बड़ा असर डाल सकती हैं। इनमें 21 सीटें ऐसी हैं, जो लगभग हर चुनाव में इधर–उधर होती रहती हैं। इसके अलावा 11 ऐसी सीटे हैं, जिन पर 2019 में जीत–हार का अंतर एक फीसदी से भी कम था। ऐसे में यही 32 लोकसभा सीटें इस चरण में असली खिलाड़ी हैं, जो किसी के साथ भी जाने पर उसका पलड़ा भारी कर सकती हैं।

### पिछली बार लगभग आधी सीटों पर हुआ था जमकर मुकाबला

2019 में चौथे चरण की लगभग आधी सीटों पर कांटे की टक्कर देखने को मिली थी। कोई भी दल ऐसे नहीं था, जिसने एकतरफा यानी 40 फीसदी से ज्यादा वोटों के अंतर से चुनाव जीता हो। झारखंड की पलामू, महाराष्ट्र की जलगांव और जम्मू–कश्मीर की श्रीनगर ही ऐसी सीटें थीं, जहां जीत का अंतर 40 फीसदी के आसपास था। भाजपा ने पलामू में 37 .80% और जलगांव में 39 .55% वोटों के अंतर से चुनाव जीता था, जबकि, श्रीनगर सीट पर फारूक अब्दुल्ला ने 37 .50% मतों के अंतर से जीत हासिल की थी।



### 11 सीटों पर एक फीसदी से कम वोटों से हुई थी जीत-हार

- 2019 के लोकसभा चुनाव में चौथे चरण की 11 सीटों पर एक प्रतिशत से कम वोट के अंतर से जीत–हार का फैसला हुआ था। तेलुगु देशम पार्टी ने आंध्र प्रदेश में विजयवाड़ा सीट 0 .7%, श्रीकाकुलम 0 .6% और गुंटूर सीट 0 .4% मतों के अंतर से जीती थी। कांग्रेस ने तेलंगाना की मलकाजगिरी में 0 .7 % और भोंगिर में 0 .4% के अंतर से चुनाव जीता था। इसी तरह विशाखापट्टनम, खूंटी, औरंगाबाद, कोरापुट, जहिराबाद और बर्धमान में भी एक प्रतिशत मतों के अंतर वाला मुकाबला ही सामने आया था।



**जीतेंगे जरूर**

झारखंड की राजमहल लोकसभा सीट से उम्मीदवार विजय कुमार हंसदक के नामांकन जुलूस में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने मांगा समर्थन।



**ये मेरी गारंटी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने तेलंगाना सरकार पर जमकर हमला बोला। पार्टी उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे।

# झारखंड में अर्जुन मुंडा व गीता कोड़ा की किस्मत का फैसला

चुनाव डेस्क



अर्जुन मुंडा।



गीता कोड़ा।

**रांची।** झारखंड में चौथे चरण से लोकसभा चुनाव की शुरूआत हो रही है। 13 मई को राज्य की चार सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में वोट डाले जाएंगे। पलामू अनुसूचित जाति की आरक्षित सीट है, जबकि बाकी तीन सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। चारों लोकसभा क्षेत्रों में 32.07 लाख महिलाओं सहित 64.37 लाख से अधिक मतदाता हैं। 2019 में भाजपा को राज्य में 11 सीटें मिली थीं, जबकि उसकी सहयोगी आजसू ने एक सीट जीती थी। कांग्रेस और जेएमएम को एक-एक सीट मिली थी। इस बार इन चारों सीटों पर होने वाले मतदान से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, चाईबासा की सांसद गीता कोड़ा, पलामू के सांसद बीडी राम, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत जैसे दिग्गजों की किस्मत का फैसला होगा। यहां चारों सीटों पर भाजपा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों में आमने-सामने का मुकाबला नजर आ रहा है।

**सिंहभूम में दो दिग्गज महिला नेताओं की जंग:** सिंहभूम में इस बार के चुनाव में दो महिला नेताओं के बीच जमकर मुकाबला हो रहा है। भाजपा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा फिर मैदान में हैं, यहां झामुमो की जोबा मांझी उनका मुकाबला कर रही हैं। गीता कोड़ा ने 2019 में इस सीट से कांग्रेस के टिकट पर जीत हासिल की थी। गीता कोड़ा चुनाव से पहले कांग्रेस से भाजपा में शामिल हो गई थीं। जोबा मांझी सिंहभूम के ही मनोहरपुर से लगातार छह बार विधायक चुनी गई हैं। वह बिहार और झारखंड सरकार में मंत्री रह चुकी हैं।

### खूंटी में 1,445 वोटों से हारी कांग्रेस ले पाएगी बदला

- खूंटी लोकसभा सीट से भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के सामने कांग्रेस ने काली चरण मुंडा को मैदान में उतारा है। गरीबी, अफीम की खेती, नक्सलवाद और मानव तस्करी की समस्याओं का सामना करने वाले खूंटी लोकसभा क्षेत्र में अर्जुन मुंडा ने 2019 में काली चरण मुंडा को केवल 1,445 वोटों के मामूली अंतर से हराया था। इस बार काली चरण अपनी हार का बदला लेने को आतुर दिख रहे हैं। अर्जुन मुंडा की जीत के लिए भाजपा ने ताकत झोंक रखी है।

### लोहरदगा में आसान नहीं समीर उरांव की राह

- लोहरदगा में कांग्रेस के सुखदेव भगत का मुकाबला भाजपा के समीर उरांव से है। भाजपा ने मौजूदा सांसद सुदर्शन भगत की जगह उरांव पर भरोसा जताया है। इसकी वजह सुदर्शन भगत को 2019 में सिर्फ 10,363 वोटों से मिली जीत रही है। 2018 में ओरांव राज्यसभा के लिए चुने गए थे और उनका कार्यकाल तीन मई को समाप्त हो गया है। यहां उनका मुकाबले में कांग्रेस ने पूर्व विधायक और पार्टी के प्रदेशअध्यक्ष रहे सुखदेव भगत को उतारा है।


### पलामू में भाजपा जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में

- पलामू में भाजपा ने राज्य के पूर्व डीजीपी सांसद विष्णु दयाल राम को तीसरी बार मैदान में उतारा है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की तरफ से ममता भुइयां इंडिया गठबंधन उम्मीदवार के रूप में उनका मुकाबला कर रही हैं। 2019 के चुनाव में विष्णु दयाल राम ने राजद के घूरन राम को 4,77,606 वोटों के अंतर से हराया था। यहां इस बार भी भाजपा की स्थिति बेहतर मानी जा रही है।

# गिरिराज, नित्यानंद व ललन सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर

बिहार का चुनावी रण

चुनाव डेस्क



गिरिराज सिंह।



नित्यानंद राय।



ललन सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिहार में चौथे चरण में पांच लोकसभा सीटों मुंगेर, बेगूसराय, दरभंगा, समस्तीपुर और उजियारपुर में 13 मई को मतदान होगा। इस चरण में भाजपा के दिग्गज फायरब्रांड नेता गिरिराज सिंह, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय और जेडीयू नेता ललन सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। एनडीए के सामने यहां अपनी जीत दोहराने का दबाव है।

**बाहुबली तय कर रहे मुंगेर में जीत-हार की तस्वीर :** मुंगेर लोकसभा सीट से एनडीए की सहयोगी जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह दूसरी बार मैदान में हैं। ललन सिंह ने 2019 के चुनाव में बाहुबली अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी को हराया था। आरजेडी ने इस सीट से बाहुबली अशोक महतो की पत्नी अनीता देवी को मैदान में उतारा है। लेकिन मोकामा के बाहुबली अनंत सिंह जेल से बाहर आने के बाद ललन सिंह को खुला समर्थन दे रहे हैं।

**बेगूसराय में गिरिराज को चुनौती देना थोड़ा कठिन :** बेगूसराय लोकसभा सीट पर भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह की इस बार सीधी टक्कर सीपीआई के अवधेश राय से है। पिछली बार इस सीट से सीपीआई से कन्हैया कुमार चुनाव लड़े थे, उन्हें गिरिराज सिंह ने चार लाख मतों से हराया था। आरजेडी तीसरे नंबर पर थी। इस सीट पर भूमिहारों का दबदबा है। लोकसभा क्षेत्र में 18% भूमिहार, 14 % मुस्लिम और 10% यादव हैं।

### दरभंगा में जातीय समीकरणों पर टिकी लड़ाई

- दरभंगा लोकसभा सीट पर 15 सालों से भाजपा का कब्जा है। भाजपा ने इस बार इस सीट से मौजूदा सांसद गोपाल जी ठाकुर को मैदान में उतारा है। इंडिया गठबंधन की तरफ से आरजेडी ने ललित कुमार यादव पर दांव लगाया है। वह दरभंगा ग्रामीण से छह बार विधायक चुने जा चुके हैं। 2019 के चुनाव में गोपाल जी ठाकुर ने आरजेडी के अब्दुल बारी सिद्दीकी को बड़े अंतर से हराया था। इस बार यहां जातीय समीकरण की लड़ाई है।

### समस्तीपुर में मंत्रियों के बेटे और बेटी में टक्कर

- समस्तीपुर लोकसभा सीट पर लोक जनशक्ति पार्टी बीते दो चुनाव से जीत रही है। इस बार लोजपा टूट गई है। 2019 में लोजपा के रामचंद्र पासवान की जीत हुई थी। एनडीए के सहयोगी चिराग पासवान ने शांभवी चौधरी को यहां से उतारा है। शांभवी चौधरी मंत्री अशोक चौधरी की बेटी हैं। इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने सन्नी हजारी को मौका दिया है। सन्नी हजारी जेडीयू मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे हैं। इस तरह यहां नितीश के दो मंत्रियों के पुत्र–पुत्रियों में टक्कर है।

### उजियारपुर में राय के लिए अमित शाह बना गए माहौल


- भाजपा के लिए उजियारपुर लोकसभा सीट प्रतिष्ठा का प्रश्न है। यहां गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की टक्कर राजद सुप्रीमो के करीबी पूर्व मंत्री आलोक मेहता से है। वह उन्हें जीत की हैट्रिक की चुनौती दे रहे हैं। साल 2009 में सीट अस्तित्व में आने के बाद से इस सीट पर एनडीए का कब्जा है। गृह मंत्री अमित शाह मतदाताओं से नित्यानंद राय को 'महत्वपूर्ण पद' देने की बात कहकर माहौल बना गए हैं। 2019 में नित्यानंद राय ने रालोसपा नेता उपेंद्र कुशवाहा को 2 .71 लाख मतों से हराया था।

# आठ सीटों पर जीत का चौका, 48 में तीसरी बार कमल खिलाने का इरादा

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार:** पिछले दो लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में एकतरफा जीत हासिल की थी। इस बार पार्टी मिशन-80 लेकर चल रही है, तो उसकी उम्मीदें बेवजह भी नहीं हैं। आठ लोकसभा सीटों लखनऊ, आगरा, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ, आंवला, बांसगांव और पीलीभीत में भाजपा हैट्रिक लगा चुकी है, इस बार जीत का चौका लगाने उतरी है। इसके साथ ही प्रदेश में 48 लोकसभा क्षेत्र ऐसे हैं, जहां भाजपा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के लिए चुनावी मैदान में है। दरअसल, प्रदेश में 49 लोकसभा सीटों पर भाजपा 2014 की मोदी लहर के बाद 2019 में भी चुनाव जीती थी। लेकिन इस बार इनमें से बागपत लोकसभा सीट पर उसकी सहयोगी जयंत चौधरी की रालोद ने चुनाव लड़ा है।

### भाजपा के मिशन-80 की उम्मीदों का लेखाजोखा



### छह नेताओं ने लगाया जीत का सिक्सर

- प्रदेश से लोकसभा चुनाव में जीत का सिक्सर लगाने वाले छह नेताओं में प्रतापगढ़ के राजा दिनेश सिंह, भाजपा के दिग्गज मुरली मनोहर जोशी, सपा संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव, रालोद मुखिया चौधरी अजित सिंह के अलावा राम नगीना मिश्र तथा महादीपक सिंह शाक्य के नाम हैं।

### 27 सांसद उतरे हैं जीत की हैट्रिक लगाने

- प्रदेश में इस बार भाजपा के 28 सांसद जीत की हैट्रिक लगाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भारी उद्योग मंत्री महेन्द्र नाथ पांडेय, केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी, संजीव बालियान, भानु प्रताप सिंह वर्मा, कौशल किशोर शामिल हैं।

## लखनऊ में लगातार आठ जीत का रिकार्ड राजनाथ की हैट्रिक और जीत का चौका भी

लखनऊ लोकसभा सीट पर भाजपा 1991 के चुनाव से लगातार जीत रही है, और अब तक आठ बार चुनाव जीत चुकी है। इस बार यहां से दिग्गज भाजपा नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जीत की हैट्रिक लगाने के लिए मैदान में हैं। हालांकि राजनाथ सिंह के लिए लखनऊ में जीत की हैट्रिक का सवाल है, लेकिन चुनाव जीतने पर उनका विजयी चौका होगा, क्योंकि वर्ष 2009 का चुनाव उन्होंने गाजियाबाद सीट से जीता था। इसके बाद 2014 व 2019 का चुनाव लखनऊ से जीते हैं।

## मेनका गांधी दो बार लगा चुकी हैं जीत की हैट्रिक


भाजपा सांसद मेनका गांधी आठ बार लोकसभा चुनाव जीत चुकी हैं। इस बार वह सुल्तानपुर से नवीं जीत हासिल करने के लिए मैदान में है। मेनका इससे पहले दो बार जीत की हैट्रिक लगा चुकी हैं। पीलीभीत लोकसभा सीट से वर्ष 1996, 1998 व 1999 में



चुनाव जीतकर उन्होंने पहली हैट्रिक लगाई थी। इसमें 1996 का चुनाव वह जनता दल से लड़ी थीं, जबकि 1998 और 1999 में निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी। भाजपा प्रत्याशी के रूप में 2004, 2009 व 2014 के तीन लोकसभा चुनाव लगातार जीतकर उन्होंने दूसरी बार जीत की हैट्रिक पूरी की थी। मेनका गांधी की बराबरी करने के लिए केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी लाइन में हैं। वह इस बार दूसरी हैट्रिक लगाने के लिए चुनाव मैदान में उतरे हैं। पंकज चौधरी ने महाराजगंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में वर्ष 1991,1996 व 1998 में चुनाव जीतकर हैट्रिक लगाई थी। इसके बाद 2004 का चुनाव भाजपा से जीतने के बाद 2014 व 2019 में महाराजगंज से फिर जीते थे।

### आठ बार चुनाव जीतने वालों में संतोष गंगवार भी, इस बार मैदान में नहीं

- प्रदेश से आठ बार लोकसभा चुनाव जीतने वाले सांसदों में मेनका गांधी के अलावा भाजपा नेता संतोष गंगवार भी हैं। वह 2019 में आठवीं बार सांसद चुने गए थे। लेकिन इस बार बरेली सीट से भाजपा ने उनका टिकट काट दिया था। इसी तरह बाजपा सांसद ब्रजभूषण सिंह भी जीत का सिक्सर लगा चुके हैं, लेकिन उनका भी टिकट इस बार पार्टी ने काट दिया है।



### लेकिन सबसे बड़ा कीर्तिमान पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के नाम

प्रदेश से सबसे अधिक बार लोकसभा चुनाव जीतने का कीर्तिमान पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर है। वह दूसरी लोकसबा से 14वीं लोकसभा तक 10 बार सांसद चुने गए थे। इसमें से नौ बार उन्होंने उत्तर प्रदेश से चुनाव जीता था।

---


**भाजपा से पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर मैदान में, सपा ने वरिष्ठ नेता सनातन पांडेय को दोबारा मैदान में उतारा है**

# विकास की चाहत और जाति-बिरादरी का मोह

**बलिया संसदीय सीट**

विनय जायसवाल, मऊ

बलिया का नाम आते ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल पांडेय और पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर का नाम जेहन में सबसे पहले आता है। बलिया को बागी बलिया भी कहा जाता है। कभी समाजवादियों का मजबूत गढ़ रहे बलिया संसदीय क्षेत्र में आज भाजपा का परचम लहर रहा है। खास बात यह है कि युवा तुर्क कहे जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चंद्रशेखर के पुत्र नीरज शेखर भी भगवा खेमे के झंडाबरदार हैं। इस चुनाव में भाजपा ने अपने सीटिंग सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त का टिकट काटकर नीरज शेखर को मैदान में उतारा है। भाजपा को उम्मीद है कि इस बार यहां से न सिर्फ जीत की हैट्रिक लगेगी बल्कि भगवा रंग और चटख हो जाएगा। भाजपा भले ही लोकसभा चुनावों में दो बार से जीत दर्ज कर रही है लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में उसकी स्थिति खराब हो गई थी। पार्टी को यहां की पांच विधानसभा सीटों में से सिर्फ एक पर ही जीत मिली थी। हालांकि तब उसके साथ सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी नहीं थी इस चुनाव में वह भाजपा की प्रमुख सहयोगी है। इसका लाभ भगवा खेमे को मिलता दिख रहा है।




### जातीय समीकरण अनुमानित

| | |
|---|---|
| ब्राह्मण | 3.0 लाख |
| राजपूत | 2.50 लाख |
| भूमिहार | 1.55 लाख |
| यादव | 2.20 लाख |
| दलित | 3.10 लाख |
| मुस्लिम | 1.0 लाख |

**06**

बार बलिया से पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने चुनाव जीता था

### 2019 का परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | वीरेंद्र सिंह मस्त | 4,69,114 | 47.40 |
| सपा | सनातन पांडे | 4,53,595 | 45.83 |
| एसबीएसपी | विनोद | 35,900 | 3.63 |

### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | भरत सिंह | 3,59,760 | 38.18 |
| सपा | नीरज शेखर | 2,20,324 | 23.38 |
| कौमी एकता | अफजल अंसारी | 1,63,943 | 17.40 |
| बसपा | वीरेंद्र कुमार पाठक | 1,41,684 | 15.04 |
| कांग्रेस | सुधा राय | 13,501 | 1.43 |

### 15,519 वोटों से ही पिछला चुनाव जीती थी भाजपा

- 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए भाजपा को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी थी। पार्टी के उम्मीदवार वीरेंद्र सिंह मस्त सपा के सनातन पांडेय से मात्र 15,519 वोटों से ही जीत पाए थे। हालांकि तब सपा- बसपा का गठबंधन था और कांग्रेस ने यहां से उम्मीदवार नहीं उतारे थे। 35,900 वोट सुभासपा के उम्मीदवार को मिले थे। इस चुनाव में सपा, बसपा अलग- अलग लड़ रही हैं। सपा का कांग्रेस से गठबंधन है तो सुभासपा भाजपा के साथ खड़ी है। भाजपा के रणनीतिकार मानते हैं कि सुभासपा का साथ, मोदी की गारंटी और नीरज शेखर की स्वच्छ छवि के सहारे पार्टी यहां जीत की हैट्रिक लगा लेगी। सपा- बसपा का गठबंधन न होना भी भाजपा के लिए मुफीद है।

### मंझे राजनीतिक खिलाड़ी हैं सपा के सनातन पांडेय


- सपा उम्मीदवार सनातन पांडेय 2007 में चिलकहर विधानसभा सीट से सपा के टिकट पर जीते थे। हालांकि 2012 में जब परिसीमन हुआ तो चिलकहर विधानसभा सीट का अस्तित्व समाप्त हो गया था। इसके बाद वे रसड़ा से मैदान में आए लेकिन वह बसपा के उमाशंकर सिंह से पराजित हो गए थे। 2017 में भी वे रसड़ा सीट पर हारे और 2019 के लोकसभा चुनाव में बलिया लोकसभा सीट से चुनाव लड़े पर भाजपा ने उन्हें हराया।

### बसपा बना रही है मुकाबले को त्रिकोणीय

बसपा ने इस सीट से लल्लन सिंह यादव को मैदान में उतारा है तो सपा से पूर्व विधायक सनातन पांडेय ताल ठोक रहे हैं। बसपा ने पिछड़ी जाति का उम्मीदवार देकर सपा के वोटों खासकर यादव मत में सेंधमारी की कोशिश की है। पार्टी की कोशिश है कि इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाया जाए ताकि सपा और भाजपा की लड़ाई में दलित, यादव वोटों के सहारे मैदान मारा जा सके। सनातन पांडेय भी अल्पसंख्यक, पिछड़ा और दलित वोटों के साथ ही ब्राह्मण वोटों के दम पर यहां से जीत दर्ज करने की कोशिश कर रहे हैं। यह लोकसभा क्षेत्र पांच विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर बनाया गया है। इसमें गाजीपुर की जहूराबाद और मोहम्मदाबाद व बलिया जिले की फेफना, बलिया नगर और बैरिया विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। 1989 के बाद इस सीट पर कांग्रेस कभी नहीं जीती। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस ने मजबूत प्रत्याशी न उतारे हों। पार्टी की ओर से खूब प्रयास हुए लेकिन युवा तुर्क चंद्रशेखर के आगे किसी की न चली। यहां के मतदाता सदैव चंद्रशेखर के साथ रहे। चंद्रशेखर ने सबसे पहले 1977 और 1980 में यहां से जीत दर्ज की थी। इसके बाद वे 1984 में हारे। फिर जनता दल के टिकट पर 1989 में जीते। इसके बाद उन्होंने समाजवादी जनता पार्टी का गठन किया और यहां से लगातार पांच चुनावों में जीत कर संसद पहुंचे। उनके निधन के बाद जब 2008 में इस सीट पर उप चुनाव हुआ तो उनके पुत्र नीरज शेखर सपा के टिकट पर सांसद बने। 2009 में भी नीरज सपा से जीते लेकिन 2014 की मोदी लहर में वे पिता की विरासत को नहीं बचा सके। भाजपा ने यहां से भरत सिंह को मैदान में उतार कर बाजी मार ली थी। हालांकि 2019 में पार्टी ने भरत सिंह का टिकट काटकर वीरेंद्र सिंह मस्त को दिया और वे भी जीते। अब नीरज शेखर भाजपा में हैं और फिर से पिता की विरासत बचाने के लिए कवायद कर रहे हैं।

## ... जब युवा तुर्क कहे जाने वाले चंद्रशेखर ने संभाली देश की कमान

बोफोर्स घोटाले का मुद्दा उठाकर सत्ता में आए जनता दल ने भाजपा के समर्थन से विश्वनाथ प्रताप सिंह को प्रधानमंत्री बनाया था लेकिन राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण को लेकर रथयात्रा निकाल रहे भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को बिहार में जब तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने गिरफ्तार किया तो भाजपा ने समर्थन वापस ले लिया था। इससे वीपी सिंह की सरकार गिर गई थी। तब जनता दल के सांसदों के साथ चंद्रशेखर ने समाजवादी जनता पार्टी बनाई थी और कांग्रेस के समर्थन से प्रधानमंत्री बने थे। हालांकि तीन महीने बाद ही कांग्रेस ने उनसे समर्थन वापस ले लिया था। इस कारण चंद्रशेखर को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। हालांकि चंद्रशेखर कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में छह माह तक कार्य करते रहे थे।



पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर।

### इंदिरा गांधी की हत्या से उपजी लहर में हारे चंद्रशेखर

- 1984 में जब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या हुई तो देश में कई जगहों पर दंगे भी हुए थे। इसी के बाद हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में जबरदस्त सहानुभूति की लहर थी। इस लहर में चंद्रशेखर को कांग्रेस के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा था।

### राम मंदिर लहर में भी भाजपा नहीं जीत पाई थी

- 1989 में जब पूरे देश में राम मंदिर आंदोलन को लेकर भाजपा के पक्ष में लहर चल रही थी तब भी भाजपा यहां नहीं जीती। 1991 और 1996 में भी राम मंदिर आंदोलन को लेकर भाजपा के पक्ष में माहौल था लेकिन चंद्रशेखर को हिला पाना भाजपा के लिए मुश्किल था। भाजपा का खाता इस सीट पर तब खुला जब 2014 में पूरे देश में मोदी नाम की लहर आई। हालांकि इस चुनाव में चंद्रशेखर के पुत्र नीरज शेखर मैदान में थे लेकिन इस आंधी में वे भी खुद की जीत सुनिश्चित नहीं कर पाए थे।

### मुख्तार अंसारी परिवार का पूरा दखल

- इस लोकसभा सीट पर चुनावों में मुख्तार अंसारी परिवार का भी जबरदस्त दखल है। यहां की मोहम्मदाबाद विधानसभा सीट से मुख्तार के भतीजे सुहेब अंसारी विधायक हैं। जहूराबाद विधानसभा क्षेत्र में भी मुख्तार परिवार का दबदबा है। अब मुख्तार के भाई अफजल अंसारी सपा में हैं तो इसका लाभ सनातन पांडेय को मिल सकता है।

---



**बरसे फूल** चंडीगढ़ के पचकुला में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो करके जनता से मांगा समर्थन।



**मना जश्न** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने के बाद पंजाब के पटियाला में चुनाव प्रचार कर रहे आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।

**भाजपा उम्मीदवार देवेंद्र सिंह भोले को खुद के काम और मोदी की गारंटी पर भरोसा**

# अकबरपुर में भोले की लगेगी हैट्रिक या राजाराम की दौड़ेगी साइकिल

- बेरोजगारी, महंगाई और आरक्षण बचाने का नारा गठबंधन ने बनाया चुनावी हथियार
- बसपा के राजेश द्विवेदी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने का कर रहे प्रयास

त्रिपुरेश अवस्थी, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** अकबरपुर संसदीय सीट पर भाजपा सांसद देवेंद्र सिंह भोले अब हैट्रिक लगाने के लिए व्यग्र दिख रहे हैं। मोदी की गारंटी, क्षेत्र में हुए विकास कार्य और कानून व्यवस्था को मुद्दा बनाकर वे जनता से वोट मांग रहे हैं तो इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगी पार्टी सपा के उम्मीदवार राजाराम पाल उन्हें हराने के लिए बेरोजगारी, महंगाई और आरक्षण के मुद्दे को अपने हथियार के रूप में प्रयोग कर रहे हैं और जनता से इन्हीं मुद्दों पर वोट मांग रहे हैं। इस लड़ाई को बसपा के राजेश द्विवेदी त्रिकोणीय बनाने की कोशिश तो कर रहे हैं पर कितना सफल होंगे यह वक्त बताएगा। फिलहाल मुकाबला भोले और पाल के बीच कांटे का दिख रहा है। बसपा प्रमुख मायावती और सपा प्रमुख अखिलेश यादव और राहुल गांधी ने चुनावी सभाओं के जरिए अपने- अपने उम्मीदवार के पक्ष में समीकरण साधने का प्रयास तो किया है। पीएम नरेंद्र मोदी भी चार मई को माहौल बना चुके हैं।

- अकबरपुर संसदीय सीट 2009 में अस्तित्व में आई थी। पहले चुनाव में पूर्व बसपा सांसद राजाराम पाल कांग्रेस के टिकट पर मैदान में उतरे थे और यहां से जीत हासिल की थी।

इस चुनाव में बसपा के अनिल शुक्ल वारसी ने उन्हें कड़ी टक्कर दी थी। इस चुनाव में भाजपा तीसरे और सपा चौथे नंबर पर थी। 2014 में जब चुनाव हुआ तो भाजपा ने पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह भोले पर दांव लगाया और यह सटीक बैठ गया। भोले न सिर्फ 2.79 लाख वोटों के भारी अंतर से जीते बल्कि इस चुनाव में राजाराम पाल चौथे, सपा के लाल सिंह तोमर तीसरे स्थान पर रहे। बसपा के अनिल शुक्ल वारसी को फिर दूसरा स्थान मिला। 2019 में भी भोले ने जीत दर्ज की। इस चुनाव में अनिल शुक्ल वारसी भाजपा में आ गए थे और बसपा- सपा गठबंधन की संयुक्त उम्मीदवार निशा सचान को दूसरा स्थान मिला था। राजाराम पाल इस चुनाव में भी तीसरे स्थान पर रहे थे। इस बार पाल मुख्य मुकाबले में दिख रहे हैं। जबकि बसपा इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश कर रही है।



देवेंद्र सिंह भोले।



राजाराम पाल।



राजेश द्विवेदी।

### राजाराम पाल पहली बार 2004 में बसपा से बने थे सांसद

- राजाराम पहली बार बसपा के टिकट पर 2004 में सांसद बने थे तब यह सीट बिल्हौर लोकसभा के नाम से जानी जाती थी। हालांकि ऑपरेशन दुर्योधन में नाम आने के बाद उनकी सदस्यता खत्म हो गई थी। इसके बाद 2007 में हुए उप चुनाव में बसपा के टिकट पर तब अनिल शुक्ल वारसी जीते थे। हालांकि 2008 में जब परिसीमन हुआ तो यह सीट खत्म हो गई और अकबरपुर के नाम से अस्तित्व में आई।

### बसपा के ब्राह्मण चेहरे से सपा को दिख रहा फायदा

- बसपा ने इस सीट पर ब्राह्मण चेहरे को मैदान में उतारा है। इसे सपा अपने लिए मुफीद मान रही है। इस क्षेत्र में ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या निर्णायक मानी जाती है। कल्याणपुर और अकबरपुर रनिया विधानसभा क्षेत्र में इस जाति के मतदाता प्रभावशाली हैं। ऐसे में सपा को लगता है कि बसपा के परंपरागत मतदाताओं के साथ ही ब्राह्मण मतों के राजेश द्विवेदी के साथ जाने से इस लड़ाई में उसे फायदा होगा और वह देवेंद्र सिंह भोले की हैट्रिक रोकने में कामयाब होगी।

**अकबरपुर संसदीय सीट**




### पांचों विधानसभा सीटें भाजपा व सहयोगी दल के पास

- इस क्षेत्र में आने वाली अकबरपुर रनिया, कल्याणपुर, बिठूर और महाराजपुर विधानसभा सीट पर भाजपा का कब्जा है। जबकि घाटमपुर सीट पर भाजपा की सहयोगी अपना दल एस की विधायक हैं। महाराजपुर सीट से विधायक सतीश महाना विधानसभा अध्यक्ष भी हैं। ऐसे में भोले की तीसरी जीत हो यह उनके लिए भी प्रतिष्ठा का सवाल है।

### भोले और सांगा के साथ आने से भाजपा हुई मजबूत

- सांसद भोले और बिठूर के विधायक अभिजीत सिंह सांगा के बीच छत्तीस का आंकड़ा है। दोनों के बीच का तनाव किसी से नहीं छिपा है चाहे वे क्षेत्र के कार्यकर्ता हों या फिर पार्टी नेतृत्व इस बात से सभी वाकिफ हैं। सांगा लोकसभा चुनाव में टिकट के दावेदार थे लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला। जबकि उन्होंने कई बार अकबरपुर रनिया और महाराजपुर, बिठूर के साथ ही घाटमपुर में भी शक्ति प्रदर्शन कर चुके थे। हालांकि गृह मंत्री अमित शाह ने दोनों में सुलह कराई। अब सांगा भी चुनाव में जुट गए हैं।

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते।
मृजया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥

धर्म की रक्षा सत्य से होती है, विद्या की रक्षा अभ्यास से, सौंदर्य की रक्षा स्वच्छता से तथा कुल की रक्षा सदाचार से होती है।


## संपादकीय

# उथल-पुथल का दौर

दुनिया उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। यूक्रेन में युद्ध हो रहा है, गाजा में संघर्ष के हालात हैं, लाल सागर और अरब सागर में हमले हो रहे हैं, दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में तनाव की स्थिति है, विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में आतंकवाद है, हमारे सामने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ समस्या है। ये सभी घटनाक्रम मिलकर एक जबदरस्त उथल-पुथल की तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। इस वर्ष दुनिया में कई अहम चुनाव भी होने हैं जिसमें भारत के अलावा अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संसद का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। इन चुनावों का खासा महत्व रहेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव का यूरोप, यूक्रेन और मध्य-पूर्व के युद्ध पर असर होगा। शुक्रवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आगाह किया कि संघर्षों, सत्ता केंद्रों में बदलाव और तेज होती प्रतिस्पर्धा के कारण इस दशक में दुनिया में बहुत अधिक उथल-पुथल होगी। विदेशमंत्री ने कहा कि ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि लोकसभा चुनाव में मतदाता विवेकपूर्ण तरीके से चुनाव करें ताकि भारत में एक मजबूत, स्थिर और परिपक्व नेतृत्व कायम रहे।

गौरतलब है कि देश में लोकसभा चुनाव के लिए तीन चरणों का मतदान पूरा हो चुका है और मतदान के चार चरण अभी बाकी हैं। रूस की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखरोवा ने बुधवार को कहा था कि अमेरिका भारत के आंतरिक मामलों में दखलंदाजी कर रहा है। इस पर अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि वे भारतीय चुनावों में दखल नहीं दे रहे हैं। चुनाव का नतीजा वहां की जनता खुद तय करेगी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने चुनाव प्रचार भाषणों में कहा है कि दुनिया में कई लोग नहीं चाहते कि भारत में स्थिर सरकार हो। पीएम मोदी के इस बयान को कहीं न कहीं अमेरिका की उस रिपोर्ट पर निशाना भी माना गया जिसमें मानवाधिकार, भ्रष्टाचार के आरोपी विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी के साथ सीएए समेत कई मुद्दों का जिक्र था। इस रिपोर्ट में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की गई थी। पिछले दिनों विदेश मंत्रालय की तरफ से भी अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) की वर्ष 2024 की रिपोर्ट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई थी। कुछ दिनों पहले माइक्रोसॉफ्ट की तरफ से कहा गया था कि चीन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के जरिये भारत के चुनावों में हस्तक्षेप करने में लगा हुआ है। वास्तव में उथल-पुथल के बीच आज भारत का ताकतवर होना बेहद जरूरी है। महत्वपूर्ण है कि देश सभी चुनौतियों से पार पा लेगा। इसी के चलते दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत वैश्विक आशाओं का केंद्र बिंदु बनकर उभरा है।

# खेल नहीं खेल-खेल में शिक्षा का विचार



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

खेल विधि से शिक्षण की संकल्पना को सर्वप्रथम फ्रेडरिक फ्रोबेल ने सुव्यवस्थित रूप दिया। फ्रोबेल का मानना था कि बच्चों में एक पौधे की तरह उगने और पनपने की जन्मजात क्षमता होती है। विद्यालय एक बगीचा होता है, जहां शिक्षक उस माली की भूमिका में होते हैं, जो पौधों को पुष्पित-पल्लवित होने में अनुकूल परिस्थितियां उपलब्ध कराते हैं।

यह ऐसा सबक था जिसे बच्चे हमेशा याद रखेंगे। शिक्षक कक्षा में पहुंचे तो उनके हाथ में रोज की तरह थैला था। थैले से चाक निकालकर फर्श पर एक बड़ा सा गोला खींचा और बच्चों को उसके चारो ओर खड़ाकर हाव-भाव से कविता प्रस्तुत की। उसके बाद थैले में से प्लास्टिक के कुछ पशु-पक्षी निकाले और बच्चों से उनके बारे में बात करना शुरू किया। नाम, रंग, कहां पाए जाते हैं, क्या खाते हैं, कैसे चलते-बोलते हैं, कौन से पालतू हैं जैसी कितनी ही बातें। बच्चे अपने परिवेशीय अनुभवों के आधार पर उनके बारे में जानकारियां दे रहे थे।

इस बातचीत के दौरान बच्चे जहां एक दूसरे की सही बात का समर्थन कर रहे थे वहीं गलत जानकारी को करेक्ट भी कर रहे थे। शिक्षक ने बातचीत के ही दौरान बच्चों के समूह बनाकर उन पशु-पक्षियों में जलचर, थलचर और नभचर का वर्गीकरण कराया तथा छोटे समूहों में कहानी निर्माण कराते हुए उस पर चित्र बनवाया। बीच-बीच में मौखिक व लिखित रूप से आकलन करते हुए नई जानकारियां दी। बच्चे इस कक्षा में न केवल रुचिपूर्वक संलग्न थे, बल्कि व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए नए ज्ञान की रचना भी कर रहे थे। बच्चे हों अथवा बड़े 'खेल' सभी को आकर्षित करते हैं। इसके पीछे कारण यह है कि खेलों में चुनौती, आनंद, प्रतिस्पर्धा, स्वानुशासन, जीत का जज्बा जैसे कुछ खास गुण होते हैं, जो इन्हें लोकप्रिय बनाते हैं। यही कारण है कि शिक्षा को आनंददायी बनाने तथा विद्यालयों को 'प्लेस ऑफ जॉय' बनाने की जरूरत हमेशा से अनुभव की जाती रही है।

खेल विधि से शिक्षण की संकल्पना को सर्वप्रथम फ्रेडरिक फ्रोबेल ने सुव्यवस्थित रूप दिया। फ्रोबेल का मानना था कि बच्चों में एक पौधे की तरह उगने और पनपने की जन्मजात क्षमता होती है। विद्यालय एक बगीचा होता है, जहां शिक्षक उस माली की भूमिका में होते हैं, जो पौधों को पुष्पित-पल्लवित होने में अनुकूल परिस्थितियां उपलब्ध कराते हैं। फ्रोबेल का दृढ़ मत था कि उपयुक्त और अनुकूल वातावरण मिलने पर बालक का सर्वांगीण विकास होता है।



यह सीखने का एक मान्य और प्रचलित क्रम भी है। यहां शिक्षक और विद्यार्थी के बीच जो शिक्षण अधिगम प्रक्रियाएं होती हैं, उनको आनंददायी बनाने में स्थानीय खेल प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन इस विचार को संभव बनाने के लिए कक्षा शिक्षण योजनाओं में बचपन के खेलों को मात्र 'पूर्व अनुभव' की तरह ही नहीं, बल्कि 'शिक्षण के दौरान' और 'शिक्षण के पश्चात' इस प्रकार पिरोना होगा कि बच्चे पाठ्यक्रमीय लक्ष्यों को रुचि तथा सुगमता पूर्वक प्राप्त कर लें। इस विचार के क्रियान्वयन में प्रमुख सावधानी यह रखनी होगी कि कक्षाएं महज खेल भर बनकर न रह जाएं। यह भी कि खेल के बाद शिक्षक यह कहते न पाए जाएं कि आओ बच्चो! खेल हो गया अब पढ़ाई करते हैं।

अपने विचार को धरातल पर उतारने के लिए उन्होंने 'किंडर गार्टन' की स्थापना की जिसका अर्थ ही होता है 'बच्चों का बगीचा'।

खबर है कि विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने, कक्षानुरूप बुनियादी दक्षताओं का विकास करने तथा कक्षाओं को रुचिकर बनाने के लिए बच्चों के स्थानीय खेलों को भी कक्षा कक्षीय प्रक्रियाओं का अंग बनाया जा रहा है। माना जा रहा है कि इससे विद्यालयीय संस्कृति में बड़ा बदलाव दिखाई देगा। अगर पिछले कुछ दशकों पर दृष्टिपात करें तो हम पाते हैं कि खेलों को उनके विशेष गुणों के साथ विद्यालयों में लाने का कॉन्सेप्ट कोई नया नहीं है, बल्कि समय-समय पर शिक्षाविदों ने शिक्षा में खेल के गुणों की अनिवार्यता और अपरिहार्यता को स्वीकार किया है। वर्तमान में अगर बच्चों के परिवेशीय खेलों को कक्षा शिक्षण में शामिल करने की बात की जा रही है तो यह भी उसी विचार की पुनरावृत्ति है। ऐसा क्यों, इस पर विचार करते हैं।

हम अपने बचपन में खेले गए किसी भी खेल को याद करें। उस खेल से जुड़े तमाम वाकये आज भी हमारे मानस पटल पर अंकित होंगे। अगर गहराई से विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि इस खेल में ऐसी कई संक्रियाएं, संबोध, दक्षताएं व कौशल थे, जो हमारे विद्यालयी पाठ्यक्रम का हिस्सा थे और जिन्हें कोई भी बच्चा हंसते- खेलते अर्जित कर लेता था। खेल के गुणों में रोचकता, सभी की सहभागिता, स्वानुशासन, स्वआकलन, प्रतिस्पर्धा, आत्मनियंत्रण, नवीनतम, लचीलापन, निर्णय लेना जैसे तमाम गुण होते हैं, जो इनको रुचिकर बनाते हैं। अगर यह गुण सीखने-सिखाने के तरीकों में शामिल किए जाते हैं तो निश्चित ही इन तरीकों में बच्चों की रुचि बढ़ेगी। स्थानीय स्तर पर खेले जाने वाले तथा तकनीकी दौर में लगभग लुप्त होते जा रहे इन खेलों के शिक्षा में आने से कक्षाओं का माहौल रोचक बनेगा और सीखने-सिखाने के अनुभवों में विविधता आएगी।

सवाल है कि यह संभव कैसे हो? दरअसल शिक्षा में खेल शामिल करने के विचार में सर्वाधिक महत्वपूर्ण पक्ष है खेल के गुणों को शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं में शामिल करना। विगत दशकों में शिक्षा को रुचिकर व आनंददायी बनाने के लिए जो भी विचार आए उन्होंने परंपरागत शिक्षण अधिगम प्रणालियों के स्थान पर बच्चों की रुचि, सहभागिता और क्रिएटिव इन्वॉल्वमेंट पर प्रमुखता से फोकस किया, लेकिन यह विचार एक लंबे समय तक कक्षा शिक्षण प्रक्रियाओं का हिस्सा नहीं बन पाए, क्योंकि इनमें कदाचित 'रुचि, आनंद के साथ सृजनात्मक गतिशीलता एवं 'स्वयं ज्ञान की रचना' जैसे तत्वों का समुचित समावेश न था। दूसरे शब्दों में कहें तो इसमें विद्यालयीय परिस्थितियों में अनुकूल और संभव योजनाओं पर गहराई से काम नहीं किया गया। नतीजा यह रहा कि अधिकांश कक्षाएं इस विचार को ठोस नतीजों तक नहीं ले जा पाईं।

सीखना किसी ज्ञात या अज्ञात अनुभव और उससे जुड़ी तमाम जिज्ञासाओं से प्रारंभ होता है। जिज्ञासाओं के समाधान के लिए हम अपने आसपास मौजूद परिवेश और उपलब्ध ज्ञान स्रोतों/संदर्भों की मदद लेते हैं। उपलब्ध समाधान का विभिन्न स्रोतों से मिलान करते हैं और विश्लेषण करते हैं। विश्लेषण की यह प्रवृत्ति प्राप्त जानकारियों को विविध परिस्थितियों में जांचने-परखने तथा वैध पुष्टि द्वारा निष्कर्ष अथवा ज्ञान की रचना तक ले जाती है।

यह सीखने का एक मान्य और प्रचलित क्रम भी है। यहां शिक्षक और विद्यार्थी के बीच जो शिक्षण अधिगम प्रक्रियाएं होती हैं, उनको आनंददायी बनाने में स्थानीय खेल प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन इस विचार को संभव बनाने के लिए कक्षा शिक्षण योजनाओं में बचपन के खेलों को मात्र 'पूर्व अनुभव' की तरह ही नहीं, बल्कि 'शिक्षण के दौरान' और 'शिक्षण के पश्चात' इस प्रकार पिरोना होगा कि बच्चे पाठ्यक्रमीय लक्ष्यों को रुचि तथा सुगमता पूर्वक प्राप्त कर लें। इस विचार के क्रियान्वयन में प्रमुख सावधानी यह रखनी होगी कि कक्षाएं महज खेल भर बनकर न रह जाएं। यह भी कि खेल के बाद शिक्षक यह कहते न पाए जाएं कि आओ बच्चो! खेल हो गया अब पढ़ाई करते हैं।


## प्रसंगवश

# कमजोर और मजबूत आदमी

वैसे देखा जाए तो न कोई बुरा होता है, न अच्छा। बस, कुछ लोग कमजोर होते हैं और कुछ मजबूत। कमजोरी व मजबूती का फर्क भी प्राय: मात्रा का होता है, गुण का उतना नहीं।

यहां कमजोर और मजबूत का संबंध शारीरिक शक्ति से नहीं है। कमजोरी वह है, जो मनुष्य को अभ्यंतर से, यानी नीयत और नैतिकबोध में कमजोर बनाती है। मजबूती वह है, जो मनुष्य को अभ्यंतर से ठोस एवं एकरूप तथा व्यवहार में विश्वसनीय बनाती है।

संसार परिवर्तनशील है। ठीक, लेकिन कुछ चीजें शाश्वत हैं, जिन्हें भारतीय परंपरा की भाषा में अनादि और अनंत कहा जाता है। यावत्चन्द्रदिवाकरौ। जैसे अच्छे आदमी और बुरे आदमी का फर्क- यह था, है और रहेगा। एक अच्छे आदमी के मन में हमेशा अपने बारे में सवाल उठता है-वह कौन है, उसका लक्ष्य क्या है, उसमें क्या-क्या कमियां हैं, क्या-क्या कमजोरियां हैं, वगैरह-वगैरह। बुरा आदमी अपनी कमियों-कमजोरियों को लेकर निश्चिंत रहता है, अव्वल तो वह इन्हें कमियां-कमजोरियां मानता ही नहीं और मानता भी है तो सौ लोगों को अपने से ज्यादा कमतर और कमजोर बताने के बाद, यानि उसमें ये कमियां-कमजोरियां न होतीं तो लोग दिन-दहाड़े उसे लूट लिए होते। वह हमेशा दूसरों की कमियों-कमजोरियों को दिखाने, उनकी व्याख्या करने, उन पर तंज कसने में मशगूल रहता है। यह उसका प्रिय पासटाइम होता है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

दो-बुरा आदमी कभी बुरा करते हुए पकड़ लिया गया तो पहले तो परिस्थितियों को जिम्मेदार बताता है (जब कि दूसरों की गलती को वह उनका दोष माने रहता है)। यदि परिस्थितियों ने साथ न दिया और वह बहुत तगड़े चपेट में आ गया तो अंत में अपनी अक्ल पर दोष मढ़ देता है-उसका दिमाग खराब हो गया था, उसके होशोहवास गुम हो गए थे, वह किंकर्तव्यविमूढ़ हो गया था, वगैरह-वगैरह। वह कभी, जी हां कभी भी, अपनी नीयत को दोष नहीं देगा। अच्छे आदमी को अव्वल तो कभी अपने को काटने की जरूरत नहीं पड़ती, यदि पड़ ही गई तो वह उसकी व्याख्या करता नहीं फिरता। व्याख्या वही करता है, जो जानबूझ कर किए रहता है। उसे डर लगा रहता है कि जो सच में हुआ, कहीं लोग उस पर भरोसा न कर बैठें।

तीन-बुरा आदमी किसी आदमी की बुराई दस लोगों के सामने करता है और उसकी तारीफ अकेले में उसको खुश करने के लिए करता है। अच्छा आदमी किसी में कुछ बुरा देखता है तो उसके सामने, अकेले में, कह देता है, जबकि सब लोगों के सामने उसकी अच्छाई का ही जिक्र करता है।

चार-बुरा आदमी जब देखता है कि किसी को उससे स्नेह या मोह हो गया है तो वह उसका फायदा उठाने के लिए प्रवृत्त हो जाता है। अच्छा आदमी जब देखता है कि किसी को उससे मोह हो गया है, वह उस पर अतिशय विश्वास करने लगा है तो निश्चय कर लेता है कि इसकी वजह से उसका कोई नुक्सान न होने पाए। तब वह अपने फायदे के बजाय उसी के फायदे की बात सोचने लग जाता है।

पांच-बुरा आदमी शराब पीकर और बुरा बन जाता है, अच्छा आदमी शराब पीकर और अच्छा बन जाता है (वैसे तो उसे अपनी औकात पता रहती है, किंतु कभी अतिरेक हो भी गया तो वह अपने शरीर का नुकसान भले कर ले, किसी अन्य का नुकसान कतई नहीं करता।) प्राचीन काल में राज्याधिकारियों की नियुक्ति में आदमी को पहचानने का एक टेस्ट यह भी था (कौटिल्य का अर्थशास्त्र)।

बुरा आदमी संपत्ति पाकर और बुरा बन जाता है, अच्छा आदमी संपत्ति पाकर और अच्छा बन जाता है। बुरा आदमी शिक्षा पाकर और बुरा हो जाता है, अच्छा आदमी शिक्षा पाकर और अच्छा हो जाता है। बुरा आदमी 'धार्मिक' बनकर और बुरा हो जाता है, वह धर्मध्वज बन जाता है, अच्छा आदमी धार्मिक बनकर और अच्छा हो जाता है, वह संसार से, दुनियादारी से परे हो जाता है। यह सिलसिला लंबा है। हर चीज एक ओर, आदमी की अच्छाई-बुराई एक ओर, अक्सर वही भारी पड़ती है। वैसे देखा जाए तो न कोई बुरा होता है, न अच्छा। बस, कुछ लोग कमजोर होते हैं और कुछ मजबूत। कमजोरी व मजबूती का फर्क भी प्रायः मात्रा का होता है, गुण का उतना नहीं।

# सेवानिवृत्ति पश्चात वेतन वृद्धि का लाभ



डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

न्यायालय ने कहा कि जाहिरा तौर पर ऐसा लगता है कि नगर आयुक्त ने इस न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों की अनदेखी की है।

वार्षिक वेतन वृद्धि सरकारी कार्मिकों द्वारा बीते वर्ष में किए गए संतोषजनक कार्यों के एवज में दिया जाता है। अमूमन यह सुविधा सभी कार्मिकों को मिलती है। बशर्ते किसी की वार्षिक वेतन वृद्धि दंड स्वरूप रोकी न गई हो। वेतन में यह बढ़ोतरी वर्ष में एक बार पहली जुलाई या पहली जनवरी को दिए जाने की व्यवस्था है। अर्थात् एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी करने के अगले दिन। यही अगला दिन सेवानिवृत्त कर्मियों के जीवन में आता नहीं है और वे स्वयं या पत्नी/ पति पेंशन में आजीवन अपूर्णीय आर्थिक नुकसान उठाते हैं। साल भर की सेवा पूर्ण करके 31 दिसंबर या 30 जून को सेवानिवृत्त होने पर उनके वेतन में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं जोड़ी जाती है, नतीजतन पेंशन में लगातार नुकसान होता है।

कर्मचारियों ने स्वयं या उनके संगठनों ने इस समस्या को समय-समय पर नियोक्ताओं के समक्ष रखा, लेकिन उन्हें बीते वर्ष की सेवा के एवज में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं दी जा रही है। मामला उच्च न्यायालय से होते हुए उच्चतम न्यायालय की दहलीज तक पहुंच चुका है। अदालत ने विभिन निर्णयों में स्पष्ट कहा कि वार्षिक वेतन वृद्धि बीते वर्ष की सेवा के बदले में अर्जित राशि है और इसे देने के लिए अगले दिन अर्थात् पहली जनवरी या पहली जुलाई को सेवा में न रहना कोई शर्त नहीं हो सकता। विषय का अंधेरा पहलू (डार्क साइड) यह है कि एक तो खुशी-खुशी नियोक्ता यह सुविधा सेवानिवृत्त कार्मिकों को स्वयं से दे नहीं रहे हैं और केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) या उच्च न्यायालय का आदेश आने पर उसे सुप्रीम कोर्ट तक मुकदमेंबाजी में घसीटते हैं। शीर्ष न्यायालय का निर्णय सिद्धांतगत होते हुए भी, उसका लाभ केवल याची को ही देते हैं।

अभी हाल में इस तरह के एक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। नगर आयुक्त, नगर निगम मेरठ पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। उन्होंने वेतन वृद्धि के एक दिन पहले 30 जून 2019 को सेवानिवृत्त हुए नगर निगम के कर्मचारी श्रीपाल को वेतन वृद्धि का लाभ न्यायालय के निर्देश पर नहीं दिया था।

न्यायालय ने कहा कि जाहिरा तौर पर ऐसा लगता है कि नगर आयुक्त ने इस न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों की अनदेखी की है। उनकी इस तरह की धारणा और कार्रवाई के तरीके को दृढ़ता से हतोत्साहित और समाप्त किया जाना चाहिए। इससे पहले यह विषय इलाहाबाद उच्च न्यायालय की कई अन्य याचिकाओं में कार्मिकों के पक्ष में निर्णीत हो चुका है। भारत संघ व अन्य बनाम शिव बालक व अन्य (रिट ए संख्या-14527/2022, निर्णय तिथि 15.12.2022) मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने भारत संघ की याचिका को खारिज करते हुए अभिनिर्धारित किया कि 30 जून को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी पहली जुलाई को देय वेतन वृद्धि के हकदार हैं। इसी तरह का मत मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने योगेंद्र सिंह भदोरिया बनाम मध्य प्रदेश राज्य, उड़ीसा हाईकोर्ट ने अरुण कुमार बिस्वाल बनाम उड़ीसा राज्य और गुजरात हाईकोर्ट ने गुजरात राज्य बनाम तखतसिंह सोनगरा मामले में स्थिर किया।

दिल्ली व बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस विषय पर कर्मचारियों के पक्ष में निर्णय दिए हैं। उत्तर प्रदेश में इस तरह के मामलों की भरमार है। कार्मिक व नियोक्ता के मध्य अंतहीन मुकदमों का सिलसिला जारी है। अंततः कानूनी लड़ाई नियोक्ता हार रहा है। फिर भी राज्य सरकार एक आदर्श नियोक्ता के रूप आगे आकर संवैधानिक न्यायालयों द्वारा तय किए गए कानून के अनुरूप नियम नहीं बना रही है।

उल्लेखनीय है छत्तीसगढ़ राज्य ने अगस्त 2023 में ही शासनादेश निर्गतकर सेवानिवृत्त तिथि को वेतनवृद्धि की अहर्ता प्राप्त, लेकिन अगली तिथि को सेवा में न रहने के कारण इससे वंचित कार्मिको को काल्पनिक वेतनवृद्धि (नेशनल इन्क्रीमेंट) की सुविधा प्रदान कर दी है, लेकिन उत्तर प्रदेश का वित्त व विधि विभाग इस विषय पर न्यायालयों के उत्तर की अनदेखी कर अपनों से मुकदमेबाजी में लगा है।

## सोशल फोरम

# हमदर्द बनकर उभरे कैफी

वह जब बोलते, तो जिस्म वैसी ही हरकत करता। जिस्म जैसी हरकत करता, दिमाग वैसी ही हलचल करता, दिमाग जो हलचल करता, वह ही लफ्ज बनकर जुबान पर फूटते, यानि एक ऐसी शख्सियत जिसकी कथनी और करनी एक थी, जो वह कहते थे, वह करके दिखाते थे।



हफीज किदवई
लेखक

ताउम्र सांप्रदायिकता के खिलाफ रहे, तो उसके समर्थन की एक भी गंदी छींट अपने दामन पर नहीं लगने दी। दुनिया ने उन्हें एक शायर माना, वह लोगों के हमदर्द बनकर उभरे। दुनिया ने उनमें रदीफ काफिया को बुनते देखा, तो उन्होंने एक से एक संगठन बुन डाले। इप्टा हो या पीडब्ल्यूए इनके बिना उसका इतिहास मुकम्मल ही नहीं हो सकता। इस सबके बीच अपने परिवार को बेइंतहा मोहब्बत और उनकी हर ख्वाहिश पर जान छिड़क कर एक करने का हुनर उनमें ही था, जो बहुत कम उमरी से कलम थामकर निकला हो और जब मुल्क को जरूरत हो तो अपना सब कुछ झोंककर उसे संवारने में जुट जाए। वह हैं अतहर हुसैन रिजवी यानी कैफी आजमी। मुंबई की शोहरत, आराम और चमक-दमक छोड़ वह मिजवा आ गए। सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट-काट सड़कें, स्कूल, रेलवे, अस्पताल, परिवहन, सबकी व्यवस्था करवाई। जब लड़कियों का स्कूल खोला तो गांव वालों का विरोध भी झेला मगर जीवट आत्मा ने स्कूल खोलकर लड़कियों को पढ़वा कर दिखाया।

आज भी मिजवा की लड़कियां फैशन शो कर रही लंदन में, किसने सोचा था यह भला। शबाना आजमी अपने पिता की इस अजीम विरासत को आसमान तक ऊंचा ले गईं। मुंबई से मिजवा का सफर पढ़ने वाला है और यह देखने का भी की, अगर आपने तय कर लिया है। अपनी मिट्टी की खुशबू को सात समंदर पार ले जाने का तो कोई रोक भी नहीं सकता। कैफी आजमी मेरी जिंदगी में यह एक ऐसी शख्सियत बनकर शामिल हुए, जिन्होंने हमें बर्दाश्त करना सिखाया और सच कहने से पीछे न हटना भी बतलाया। **-फेसबुक वॉल से**

# कठिन दौर से गुजर रही है नैनीताल की झील



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

नैनीताल में खाली जमीन के नाम पर वन विभाग के निगरानी वाला वन क्षेत्र और तेज ढालदार कुछ जमीनें बची हुई हैं, जो बरसात के पानी को सोख पाने में असमर्थ हैं। पहले के मुकाबले यहां बरसात के सालाना औसत में गिरावट आई है। जाड़ों के मौसम में पहले जैसी वर्षा और बर्फबारी नहीं हो रही है।

एक नजर में देशी-विदेशी सैलानियों का मन मोह लेने वाली नैनीताल की खूबसूरत प्राकृतिक झील के जल स्तर में गर्मियां शुरू होते ही भारी गिरावट आ गई है। नैनी झील का जल स्तर करीब डेढ़ फिट के आसपास पहुंच गया है। जल स्तर में गिरावट का यह सिलसिला निरंतर जारी है। प्रतिदिन करीब पौन इंच झील के जल स्तर में गिरावट आ रही है। पर्यटक सीजन शुरू होने से पहले झील के जल स्तर में आई और आ रही इस गिरावट से तालाब के किनारों में डेल्टा उभर आए हैं, जो झील के प्राकृतिक सौंदर्य में बदनुमा दाग से दिख रहे हैं। साथ ही नैनीताल नगर की पेयजलापूर्ति और यहां के पर्यटन उद्योग पर बुरा असर पड़ रहा है।

नैनी झील नैनीताल का प्राण है। इस झील की कुदरती बनावट में ही इसकी असल खूबसूरती छिपी है। झील ही यहां के लोगों को रोजी-रोटी, भोजन-पानी, पहचान और आत्म सम्मान देती है। नैनी झील की सेहत और खूबसूरती से ही नैनीताल की खूबसूरती है। पर्यटन है, रोजगार है। सालाना अरबों का कारोबार है। इस झील से नैनीताल ही नहीं, बल्कि आसपास के गांवों के निवासियों को पीने का पानी और रोजगार मिलता है। नैनीताल का अस्तित्व झील पर ही टिका हुआ है। यहां की हरेक सांस झील के बूते ही चलती है। यहां के जीवन का संपूर्ण तानाबाना झील के इर्द-गिर्द ही घूमता है। बावजूद इसके पिछले तीन-चार दशकों में सबसे अधिक उपेक्षा इसी झील की हुई है।

नैनीताल नगर समेत आसपास के कई गांवों के वाशिंदे पीने के पानी के लिए इसी झील पर आश्रित हैं। यहां की स्थायी आबादी के साथ पर्यटकों की आमद भी साल-दर-साल बढ़ती चली जा रही है। इसी अनुपात में पीने के पानी की मांग भी बढ़ रही है। वर्तमान में नैनीताल नगर में 7108 घरेलू और 988 गैर घरेलू, कुल मिलाकर 8096 जल संयोजन हैं। यहां गर्मियों के दिनों में 22 से 25 एमएलडी और जाड़ों के दिनों में करीब 15 एमएलडी पानी की आवश्यकता होती है। पानी की संपूर्ण आपूर्ति झील पर निर्भर है। झील के जल स्तर के मद्देनजर उत्तराखंड जल संस्थान ने नगर में सिर्फ आठ एमएलडी पानी की आपूर्ति कर रहा है। जल संस्थान ने पूर्व से चली आ रही चौबीस घंटे जलापूर्ति की व्यवस्था को खत्म कर दिया है। अब सुबह और शाम को डेढ़ से दो घंटे की जलापूर्ति की जा रही है। जल संस्थान ने नगर की पेयजल व्यवस्था के लिए झील के किनारे दस ट्यूबवेल लगाए हैं। एक ट्यूबवेल पंप हाउस और चार ट्यूबवेल सूखाताल में लगे हैं।

मांग के सापेक्ष एक तिहाई पेयजलापूर्ति के बावजूद नैनी झील का जल स्तर निरंतर घटता जा रहा है। बरसात के मौसम में औसत से कम वर्षा होना और नैनी झील के जल संग्रहण क्षेत्र में कंक्रीट के जंगल का विस्तार इसकी मुख्य वजह मानी जा रही है। नैनीताल की झील का अधिकांश जल संग्रहण क्षेत्र कंक्रीट के जंगल से पट गया है। बरसात का पानी सोख कर झील को पानी देने के लिए अब खाली जमीन नहीं के बराबर बची हुई है। पहले वाहन चालित सड़कों को छोड़कर बाकी सभी सड़क-रास्ते कच्चे थे, ये बरसात का पानी सोखने का काम करते थे। अब नगर के सभी सड़क-रास्ते पक्के बन गए हैं। झील की तलहटी में मिट्टी-मलबा और कूड़ा-करकट भर जाने से तालाब के भीतर मौजूद प्राकृतिक जल स्रोत बंद हो गए हैं। झील की जल संग्रहण क्षमता भी घटी है।

एक दौर में नैनीताल में सैकड़ों प्राकृतिक जल स्रोत थे। अब अधिकांश जल स्रोत सूख गए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 1950 से पहले नैनीताल में 230 प्राकृतिक जल स्रोत थे। 1994 तक इनकी संख्या घटकर सिर्फ तीस रह गई थी। वर्तमान में नैनी झील के जल संग्रहण क्षेत्र में बमुश्किल दर्जन भर प्राकृतिक जल स्रोत जिंदा हैं। इनमें से ज्यादातर जल स्रोतों में बरसात के मौसम में ही पानी टपकता है। नैनी झील का सबसे महत्वपूर्ण जल संग्रहण क्षेत्र सूखाताल था। कालांतर में इस क्षेत्र में भी कंक्रीट का जंगल उग आया है। सूखाताल की इस बरसाती झील के बाकी हिस्से को भी आधुनिक युग के योजनाकारों ने सीमेंट से पाट दिया है।

नैनीताल में खाली जमीन के नाम पर वन विभाग के निगरानी वाला वन क्षेत्र और तेज ढालदार कुछ जमीनें बची हुई हैं, जो बरसात के पानी को सोख पाने में असमर्थ हैं। पहले के मुकाबले यहां बरसात के सालाना औसत में गिरावट आई है। जाड़ों के मौसम में पहले जैसी वर्षा और बर्फबारी नहीं हो रही है। बरसात में जितना पानी बरसता है, उसका अधिकांश हिस्सा नालों के द्वारा तेज रफ्तार से सीधे तालाब में पहुंचता है। पानी के साथ बहकर आया मिट्टी-मलबा और कूड़ा-करकट झील के गर्भ में समा जाता है। झील के भर जाने के बाद अतिरिक्त पानी की निकासी कर दी जाती है। इस सबके चलते मानकों के मुताबिक झील के जल स्तर को कायम रख पाना साल-दर-साल मुश्किल होता चला जा रहा है। गर्मी शुरू होते ही नैनीताल का विशाल ताल, तलैया बन जाता है।

इलेक्शन बायस्कोप



उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को बलिया में आयोजित जनसभा में आम जनमानस से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की, इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह के रूप में त्रिशूल भेंट किया । –अमृत विचार

## श्रावस्ती में मायावती की जनसभा आज

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार अभियान के क्रम में शनिवार को बसपा प्रमुख मायावती श्रावस्ती जिले चुनावी जनसभा संबोधित करेंगी। यह जानकारी देते हुए शुक्रवार को राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत मायावती की जनसभा श्रावस्ती में चायना मंदिर के निकट पर्यटन मैदान में आयोजित होगी। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव में बसपा, बिना किसी गठबंधन का हिस्सा बने अपने प्रत्याशियों को चुनाव लड़ा रही है। प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार अभियान की बागडोर सुप्रीमो मायावती स्वयं संभाले हुए हैं।

# फैजाबाद : भाजपा के लिए अनुकूल हैं परिस्थितियां

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अरविंद सेन ने चुनाव को बना दिया रोचक

इंदु भूषण पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या के नाते हमेशा ही भाजपा की नाक का सवाल बन जाने वाली फैजाबाद संसदीय सीट पर इस बार बसपा और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का भी चुनाव मैदान में होना निर्णायक फैक्टर बनने जा रहा है। ऐसे में पिछले दो लोकसभा चुनाव में लगभग 48 प्रतिशत वोट पाने वाले भाजपा सांसद लल्लू सिंह बाकी उम्मीदवारों के लिए बड़ी चुनौती हैं। तो वहीं विपक्षी दलों ने जो बिसात बिछाई है, वह भाजपा प्रत्याशी को प्रत्यक्ष रूप से राहत दे रही है।

बीते दो लोकसभा चुनाव को देखें तो फैजाबाद संसदीय सीट पर जो भी परिस्थिति रही हो, दोनों बार भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह को 48 प्रतिशत से अधिक ही वोट मिले। 2014 के लोकसभा चुनाव में जब भारतीय जनता पार्टी के मुकाबले कोई गठबंधन नहीं था तो भाजपा के लल्लू सिंह को 4,91,761 कुल 48.08 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं सपा के मित्रसेन यादव को 2,08,986 कुल 20.43 प्रतिशत और बसपा के जीतेन्द्र सिंह बबलू को 1,41,827 कुल 13.86 प्रतिशत और कांग्रेस के निर्मल खत्री को 1,29,917 कुल 12.70 प्रतिशत वोट मिले थे।




वहीं बीते 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन हो गया और सपा से यहां आनंद सेन यादव प्रत्याशी रहे। गठबंधन के नाते उनके खाते में सपा-बसपा के वोटों का ध्रुवीकरण हुआ ही। इसका असर यह भी रहा कि कांग्रेस प्रत्याशी निर्मल खत्री को पहले मिलने वाले मुस्लिम वोट भी छिटक कर गठबंधन प्रत्याशी आनंद सेन यादव के खाते में चले गए और कांग्रेस के निर्मल खत्री मात्र 53,386 अर्थात 4.91 प्रतिशत वोट में सिमट गए। इस तरह से सपा प्रत्याशी आनंद सेन यादव को 4,63,544 (42.63) प्रतिशत वोट हासिल हुए लेकिन भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह जिन्हें 2014 के चुनाव में 48.08 प्रतिशत वोट मिले थे। वह 2019 के चुनाव में 48.66 प्रतिशत वोट फिर विजयी हुए। इस तरह से देखा जाए तो गठबंधन होने और मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के बावजूद लल्लू सिंह के वोट प्रभाव पर कहीं से भी कोई असर नहीं पड़ा।

### सपा-बसपा का था गठबंधन

मौजूदा लोकसभा चुनाव में अपने मौजूदा सांसद को ही भाजपा ने फिर मैदान में उतारा है। वहीं इस चुनाव में विभिन्न दलों से प्रत्याशियों की जो बिसात बिछी है वह प्रत्यक्ष तौर पर भाजपा और लल्लू सिंह के लिए राहत देने वाली है। जाहिर है कि 2019 के चुनाव में सपा–बसपा गठबंधन था तो उसे 42.63 प्रतिशत वोट मिला था, तो अबकी बार सपा और बसपा दोनों अलग अलग मैदान में हैं। सीधे तौर पर देखा जाए तो इस बार बसपा जो भी वोट पायेगी वह पिछले चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी आनंद सेन यादव को मिले वोट का ही हिस्सा होगा। बसपा कितना वोट पाती है यह देखना बाकी रहेगा लेकिन उन वोटों की हिस्सेदारी सपा के वोट बैंक से ही होगी।

### 2019 :प्रत्याशियों का मत प्रतिशत




### मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र सेन परिवार का गढ़

वहीं इस बार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भी चुनाव मैदान में है। उसने स्वर्गीय मित्रसेन यादव के बेटे पूर्व आईपीएस अरविंद सेन यादव को प्रत्याशी बनाया है। फैजाबाद संसदीय सीट की मिल्कीपुर विधानसभा ऐसी है जो सेन परिवार का गढ़ रही है। सुरक्षित सीट हो जाने के नाते मौजूदा समय अवधेश प्रसाद यहां से सपा विधायक हैं। वरना इस सीट पर बहुतायत सेन परिवार का ही कब्जा रहा है। इस सीट से मित्रसेन यादव सहित उस परिवार में लगभग नौ बार विजय हासिल की है। अब इस लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के लिए सबसे कठिन चुनौती उनकी खुद ही विधानसभा मिल्कीपुर में खड़ी हो गई है।

### सपा के लिए होगी मुश्किल

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अरविंद सेन यादव का प्रभाव मिल्कीपुर विधानसभा के साथ साथ पड़ोस की बीकापुर और रुदौली विधानसभा में साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। भाकपा प्रत्याशी अरविंद सेन के सगे भाई पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव हालांकि सपा में ही हैं, लेकिन इस बार उनका टिकट कटना भी सपा को काठ साबित हो रहा है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी इस चुनाव में जो भी वोट पायेगी वह सपा के लिए ही मुश्किल साबित होगा। कुल मिलाकर फैजाबाद संसदीय सीट पर पिछले चुनाव के मुकाबले इस चुनाव की चौसर बिल्कुल भिन्न है। जिसमें बाकी सभी प्रत्याशियों के लिए चुनौती होगी कि वह भाजपा के आधार माने जा रहे लगभग 48 प्रतिशत वोट को पार कर पाए।

### अपनी ढपली अपना राग



देश की जनता के लिए सारी समस्याओं का समाधान रामराज है और इसी रामराज के लिए जनता बार–बार मोदी सरकार को चुन रही है। –योगी आदित्यनाथ



कुछ लोग सुबह उठते हैं और सत्ता पाने के लिए जुट जाते हैं। मैं सत्ता के बीच में पैदा हुआ हूं इसलिए लोगों के लिए काम करना चाहता हूं। सत्ता का लोभ मुझे नहीं हैं। – राहुल गांधी



भाजपा गलतफहमी दूर कर ले, राहुल और अखिलेश दो लड़कों के रूप में नहीं जनता के दो महानायकों के रूप में पहचान बन गये हैं। जल्द ही यह सामने होगा। –प्रमोद तिवारी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर में धारा 370 हटाई गई। अबकी बार पाक अधिकृत कश्मीर में भारत का तिरंगा लहराएगा। –केशव मौर्य

# पुत्रों के पदार्पण में दो महारथियों ने गंवाई कुर्सी, अब रणनीतिक भूमिका में

## पुत्र के प्रेम में गई थी आनंद सिंह की कुर्सी

## ब्रजभूषण को भी पुत्र के लिए छोड़नी पड़ी सीट

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** राजनीति में कभी भी और कुछ भी संभव है। कहीं भगवा प्रेम तो कहीं दबदबे का दांव भारी पड़ गया। दोनों राजनीतिक महारथियों को पुत्र के प्रेम में अपनी कुर्सी दांव पर लगानी पड़ी। अब दोनों राजनीतिक महारथी सिर्फ रणनीतिक भूमिका तक सीमित रह गए हैं। एक ने अपने उम्र का पड़ाव पार कर लिया है तो दूसरे को उम्र का पड़ाव पार करने का मौका तक नहीं दिया गया। यह टीस दोनों के अंदर है, लेकिन राजनीति और प्रेम में सबकुछ जायज है वाली कहावत यहां चरितार्थ हो रही है।

गोंडा और कैसरगंज लोकसभा में यह परिदृश्य घट चुका है। चुनावी लड़ाई में जीत हार अलग है लेकिन ये दिग्गज बिना लड़े ही मैदान छोड़ने पर विवश हो गए हैं। जी हां! कैसरगंज के बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह बिना लड़े ही मैदान से बाहर हो गए। अपने दबदबे के बलबूते राजनीति को धार देने वाले सांसद को इस बार उस समय मायूस होना पड़ा जब वह कैसरगंज में छह माह तक लगातार प्रचार प्रसार कर चुनाव लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता जता रहे थे। अंत तक वह चुनाव लड़ने की बात पर अड़े रह गए लेकिन पार्टी ने ऐन वक्त पर लड़ने से मना कर दिया और उनके बेटे करण भूषण को मैदान में उतार दिया। छह बार के सांसद रहे बृजभूषण शरण सिंह हाथ मलते रहे और बेटे की खातिर हां कहकर पार्टी के निर्णय को गले लगाना पड़ा। भारतीय कुश्ती संघ की कुर्सी पहले ही जा चुकी है। अब उनके पास चुनाव तक सांसद का पोर्टफोलियो है। एक टीवी के साक्षात्कार में उन्होंने स्वीकार किया कि उनके ऊपर आरोप लगाने वाले कामयाब रहे और अब उनके पास कोई पद नहीं बचा है। वह भावुक भी हुए और रणनीतिक लड़ाई में अपनी हार स्वीकार कर ली। लेकिन दूसरे दिन ही बेटा भी कहीं कूटनीति का शिकार न हो जाए, बेटे के लिए मैदान में कूद गए। हर कीमत पर बेटे के हाथ कुर्सी सौंपने की उनकी उत्कंठा दिखाई पड़ी।



दूसरी सीट गोंडा लोकसभा की है। इसकी कहानी और दिलचस्प है। 1971 से लेकर 1989 तक चार बार सांसद रहे कुंवर आनंद सिंह को बेटे के कारण अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी।

2009 में पिता आनंद सिंह सपा में थे, लेकिन आनंद सिंह के पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह बसपा से चुनाव हार गए और कांग्रेस से बेनी प्रसाद वर्मा चुनाव जीत गए थे। लेकिन आनंद सिंह सपा से डगमग नहीं हुए। 2012 के चुनाव में वह गौरा से जीतकर विधायक बने। इसके बाद मुलायम सिंह की सरकार में कृषि मंत्री बने। वह दो साल तक मंत्री रहे। 2009 में पराजय देख चुके कीर्तिवर्धन सिंह 2014 में भाजपा में शामिल हो गए और उन्हें भाजपा ने टिकट देकर मैदान में उतार दिया। इससे नाराज सपा मुखिया ने आनंद सिंह को मंत्री की कुर्सी से उतार दिया। मंत्री पद जाने से परिवार में भी अंदरूनी कसक दिखी। कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव जीत गए और वह भाजपा के कार्यों में जुट गए लेकिन पिता आनंद सिंह सपा में रहे और आज तक उन्होंने भाजपा की ओर रुख नहीं किया। वह कांग्रेस से चार बार सांसद रहे और सपा से विधायक व मंत्री रहे लेकिन भाजपा के राजनीतिक विरोधी जीवन भर रहे और आज भी भाजपा के किसी कार्यक्रम में नहीं जाते हैं।

### रणनीतिक पृष्ठभूमि व्यूह रचना तक सिमटी

पुत्र के प्रेम में भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को भी अपनी कुर्सी को दांव पर लगानी पड़ी है। अब वह भी अपने पुत्र के राजतिलक को लेकर मैदान में कूद पड़े हैं। राजा आनंद सिंह की उम्र करीब 90 वर्ष है तो बृजभूषण शरण सिंह की उम्र 66–67 साल है। बृजभूषण शारीरिक व मानसिक दोनों स्तर पर फिट हैं और एक युवा से अधिक मेहनत करते दिखते हैं। दोनों की रणनीतिक पृष्ठभूमि व्यूह रचना तक सिमट गई है। हो सकता है आने वाले समय में बृजभूषण सिंह को कोई नया पोर्टफोलिया मिले या वह राज्यसभा के लिए प्रयास करें लेकिन मौजूदा स्थिति यही है।




बृजभूषण शरण सिंह



आनंद सिंह



करण भूषण सिंह



कीर्तिवर्धन सिंह

### दोनों नेता बदल चुके हैं दल

कुर्सी प्रेम में राजनीतिक रसूख रखने वाले दोनों नेता दलबदल कर चुके हैं। जहां से मौका मिला उसी के हो लिए। आनंद सिंह चार बार कांग्रेस से सांसद रहे और सपा से एक बार विधायक। इसी तरह कीर्तिवर्धन सिंह सपा से दो बार सांसद बने तथा दो बार भाजपा से। एक बार बसपा से भी चुनाव लड़े लेकिन जीत नहीं सके। सांसद बृजभूषण शरण सिंह 1991 से 2019 तक छह बार सांसद रहे। दो बार गोंडा सीट से, एक बार बलरामपुर सीट से भाजपा से सांसद बने। 2009 में भाजपा छोड़ सपा का दामन थामा और कैसरगंज से सांसद बने। इसके बाद 2014 में भाजपा में वापस आए ।

### कैसरगंज में कटरा तो गोंडा में मनकापुर ने पहनाई है माला

कांग्रेस के हासिए पर जाने के बाद क्षेत्रीय दलों में भाजपा को हमेशा सपा से ही टक्कर मिली है। कैसरगंज की पांच विधानसभा क्षेत्रों में बृजभूषण शरण सिंह कटरा बाजार विधानसभा क्षेत्र से कभी नहीं हारे। कटरा बाजार ने हमेशा उनके मिलने वाले वोट को बैलेंस से अधिक दिया। तीन चुनाव कैसरगंज से लड़ चुके हैं परंतु बृजभूषण शरण सिंह को कटरा से हमेशा जीत मिली है, जबकि बृजभूषण क्षत्रिय हैं और कटरा बाजार ब्राह्मण बाहुल्य है। यहां करीब सवा लाख ब्राह्मण मतदाता हैं और निर्णायक की भूमिका में रहते हैं। इसी तरह गोंडा लोकसभा में पांच विधानसभा क्षेत्रों में राजघराना मनकापुर से कभी नहीं हारा। यहां तक कि 1991 में रामजन्मभूमि आंदोलन के बाद हुए चुनाव में आनंद सिंह लोकसभा सीट हार गए थे लेकिन मनकापुर विधानसभा क्षेत्र से वह विजई रहे। यह सिलसिला आज तक जारी है। अन्य विधानसभा में वह हमेशा बैलेंस या पीछे हुए लेकिन मनकापुर में उनका कद कभी नहीं घटा।

# राजा भैया के गढ़ में गरजेंगे शाह

- कुण्डा के हीरागंज स्थित मां नायर देवी धाम में कल होगी जनसभा

संवाददाता, प्रतापगढ़/कुण्डा

**अमृत विचार :** कौशाम्बी और प्रतापगढ़ लोकसभा सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनावी पारा चढ़ गया है। 12 मई को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा हीरागंज के मां नायर देवी धाम परिसर में होगी।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी व सांसद विनोद सोनकर के समर्थन के लिए दिल्ली सांसद व भोजपुरी गायक मनोज तिवारी ने भी यहां जनसभा को संबोधित किया था। मां नायर देवी धाम कुंडा तहसील क्षेत्र के लिए एक सिद्धपीठ धाम है। इसलिए यहां पर होने वाली जनसभा का अलग ही महत्व रहता है। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव जनसभा की तैयारियां अंतिम चरण में है।

### राजा भैया को लेकर संशय

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के अध्यक्ष व कुण्डा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को लेकर संशय बना हुआ है। आमजनों में हरकोई यह जानने को आतुर है कि राजा भैया 12 मई को गृहमंत्री अमित शाह के मंच पर दिखेंगे की नहीं। बेंगलूरु में अमित शाह और राजा भैया की मुलाकात के बाद लोग यह अनुमान लगा रहे हैं।

## चुनावी चक्कर

- मोदी के हमशक्ल भी बजा रहे जीत का डमरू :

एक शख्स हैं अभिनंदन पाठक, इनकी सूरत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से तनिक मिलती–जुलती है। इन दिनों वह वाराणसी में ही रह कर मोदी के चुनावी प्रचार में जुटे हैं। दरअसल, पीएम के हमशक्ल होने के साथ–साथ वह राष्ट्रीय नमो दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी है और वाराणसी में डमरू बजकर लोगों को सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक कर रहे हैं। वैसे तो पाठक जी देश भर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतिरूप धारण करके भ्रमण करते रहते हैं। लेकिन फिलहाल चुनाव संपन्न होने तक वह वाराणसी में ही रहेंगे। अभिनंदन पाठक का कहना है कि पीएम के अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे से पहले वह उनकी जीत का डमरू से वादन करने वह काशी आए हैं। इस दौरान वह डमरू बजाकर लोगों को भाजपा के पक्ष में वोट डालने के लिए भी कह रहे हैं। स्थानीय मीडिया से बातचीत करते हुए अभिनंदन कहते हैं कि 2014 में भी मैं वाराणसी में मोदी जी का प्रचार–प्रसार करने आया था, उन्हें जीत मिली। 2019 में भी वह यहां से सांसद और देश के प्रधानमंत्री बने और एक बार फिर से 2024 में उन्हें जीत दिलाने के लिए उनके प्रचार–प्रसार के लिए वाराणसी आया हूं। नरेंद्र मोदी इस बार भी वाराणसी से भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे और तीसरी बार प्रधानमंत्री बन देश की सेवा करेंगे। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का नाम विश्व पटल पर चमक रहा है।

## मिर्जापुर का भी प्रत्याशी बदल सकती है सपा

**अमृत विचार, लखनऊ:** समाजवादी पार्टी मिर्जापुर सीट से प्रत्याशी एनडीए उम्मीदवार केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की मुश्किलें बढ़ाने जा रही है। भाजपा की सहयोगी अपना दल एस प्रमुख अनुप्रिया पटेल के मुकाबले भाजपा के ही मौजूदा सांसद सपा के टिकट पर मैदान में आ सकते हैं। फिलहाल सपा ने मिर्जापुर से राजेंद्र एस बिंद को टिकट दिया है। लेकिन बदली स्थितियों में अब उनकी जगह भदोही से भाजपा सांसद रमेश बिंद को उतारने की तैयारी सपा प्रमुख अखिलेश यादव कर रहे हैं। मिर्जापुर में अंतिम चरण में एक जून को मतदान है। जबकि नामांकन की प्रक्रिया 14 मई तक यहां चलेगी। दरअसल, भदोही से भाजपा ने इस बार सांसद रमेश बिंद का टिकट काटकर निषाद पार्टी के विनोद बिंद को प्रत्याशी बना दिया है। टिकट कटने के बाद से ही रमेश बिंद के बगावत करने की चर्चाएं चल रही थीं। इस बीच मिर्जापुर के सपा प्रत्याशी ने रमेश बिंद पर टिकट कटवाने का आरोप भी वीडियो जारी कर लगाया है।

# भाजपा, सपा को ध्रुवीकरण, बसपा को कैडर व मुस्लिम वोटों की आस

## श्रावस्ती के रण में बिछ गई राजनीतिक बिसात

## भाजपा से साकेत व इंडी गठबंधन के प्रत्याशी राम शिरोमणि आमने-सामने

## 16 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी करेंगे चुनावी जनसभा


लाल जी सिंह, बलरामपुर

**अमृत विचार:** ज्यों-ज्यों मतदान की तारीख नजदीक आ रही श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र का चुनावी रण दिलचस्प होता जा रहा है। भाजपा तथा सपा ध्रुवीकरण के जरिए तथा बसपा परंपरागत और मुस्लिम मतदाताओं के भरोसे चुनावी बैतरणी पार करने की कोशिश कर रही है। अब देखना यह है कि मतदाता किसे मौका देते हैं ।

बताते चले की श्रावस्ती की धरती कांग्रेस और जनसंघ का गढ़ रही है। 90 के दशक के बाद इस धरती पर सपा और बसपा का जनाधार भी लगातार बढ़ा है। वर्ष 2009 में बलरामपुर संसदीय सीट क्षेत्र का अस्तित्व खत्म होने के बाद श्रावस्ती के नाम से नया संसदीय क्षेत्र बना। श्रावस्ती की जनता ने पहली बार कांग्रेस पार्टी को मौका देते हुए डॉक्टर विनय कुमार पांडे को लोकसभा पहुंचाया। वर्ष 2014 में समीकरण बदला और भाजपा के दद्दन मिश्रा ने सपा के बाहुबली नेता अतीक अहमद को हराकर इस सीट पर कब्जा कर लिया। वर्ष 2019 के चुनाव में सपा बसपा गठबंधन के प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा ने भाजपा प्रत्याशी को मात देते हुए यह सीट बसपा की झोली में डाल दी । वर्ष 2024 का चुनाव में सब कुछ बदला नजर आ रहा है। जिस सीट पर बसपा ने परचम लहराया था अब इस सीट पर वह अपनी विरासत बचाने के लिए संघर्ष करती हुई दिख रही है। भाजपा के साकेत मिश्रा और इंडी गठबंधन के सपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा आमने-सामने हैं। बसपा इस बार इस सीट से हाजी दद्दन खान को उतार कर मुस्लिम मतों को एक बार फिर अपने पाले में करने की कोशिश करती नजर आ रही है । हाजी दद्दन खान का दावा है कि भाजपा और सपा के प्रत्याशी स्थानीय ना होकर बाहरी हैं तो यहां की जनता स्थानीय होने के नाते उन्हें मौका देगी । वहीं सपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा को मुस्लिम यादव और कुर्मी वोटों के एकजुट होने की पूरी आस है । इसी के सहारे चुनावी बाजी मारने की एक बार फिर फिराक में हैं। अब देखना यह है कि उनका यह गणित दोबारा सफल होगा या पिछले 5 साल के उनके कार्यों को देखते हुए जनता उन्हें सबक सिखाएगी। वहीं भाजपा के साकेत मिश्रा पार्टी के परंपरागत मतों के साथ-साथ अनुसूचित वर्ग के मतदाताओं को भी साधने में जुटे हुए हैं।

स्टार प्रचारकों की बात करें तो अभी तक जिले में भाजपा के ही डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य तथा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चुनावी जनसभा कर चुके हैं। सपा तथा बसपा का कोई भी स्टार प्रचारक अभी तक जिले में नहीं आया है। भाजपा के पक्ष में आगामी 16 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी चुनावी जनसभा करेंगे। चुनावी माहौल यह है कि जनसभा और डोर टू डोर कंपेन को छोड़कर कहीं कुछ नहीं दिख रहा है। मतदाता चुप्पी साधे हुए है। गांव की चौपाल में भी तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है।





साकेत मिश्रा



राम शिरोमणि वर्मा

### चुनावी माहौल

- अभी तक जिले में नहीं आया सपा व बसपा का कोई भी स्टार प्रचारक
- गांव की चौपाल में भी तरह-तरह की हो रही है चर्चाएं




हाजी दद्दन खान

### गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव में भी कांटे का मुकाबला

गैंसड़ी विधानसभा के उपचुनाव में भी सपा के राकेश यादव के समक्ष सीट बचाने की चुनौती है तो वहीं विधानसभा चुनाव में मामूली मतों से हारने वाले भाजपा के पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू इस बार कोई चूक नहीं करना चाह रहे हैं। बसपा ने यहां से इस बार नए युवा चेहरे मोहम्मद हारिश खान को मैदान में उतारा है। विदित हो कि यह सीट जिले में सपा के संस्थापक रहे विधायक डॉक्टर एसपी यादव के निधन के बाद खाली हुई है। पार्टी ने इस सीट से उनके बेटे राकेश यादव को चुनाव मैदान में उतारा है। राकेश क्षेत्र में सहानुभूति की साइकिल चलाकर इस सीट पर फिर से कब्जा करने की फिराक में है। यहां पर भी सपा मुस्लिम, यादव व कुर्मी मतों को एकजुट करने में लगी है । वहीं भाजपा के शैलेश कुमार सिंह शैलू पिछली गलतियों से सबक लेकर इस बार क्षेत्र में हर हाल में जीत का परचम लहराने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं बसपा के मोहम्मद हारिश खान पार्टी के परम्परागत वोटो के साथ–साथ मुस्लिम मतों को भी अपने पाले में करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### गैंसड़ी विधानसभा में मतदाता






शैलश सिंह शैलू




राकेश यादव




मो .हारिश खान

### श्रावस्ती लोकसभा में मतदाता

वर्ष- 2024



अमृत विचार www.amritvichar.com

## सार-संक्षेप

### बंद मकान में धमाका...लिंटर में पड़ी दरारें, ढही दीवार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** रहस्यमय ढंग से एक बंद मकान में देर रात धमाका होने के बाद भीषण आग लग गई। जिससे मकान के लिंटर में दरारें पड़ गई और दीवार ढह गई। घरेलू सामान को भी नुकसान पहुंचा। हालांकि न तो सिलेंडर जला मिला न ही शार्ट सर्किट होने के साक्ष्य मिल। ऐसे में हादसे को लेकर पुलिस की टीमें छानबीन में जुटी है। शहर के मोहल्ला शेर मोहम्मद के रईस हुसैन करीब छह माह से नेपाल के धनगढ़ी में परिवार के साथ रहकर फलों का काम कर रहे हैं। उनका भाई इमरान भी उनके साथ रहता है। मकान में उनका घरेलू सामान रखा है। बाहरी परिसर में शरीफ खां चौराहा के नजदीक के फरीद अहमद परिवार के साथ रहते हैं। बुधवार को फरीद परिवार के साथ बरेली गए थे। मकान बंद था। बताते हैं कि गुरुवार देर रात करीब ढाई बजे तेज धमाका हुआ और फिर बंद मकान से आग की लपटें उठने लगी। एक तरफ की दीवार ढह गई। लिंटर और अन्य दीवारों में दरारें पड़ गई। ब्लास्ट और आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

### खेत में काम कर रहे किसान पर झपटा तेंदुआ, घायल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बाघों के बाद पिछले पखवाड़ा भर से अधिक समय से तेंदुआ भी आक्रामक होते नजर आ रहे हैं। जंगल से निकलकर रिहायशी इलाकों में पहुंचे तेंदुआ इंसानों पर लगातार हमले कर रहे हैं। इधर शुक्रवार को खेत में काम कर रहे किसान पर तेंदुआ ने हमला कर घायल कर दिया। आसपास के खेतों में काम रहे लोगों के शोर मचाने पर तेंदुआ भाग निकला। सूचना मिलने पर पुलिस एवं वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जांच पड़ताल के बाद सामाजिक वानिकी प्रभाग के वन कर्मियों ने तेंदुआ की निगरानी शुरू कर दी है। घायल किसान को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

### शराब के नशे में टॉवर पर चढ़ा युवक, गिरने से मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** पत्नी की मौत के बाद अवसाद में चल रहा कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक शराब के नशे में बीएसएनएल के टॉवर पर चढ़ गया। टॉवर से गिरकर युवक की मौत हो गई। कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव रिसौली निवासी दीपक (28) पुत्र सुदेश कुमार सिंह की पत्नी की लगभग तीन साल पहले कैंसर से मौत हो गई थी। इसके बाद से दीपक अवसाद में चल रहा था। वह ज्यादा किसी से बात नहीं करता था। ज्यादातर अकेले ही रहता था। कुछ दिनों से शराब पीने का आदी हो गया। गुरुवार रात लगभग 12 बजे वह शराब के नशे में धुत होकर गांव आया और बीएसएनएल टॉवर पर चढ़कर चिल्लाने लगा। ग्रामीणों ने आवाज सुनी तो समझे कि वह परेशान है और शराब के नशे में है। कुछ देर में नीचे उतर आएगा। ग्रामीण घरों में जाकर सो गए। रात में किसी समय दीपक टॉवर से गिर गया। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने उसका शव पड़ा देखा।

### पिता की हत्या के प्रयास में बेटे को दस वर्ष की कैद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जमीन के बंटवारे की रंजिश में पिता को गोली मारकर हत्या का प्रयास करने वाले बेटे को 10 वर्ष के कारावास व 15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। गांव चांदापुर निवासी अमित कुमार ने बताया कि पिता अहिबरनलाल 16 अप्रैल 2022 की रात 8 :15 बजे उसके घर से खाना खाकर अपने घर जा रहे थे। मुनेश के घर के सामने पहुंचते ही जमीन बंटवारे की रंजिश में पिता अहिबरनलाल को भाई अखिलेश कुमार ने जान से मारने की नीयत से तमंचे से पीठ में सटाकर गोली मार दी। गोली लगने पर वह चीखने लगे। तभी तहेरा भाई राकेश, उनका पुत्र सोम व पत्नी पुष्पा और अन्य गांव वाले मौके पर पहुंचे। इस पर आरोपी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर तमंचा लहराते हुए भाग गया। अमित की तहरीर पर रात 12 :36 बजे अखिलेश कुमार के खिलाफ धारा 307, 504, 506 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई।

### धनाड्य मित्रों के लिए काम करते हैं प्रधानमंत्री: प्रियंका



**रायबरेली, अमृत विचार :** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शुक्रवार को सलोन क्षेत्र में जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार पर हमलावर दिखीं। क्षेत्र के सूची, पारी, मटका, कमालगंज और सलोन नगर में जनसभा के दौरान प्रियंका गांधी ने कहा कि महंगाई और बढ़ती बेरोजगारी के बजाय पाकिस्तान और आतंकवाद की बात करने से किसी का पेट नहीं भरेगा। विकास की बात करने से नरेंद्र मोदी भाग रहे है। प्रियंका गांधी ने यहां कहा, देश मे इस समय मुख्य समस्या बेरोजगारी और महंगाई है। सत्तर करोड़ युवा बेरोजगार है। तीस लाख पद खाली पड़े है। महंगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है। प्रधानमंत्री धनाड्य मित्रों के लिए काम करते हैं। देश का ध्यान भटकाकर भारतीय जनता पार्टी आपको गुमराह कर रही है।

# हाईवे पर पेड़ से टकराई डीसीएम तीन श्रमिकों की मौत, 33 घायल

## लखीमपुर खीरी के मजदूर मेरठ से वापस जा रहे थे घर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेरठ से श्रमिकों को लेकर लखीमपुर खीरी जा रही डीसीएम कस्बा गजरौला के पास पेड़ से टकरा गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 33 गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। डीएम-एसपी समेत कई अधिकारी अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना। हादसा शुक्रवार सुबह करीब चार बजे हुआ।

लखीमपुर खीरी के 50 श्रमिक कुछ माह पूर्व गन्ना छिलाई के लिए मेरठ गए थे। गुरुवार को डीसीएम से घर लौट रहे थे। असम हाईवे पर कस्बा गजरौला के पास डीसीएम पेड़ से टकरा गई। हादसे की सूचना पर गजरौला पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय, सीएमओ डॉ.आलोक कुमार, मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ.संगीता अनेजा समेत कई अधिकारी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। डॉक्टरों ने डीसीएम चालक हापुड़ जनपद के थाना सिमौली क्षेत्र के बक्सर गांव निवासी सर्वजीत , लखीमपुर खीरी के थाना सिंघाई क्षेत्र के ग्राम टांडा मथुआ निवासी समीना और नौरंगाबाद गांव निवासी रेशमा को मृत घोषित कर दिया। 33 घायलों का इलाज हो रहा है। प्रथम दृष्टया तेज रफ्तार के साथ ही चालक को झपकी आना दुर्घटना की वजह के तौर पर सामने आया है।



क्षतिग्रस्त डीसीएम को हटाती क्रेन।

## मौत बनकर घूम रहे छुट्टा पशुओं ने दो लोगों की जान ली

**बिलसंडा, अमृत विचार:** छुट्टा गोवंश जिले में लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हैं। जिला प्रशासन इन छुट्टा पशुओं को गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित करने के दावे कर रहा है लेकिन हकीकत यह है अभी भी सड़कों व अन्य जगहों पर छुट्टा पशु लोगों की जान के दुश्मन बने हुए है। शुक्रवार को सड़क पर घूम रहे छुट्टा पशुओं ने दो और जान ले लीं। काम निपटाकर लौट रहे बाइक सवार दो युवक छुट्टा पशु से टकराने के बाद बाइक समेत पुलिया से नीचे गिर गए। हादसे में दोनों की मौत हो गई। बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम बकैनिया ताल्लुके रामपुर अमृत के राहुल (26) और उसके रिश्तेदार हरदोई जनपद के थाना गोकुल बेहटा क्षेत्र के ग्राम सिरोमन नगर के ईशूबाबू (23) की छुट्टा पशुओं ने जान ली।

## पत्नी के स्थान पर पति ने की चुनाव ड्यूटी, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- पीठासीन अधिकारी और महिला कर्मिक निलंबित, जांच शुरू

**अमृत विचार:** महिला कर्मचारी के स्थान पर उसके पति ने ड्यूटी चुनाव के दौरान पोलिंग पार्टी में मतदान कार्मिक तीन के रूप में काम किया। जबकि महिला कर्मचारी की ड्यूटी मतदान कार्मिक दो के रूप में लगी थी। मगर प्रेक्षक के निरीक्षण में फर्जीवाड़ा खुल गया। इसके बाद पत्नी के स्थान पर मतदान कार्य करने वाले पति के विरुद्ध धोखाधड़ी की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई।

एफआईआर पीठासीन अधिकारी ने लिखाई है। वहीं, लापरवाही के आरोप में पीठासीन अधिकारी और महिला कार्मिक रेखा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन सोरों क्षेत्र में पोलिंग पार्टी संख्या 809 में महिला कार्मिक रेखा शामिल थी। उनकी ड्यूटी पोलिंग पार्टी मतदान कार्मिक दो के रूप में लगाई गई थी। मगर किसी कारण वश वह कुछ देर के लिए अपने दायित्व का निर्वहन न करके पोलिंग बूथ संख्या 6 से हट गईं। यहां रेखा के स्थान पर उनके पति प्रेम सिंह चुनाव कार्य करने लगे, वो भी गलत तरीके से। वह पोलिंग पार्टी के मतदान कार्मिक तृतीय के रूप में कार्य करने लगे और मतदाताओं की उंगली पर स्याही लगा रहे थे। इसी दौरान अचानक सामान्य प्रेक्षक ललित कुमार वहां पहुंच गए। उन्होंने महिला कार्मिक की जगह उसके पति को कार्य करते देख लिया। इस पर उन्होंने तत्काल प्रभाव से एफआईआरदर्ज करने का आदेश दिया।

## गाना बजाने को लेकर विवाद युवक की गोली मारकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



**अमृत विचार :** वैवाहिक कार्यक्रम में पसंद का गाना बजाने को लेकर हुए विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना नागफनी थाना क्षेत्र के नेहारिया में गुरुवार रात 1.15 बजे हुई। पुलिस ने तीन में से दो आरोपियों समीर व अहद को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया के मुताबिक सलाउद्दीन (21) पुत्र हाजी मंसूर अली कैपिटल रोड पर किंग पैलेस मैरिज हॉल में एक वैवाहिक कार्यक्रम में गया था, जहां पसंद का गाना बजाने को लेकर उसका अहद से झगड़ा हुआ। सलाउद्दीन ने अहद का मोबाइल छीन लिया। बाद में अहद दो साथियों समीर और अशहाब के साथ आया और सलाउद्दीन व उसके भाई से मारपीट शुरू कर दी। समीर ने तमंचे से फायरिंग की तो गोली सलाउद्दीन के पेट में जा लगी ।

## मोदी विरोध में विपक्षी आए एक मंच पर : गुलाबो देवी

**अयोध्या, अमृत विचार :** उदया पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में भाजपा ने शुक्रवार को प्रबंधक, प्रधानाचार्य व शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाबो देवी ने कहा कि विपक्षी पार्टियां मोदी विरोध में एक हो गईं है। पीएम मोदी को रोकने के लिए वैचारिक मतभेद वाले दल भी एक मंच पर आ गए हैं। यह चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है यह राष्ट्र का चुनाव है।

## 12 हजार बसों से सड़क सुरक्षा का दिया जाएगा संदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- परिवहन निगम पूरे राज्य में संचालित बसों के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को करेगा जागरूक

**अमृत विचार :** राज्य सरकार की योजना के अनुसार अब परिवहन निगम की 12 हजार बसों के माध्यम से भी सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता और प्रचार प्रसार किए जाने का फैसला लिया गया है। निगम की बसों के पीछे सड़क सुरक्षा के स्लोगन और संदेश लगाए जाएंगे, जिससे बड़े पैमाने पर लोग सड़क सुरक्षा के विषय में जागरूक हो सकें। इसके लिए परिवहन निगम को 10 करोड़ की धनराशि सौंपी जाएगी। अध्यक्ष उप्र. राज्य सड़क परिवहन निगम एवं प्रमुख सचिव परिवहन एल. वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इसका अनुमोदन किया गया। बैठक में परिवहन विभाग एवं परिवहन निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में परिवहन विभाग द्वारा साल 2024-25 में राजस्व में वृद्धि के विषय पर चर्चा हुई। इस दौरान प्रमुख सचिव परिवहन द्वारा निगम की सभी बसों के पीछे सड़क सुरक्षा संदेश के प्रचार प्रसार के लिए परिवहन विभाग के सड़क सुरक्षा कोष से उप्र. परिवहन निगम को 10 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित करने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**2500 बसें लगीं हैं चुनाव ड्यूटी में :** इस समय परिवहन निगम प्रदेश भर में 11,800 बसों का संचालन कर रहा है, जिसमें से 2500 बसें चुनाव ड्यूटी में लगी हैं। इन सभी बसों के पीछे सड़क सुरक्षा के स्लोगन और संदेश के माध्यम से जन जागरूकता का प्रयास किया जाएगा।

## यूजीसी, केन्द्र को निर्धारित निर्देशों का पालन कराने का निर्देश

विधि संवाददाता,प्रयागराज

- हाईकोर्ट ने अपराधी छात्रों के सुधार के संबंध में निर्देश दिया

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और केंद्र सरकार को आयोग द्वारा अपराधी छात्रों के सुधार के संबंध में 12 अप्रैल 2023 को जारी दिशा निर्देशों का प्रसार तथा कार्यान्वयन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है, साथ ही बनारस हिंदू विश्वविद्यालय को भी उक्त दिशा निर्देशों और हाईकोर्ट के निर्णय के अनुसार 6 महीने के अंदर अनुशासनात्मक जांच का सामना करने वाले छात्रों के लिए सुधार कार्यक्रम तैयार करने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यूजीसी को ऐसे सुधार कार्यक्रमों को विकसित करने और लागू करने में विश्वविद्यालयों की सहायता करने का निर्देश दिया गया था। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट की एकलपीठ ने रौनक मिश्रा के निलंबन आदेश को प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन करार देते हुए रद्द कर पारित किया। कोर्ट ने पाया कि रिकॉर्ड में कार्यवाही की प्रकृति और छात्र की भूमिका का उल्लेख नहीं किया गया था। इसके अलावा निलंबन के दंडात्मक उपाय को उचित ठहराने के लिए कोई गंभीर स्थिति भी रिकॉर्ड पर नहीं लाई गई थी। कोर्ट ने माना कि सजा संस्थागत अनुशासन और छात्र सुधार के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए अनुपातिक होनी चाहिए। यूजीसी द्वारा निर्धारित दिशानिर्देश राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। इसके साथ ही कोर्ट ने आगे यह भी कहा कि जो विश्वविद्यालय यूजीसी के अंतर्गत आते हैं, उनका दायित्व है कि यूजीसी द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों को वह परिसर में लागू करें और यूजीसी को यह सुनिश्चित करना होगा कि निश्चित दिशा निर्देशों का अनुपालन किया जा रहा है या नहीं। केंद्रीय विवि के संबंध में दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार पर है।


**एच.एन.ए. रुहेलखण्ड डिग्री कॉलेज**

खेड़ा बझेड़ा तिलहर शाहजहाँपुर

सम्बद्ध : एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

**आवश्यकता है**

बी.ए. स्नातक विषय में प्रवक्ता **भूगोल-01 पद** योग्यता यूजीसी व विश्वविद्यालय मानकानुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने सत्यापित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति दो प्रतियों में 21 दिन के अन्दर पंजीकृत डाक से या स्वयं जमा कर सकते हैं। वेतन मानकानुसार।

प्रबन्धक

मो. 9410448834

**NGO द्वारा संविदा पर भर्ती 1252 रिक्त पद**

| पद का नाम | पदों की संख्या | उम्र | योग्यता | वेतनमान | नौकरी स्थान | आवेदन शुल्क | आवेदन प्रक्रिया | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग्राम सखी | 1192 | 18 से 35 वर्षीय महिलाएं | इंटर पास | 4500/- रूपए प्रतिमाह प्लस इंसेंटिव | बरेली के ग्रामों में | NIL | Online | इंटरव्यू द्वारा |
| ब्लॉक सहायक | 60 | 18 से 40 वर्षीय M/F | स्नातक | 15000/- रूपए प्रतिमाह प्लस इंसेंटिव | बरेली के ब्लॉकों में | NIL | Online | इंटरव्यू द्वारा |

आवेदन करने की प्रतिक्रिया एवं नियम व शर्तो के लिए ट्रस्ट की वेबसाइट पर विजिट करें।

**आवेदन करें www.sksa.org.in**

SOCIAL WELFARE SERVICES TRUST(समाज कल्याण सेवा ट्रस्ट)

गोल चक्कर महानगर कालोनी निकट पीएनबी एटीएम के पास, बरेली

9258469345, 9412565724, 9045350563


## उत्तराखंड

## श्रद्धालुओं के लिए विधि-विधान के साथ केदारनाथ धाम के कपाट खुले

ब्यूरो, देहरादून

- गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट भी श्रद्धालुओं के लिए खुले



**अमृत विचार :** विश्वप्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट विधि-विधान के साथ शुक्रवार सुबह श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। बाबा केदारनाथ के उदघोष तथा सेना के ग्रेनेडियर रेजीमेंट की बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच कपाट खोले गए। दस हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट खुलने के गवाह बने। उधर, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट भी श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को शुभ मुहुर्त में खोले जाएंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कपाट खुलने के अवसर पर विशेष रूप से मौजूद रहे। कपाट खुलते समय तीर्थयात्रियों पर आकाश से हेलीकाप्टर द्वारा फूलवर्षा की गई। शुक्रवार को केदारनाथ में मौसम साफ रहा। आस-पास तथा दूर बर्फ होने से सर्द बयारें चलती रही। प्रातः चार बजे से मंदिर परिसर तथा दर्शन पंक्ति में यात्रियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। रावल धर्माचार्य तथा पुजारी गणों ने द्वार पूजा शुरू की। सुबह सात बजे श्रीकेदारनाथ मंदिर के कपाट खोल दिए गए। इसके बाद केदारनाथ के स्वयंभू शिवलिंग को समाधि रूप से श्रृंगार रूप दिया गया। उधर, हर हर गंगे, जय मां गंगे के उद्घोष और शंखनाद के साथ गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। तीर्थपुरोहितों ने धाम के कपाट उद्घाटन के लिए 11 बजे से पूजा पाठ की प्रक्रिया शुरू की। ठीक 12:25 बजे अभिजीत मुहूर्त और अमृतबेला में गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए।

## गौलापार में शिफ्ट नहीं होगा हाईकोर्ट

**नैनीताल, अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने आदेश जारी कर गौलापार में कोर्ट की शिफ्टिंग को खारिज किया। अब हाईकोर्ट गौलापार नहीं बल्कि कहीं और शिफ्ट होगा। इस मामले में अधिवक्ताओं व जनसामान्य से सुझाव लिए जाएंगे। इसके लिए एक पोर्टल बनाया जाएगा। वहीं हाईकोर्ट के लिए उचित स्थान का चयन करने के लिए मुख्य सचिव को एक माह का वक्त दिया गया है। इसके अतिरिक्त रजिस्ट्रार जनरल की अध्यक्षता में एक समिति का भी गठन किया है। हाईकोर्ट ने व्यापक जनहित को आधार मानकर नैनीताल से हाईकोर्ट को शिफ्ट किया जाना आवश्यक बताया है। कोर्ट ने मुख्य सचिव से एक माह के भीतर हाईकोर्ट के लिए उचित स्थान बताने को कहा है। मुख्य सचिव को अपनी रिपोर्ट 7 जून तक हाईकोर्ट में सौंपनी होगी।

### उत्तराखंड के पांच जिलों में अंधड़ चलने की चेतावनी

हल्द्वानी, अमृत विचार : मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने गढ़वाल और कुमाऊं मंडल के पांच जिलों में तेज अंधड़ चलने की चेतावनी जारी की है। साथ ही बारिश होने का भी अनुमान है। राज्य के सभी जिलों में शनिवार को बिजली चमकने और ओलावृष्टि के साथ बारिश होने के आसार हैं। देहरादून, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिले में 80 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से अंधड़ चल सकता है।

## पतरामपुर चौकी प्रभारी और तीन सिपाही किए निलंबित

संवाददाता, रुद्रपुर/जसपुर

- सिपाहियों पर शराब पीकर अभद्रता करने का आरोप

**अमृत विचार:** ड्यूटी से नदारद रहने पर पतरामपुर चौकी प्रभारी और शराब पीकर अभद्रता करना चौकी के तीन सिपाहियों को महंगा पड़ गया। अनुशासनहीनता को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने चौकी प्रभारी और तीन सिपाहियों को तत्काल निलंबित कर दिया। एसएसपी ने प्रकरण की जांच के आदेश भी दिए हैं।

एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि गुरुवार की रात्रि साढ़े 9 बजे गांव बगीचा में झगड़ा होने की सूचना पर पतरामपुर चौकी का सिपाही सचिन कुमार मौके पर पहुंचा और आरोपी पक्ष को उठाकर चौकी ले आया। आरोप था कि जब पैरवी को संभ्रांत नागरिक वहां पहुंचे तो आरोपी सिपाही ने नशे की हालत में अन्य सिपाहियों के साथ मिलकर उन लोगों से अभद्रता व हाथापाई की।

पता चला कि पतरामपुर चौकी प्रभारी संदीप शर्मा पिछले कई दिनों से प्रशिक्षण की आड़ में चौकी से नदारद हैं, और चौकी सिपाहियों के हवाले छोड़ रखी है। अधीनस्थों की रिपोर्ट के आधार पर एसएसपी ने चौकी प्रभारी संदीप शर्मा, सिपाही सचिन कुमार, सिपाही अनिल कुमार और सिपाही सुभाष चौधरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही जांच के आदेश किए हैं। एसएसपी ने हिदायत दी कि अनुशासनहीनता व मनमानी की नौकरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सरोवर नगरी के 75 प्रतिशत होटल भरे

**नैनीताल, अमृत विचार :** मैदानी क्षेत्रों की गर्मी से बचने के लिए देश भर से पर्यटक सरोवर नगरी नैनीताल समेत आसपास के पर्यटक स्थलों का रुख करने लगे हैं। मैदानी क्षेत्र में इन दिनों तापमान बेहद गर्म है तो वहीं पहाड़ों में मौसम बेहद सुहावना होने लगा है जिसका लुत्फ उठाने के लिए पर्यटक देश के कोने-कोने से सरोवर नगरी नैनीताल पहुंचने लगे हैं। पर्यटकों की आमद से सरोवर नगरी नैनीताल गुलजार हो उठी है। पर्यटकों के नैनीताल पहुंचने से पर्यटन कारोबारी अब खुश नजर आ रहे हैं। पर्यटकों की आमद से शुक्रवार को स्थानीय पर्यटन स्थलों में पूरे दिन सैलानियों की भीड़ रही। स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, किलबरी, केव गार्डन, चिड़ियाघर, सरिता ताल, वॉटर फॉल, बोटनिकल गार्डन व हनुमान गढ़ी समेत नगर के सभी पर्यटन स्थलों में पूरे दिन सैलानियों की आवाजाही बनी रही। सैलानियों ने नैनी झील में नौका विहार का लुत्फ उठाया। नैनीताल में पड़ रही गर्मी के बाद नैनीताल में पर्यटकों की आमद से पर्यटकों को कार पार्किंग की दिक्कत का सामना करना पड़ रहा।

### 20 जून तक बंद की हवाई सेवा

**टनकपुर/चम्पावत, अमृत विचार :** इस वर्ष 22 फरवरी से शुरू हुई चम्पावत की हवाई सेवा बंद हो गई है। निजी कंपनी की यह सेवा तकनीकी कारणों के चलते शुक्रवार आज 10 मई से बंद हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्वाचन क्षेत्र चम्पावत से हल्द्वानी के लिए एकाएक उड़ान सेवा बंद होने से यहां के लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। फिलहाल ये हवाई सेवा 20 जून तक बंद रहेगी। मालूम हो कि इस वर्ष 22 फरवरी को चम्पावत से सात सीटर हेलीकॉप्टर सेवा शुरू हुई थी। इस सेवा के अंतर्गत हर दिन दो सेवा हल्द्वानी तक जाने के साथ दो सेवा हल्द्वानी से चम्पावत आती थी। हेलीकॉप्टर सेवा देने वाली निजी कंपनी हेरिटेज एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के एमडी रोहित माथुर ने वाट्सएप संदेश के जरिए चम्पावत की हेलीकॉप्टर सेवा 10 मई से 20 जून तक स्थगित रहने की जानकारी दी है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर**

**नोटिस**

(अन्तर्गत धारा-143, नगर पालिका अधिनियम, 1916)

संख्या : 57/न.पं.पा.-पु./दाखिल खारिज/2024-25 दिनांक : 06 मई 2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित विवरण के अनुसार कालम सं.-4 में अंकित व्यक्ति के द्वारा किये गये रजिस्टर्ड बैनामा/वसीयत/वारिसान प्रमाण पत्र के द्वारा हस्तांतरण के आधार पर कॉलम-5 में उल्लेखित व्यक्ति ने अपना नाम गृहकरपंजिका में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया है। यदि कॉलम सं. 5 में अंकित व्यक्ति के नाम को गृहकर पंजिका में अंकित किये जाने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन के प्रकाशित तिथि के एक माह के अन्दर कार्यालय नगर पालिका परिषद पुवायां में लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकता है। उल्लिखित समय सीमा के अन्दर किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्म न होने की दशा में प्रस्तावित नामों को पालिका के गृहकर रजिस्टर में गृहकर वसूली के उद्देश्य से दर्ज कर दिया जायेगा।

| क्र.सं. | सम्पत्ति का विवरण | वार्ड का नाम | रजिस्टर्ड बैनामा कर्ता व वसीयत कर्ता का नाम व पता | प्रस्तावित व्यक्तियों के नाम जो उक्त सम्पत्ति का गृहकर हेतु दर्ज किये जाने है | हस्तान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | आवासीय प्लाट | मो. देवस्थान-वार्ड नं. 18 नगर पुंवायां | श्री सन्तोष कुमार गुप्ता पुत्र श्री पूरनलाल नि.मो. गढ़ी नगर पुवायां जिला शाहजहांपुर | श्रीमती ईश्वर वती पत्नी श्री रामपाल नि.मो. कुरगजा पुवायां जिला शाहजहांपुर | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 2. | आवासीय प्लाट | मो. कटरा बाजार-वार्ड सं. 20 नगर पुवायां | राममोहिनी पुत्री बैकुण्ठ प्रसाद पत्नी श्री पंकज मिश्रा नि.ग्रा. रौतापुर तह. पुवायां जिला शाहजहांपुर | सूर्य प्रकाश मिश्रा पुत्र स्व. बैकुण्ठ प्रसाद नि. ग्रा. जेवा तह. पुवायां जिला शाहजहांपुर | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 3. | व्यवसायिक प्लाट | मो. कमलबाग वार्ड सं. 11 नगर पुवायां | श्री दिनेश चन्द्र गुप्ता पुत्र श्री रामस्वरूप नि. मो. कसभरा आढ़त पुवायां हाल नि. 2/332 विकास खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ व श्री कमलेश चन्द्र गुप्ता पुत्र श्री रामस्वरूप नि. मो. कसभरा आढ़त पुवायां हाल नि. काशी नगर लखीमपुर व सचिन गुप्ता पुत्र श्री कैलाश चन्द्र गुप्ता नि.मो. कसभरा आढ़त पुवायां हाल नि. 198/7 फ्रैंडसलेन राजपुर मार्ग देहरादून | श्रीमती परमजीत कौर पत्नी जितेन्दर सिंह नि.मो. हरदयाल कूँचा पुवायाँ जिला शाहजहाँपुर | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 4. | व्यवसायिक प्लाट | मो. कमलबाग वार्ड सं. 11 नगर पुवायां | श्री दिनेश चन्द्र गुप्ता श्री रामस्वरूप नि.मो.कसभरा आढ़त पुवायां हाल नि. 2/332 विकास खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ व श्री कमलेश चन्द्र गुप्ता पुत्र श्री रामस्वरूप नि.मो. कसभरा आढ़त पुवायां हाल नि. काशी नगर लखीमपुर व सचिन गुप्ता पुत्र श्री कैलाश चन्द्र गुप्ता नि.मो. कसभरा आढ़त पुवायां हाल नि. 198/7 फ्रैंडसलेन राजपुर मार्ग देहरादून | श्रीमती परमजीत कौर पत्नी जितेन्दर सिंह नि.मो. हरदयाल कूँचा पुवायाँ जिला शाहजहाँपुर | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 5. | आवासीय प्लाट | मो. तरती बाजार वार्ड सं. 16 नगर पुवायां | बाबूराम पुत्र गिरधारी लाल नि.मो. बक्सरिया शाहजहांपुर | छाया रस्तोगी पत्नी श्री राजीव रस्तोगी नि. मो. बक्सरिया शाहाजहांपुर | न्यायालय अपर सिविल जज (जू.डि.) कक्ष सं. 25 शाहजहांपुर के आदेशानुसार |
| 6. | व्यवयायिक प्लाट | मो. छावनी/अम्बेडकर नगर वार्ड सं. 09 नगर पुवायां | श्री विनोद कुमार पुत्र श्री मोती लाल नि.मो. खिरनी बाग शाहजहांपुर | श्री समसाद पुत्र श्री सहफुल्ला नि.ग्रा.बहादुर पुर बुजुर्ग तह. पुवायां जिला शाहजहांपुर | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 7. | व्यवयायिक प्लाट | मो. आनन्द वाटिका वार्ड सं. 06 नगर पुवायां | स्व. श्रीमती किशोरी देवी पत्नी स्व. श्री योगीनाथ नि.मो. कटरा बाजार/तरतीबाजार पुवायां जिला शाहजहांपुर | श्रीमती उपासना गुप्ता पत्नी श्री अनुराग गुप्ता नि.मो. तरती बाजार पुवायां जिला शाहजहांपुर | वसीयत के आधार पर |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद , पुवायां शाहजहांपुर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद , पुवायां शाहजहांपुर

## भाजपा सरकार की अग्निवीर योजना से एससी, एसटी व ओबीसी को हुआ नुकसान

# सच्चाई सामने आयी तो बदल जाएगी देश की स्थिति: राहुल गांधी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राहुल गांधी ने कहा कि वंचित वर्ग की जनगणना के बाद सच्चाई सामने आ आएगी, ऐसा होने पर देश की स्थिति बदल जाएगी। राहुल गांधी शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित संविधान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा एससी, एसटी व ओबीसी की जनगणना नहीं करा रही है ताकि सच्चाई सामने न आ सके। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव जीतने के लिए उनकी रणनीति भाई-भाई को आपस में लड़ाने की है। उनकी रूचि सत्ता पाने की है, पर राहुल की इसमें कतई रूचि नहीं है, क्योंकि वह सत्ता के बीच ही पैदा हुए हैं। वह सत्ता का इस्तेमाल औजार की तरह करना चाहते हैं ताकि 90 फीसदी आबादी को उनका हक मिल सके।



लखनऊ में शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित संविधान सम्मेलन को संबोधित कांग्रेस नेता राहुल गांधी। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की अग्निवीर योजना से एससी, एसटी व ओबीसी को नुकसान हुआ है, क्योंकि सेना में इसी वर्ग के लोग पहुंच रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई भी बड़ी कंपनी हो, न्यायपालिका हो, मीडिया या सरकारी सेवाएं हों, हर क्षेत्रों में केवल 10 प्रतिशत आबादी का कब्जा है। आरक्षित वर्ग के लोगों को उनकी भागीदारी नहीं मिल पा रही है।

**सरकारी संस्थाओं के निजीकरण प्रक्रिया पर लगेगी रोक :** राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में रेलवे समेत जिन संस्थाओं की निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है, उस पर तत्काल रोक लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस संस्थाओं का निजीकरण हो चुका है, उसका दोबारा राष्ट्रीकरण किया जाना मुश्किल होगा।

### अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं मिल सका न्याय

राहुल गांधी ने कहा कि संविधान डॉ भीमराव आंबेडकर ने लिखा, जिससे लोगों को आरक्षण मिल पाया, हालांकि, इससे पहली भी इन वर्गों को न्याय दिलाने की वाले लोग रहे हैं। पेरियार, ज्योतिबा फुले, बुद्ध आदि ने यह बात स्वीकार की जो हमने सच देखा हैं हम उस पर कायम रहेंगे और समाज का उद्धार करेंगे। महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू आदि नेताओं ने भी इन वर्गों को न्याय दिलाने में अपनी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान सत्ता, हुनर, सम्पत्ति आदि के स्थानांतरण का डाक्यूमेंट है। हजारों सालों से वंचित वर्गों के जन्म के पहले से उनका भविष्य तय कर दिया जाता था। उनके पहले से निर्धारित थे, पर संविधान ने इन वर्गों के न्याय दिलाया है। हालांकि, अभी तक अपेक्षाओं के अनुरूप उन्हें सामाजिक न्याय नहीं मिल सका है।

### राहुल गांधी ने दुलारा बच्ची को, उसने मांगी थी उनके लिए दुआ



**लखनऊ, अमृत विचार :** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित संविधान सम्मेलन में मंच पर पहुंची एक बच्ची को राहुल गांधी ने दुलार किया। उन्होंने बच्ची से बातचीत की। बच्ची की ओर से दिये गये संदेश को भी पढ़ा। राहुल ने बच्ची के जन्म दिन पर उसके आवास पर पहुंचने का भरोसा दिया। शाम को जैसे ही राहुल गांधी मंच पर पहुंचे तो दर्शक दीर्घा में बैठे कांग्रेस कार्यकर्ता व सम्मेलन में शामिल होने आये लोग जिन्दाबाद के नारे लगाने लगे। इसी बीच, एक बच्ची मंच पर पहुंच गई तो राहुल ने उत्साह के साथ बच्ची को प्यार किया। कुछ देर बच्ची को बगल में रखा, तो बच्ची ने उन्हें प्यार भी किया। कुछ देर बाद बच्ची मंच से नीचे आ गई। बच्ची चैक के अकबरी गेट निवासी अतहर अली की बेटी है। मां जहांआरा कांग्रेस की कार्यकर्ता हैं। जहांआरा ने बताया कि बेटी राहुल गांधी को मामा कहती है। काफी समय से वह मिलने के प्रयास थी, पर आज कार्यक्रम में उसे सफलता मिल गई। उन्होंने बताया कि बच्ची समेत वे लोग कुछ दिन पहले मदीने गये थे, जहां राहुल के लिए बच्ची ने दुआ मांगी थी और उसे एक दफ्ती पर लिखा था। बच्ची ने लिखे गये उसी दुआ को राहुल गांधी को दिखाया। इस पर राहुल खुश हो गए। उन्होंने बताया कि बच्ची का जन्म दिन 14 जून को है। राहुल ने जन्म दिन पर आवास पर आने का भरोसा दिया है। उन्होंने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा के तहत पूर्व में राहुल लखनऊ आये थे, उन्होंने बच्ची को फ्लाइंग किस दिया था। बच्ची राहुल गांधी के भाषणों को सुनती है, उनसे काफी प्रभावित है।

## सार-संक्षेप

### मस्जिद से लाउडस्पीकर हटाने के मामले में दाखिल याचिका खारिज

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मस्जिद से लाउडस्पीकर न हटाने को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि याचियों के पास ऐसी याचिका दाखिल करने का कोई व्यक्तिगत अधिकार नहीं है और अगर वास्तव में ऐसा कोई दबाव बनाया जा रहा है तो मस्जिद प्रबंधन के पास इस संबंध में याचिका दाखिल करने का अधिकार है। कोर्ट ने एक अन्य मामले का हवाला देते हुए कहा कि मामले की प्रकृति पर यह निर्भर करता है कि उसका निस्तारण किस मंच के द्वारा या किस आधार पर किया जाएगा। मस्जिद से लाउडस्पीकर हटाने या न हटाने का निर्णय मस्जिद समिति द्वारा लिया जाएगा। अत: इस संदर्भ में याचिका दाखिल करने का अधिकार भी मस्जिद समिति का होना चाहिए, न कि व्यक्तिगत स्तर पर ऐसी समस्या को उठाना उचित होगा। उक्त टिप्पणी के साथ मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने गोरखपुर निवासी करम नवी और अन्य की याचिका खारिज कर दी, जिसमें मस्जिद से लाउडस्पीकर न हटवाने के लिए जिला प्रशासन को दिशा निर्देश देने की मांग की गई थी।

### लारेंस गैंग के और कितने सदस्य, एसटीएफ करेगी जांच

**लखनऊ, अमृत विचार :** गोरखपुर से लारेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य गिरफ्तार होने के बाद एसटीएफ हैरान है। इससे पहले भी हरियाणा के अंबाला में व्यवसायी पर हमला करने के लिए हथियार सप्लाई करने वाला आरोपी भी गोरखपुर का ही निवासी था। ऐसे में एसटीएफ को आशंका है कि प्रदेश में बिश्नोई गैंग के कई सदस्य सक्रिय हो सकते हैं। एसटीएफ गुरुवार को गोरखपुर से गिरफ्तार किए गए मनीष यादव से जल्द पूछताछ करेगी, ताकि सक्रिय गैंग की जानकारी मिल सके। मालूम हो कि गुरुवार को हरियाणा एसटीएफ और यूपी एसटीएफ के संयुक्त प्रयास से गोरखपुर में लारेंस गैंग के सदस्य मनीष यादव को गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ अफसरों ने बताया कि गोरखपुर का ही निवासी शशांक पांडेय लारेंस गैंग का सक्रिय सदस्य था, जो इन दिनों अंबाला जेल में बंद हैं। इस तरह लारेंस गैंग के दो सदस्य सिर्फ गोरखपुर से ट्रेस हो चुके हैं। बता दें कि अप्रैल 2023 में अंबाला शहर में मखन सिंह लबाना से लारेंस बिश्नोई गैंग के अनमोल बिश्नोई ने 50 लाख की रंगदारी की मांग की थी।

### नीट एसएस 2020 सप्लीमेंट्री बैच को मिलेगी तैनाती

**लखनऊ, अमृत विचार :** नीट एसएस 2020 ( डीएम व एमसीएच) सप्लीमेन्ट्री बैच के विशेषज्ञों को अनिवार्य सेवाबांड के तहत सरकारी मेडिकल कॉलेजों में बतौर सहायक आचार्य नियुक्त किया जायेगा। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा 15 मई को इन पर्सन ऑनलाइन काउंसिलिंग करायी जायेगी। डीजीएमई द्वारा जारी नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि सप्लीमेंट्री बैच में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को ऑल इंडिया रैंक के आधार पर समायोजित किया जायेगा। निर्धारित तिथि पर चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय के सभागार में काउंसिलिंग संपन्न होगी। अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग में नीट 2020 के प्रवेश पत्र व स्कोर कार्ड, जिसमें ऑल इंडिया रैंक अंकित हो, लाना होगा।

### घूस लेते बीएसए कार्यालय के बाबू पकड़े गए

**संतकबीरनगर, अमृत विचार :** वेतन विसंगति ठीक करने के नाम पर अध्यापक से रिश्वत लेते बीएसए आफिस के बाबू सरतेंदु को एंटी करप्शन ने 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। नाथनगर ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय नैनाझाला में नियुक्त अध्यापक कृष्णचंद की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एंटी करप्शन टीम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लेखा अनुभाग में तैनात बाबू सरतेंदु को 50 हजार की घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बाबू को टीम ने कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को सौंप दिया है।

# टाटा स्टील के सेल्स हेड का हत्यारोपी मुठभेड़ में हुआ ढेर

## क्रॉस फायरिंग के दौरान सब इंस्पेक्टर को लगी गोली, भर्ती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गाजियाबाद में टाटा स्टील के इंडिया सेल्स हेड विनय त्यागी की हत्या का आरोपी शुक्रवार की सुबह एक मुठभेड़ के दौरान ढेर हो गया। क्रॉस फायरिंग में पुलिस के सब इंस्पेक्टर को भी गोली लग गई, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विनय त्यागी की हत्या 3 मई को हुई थी।

अधिकारियों के मुताबिक, थाना शालीमार गार्डन की पुलिस टीम आपराधिक घटनाओं को लेकर चेकिंग कर रही थी। तभी बाइक सवार दो आरोपी तेजी से भागे। शक होने पर पुलिस टीम ने बाइक सवारों का पीछा किया। इस दौरान बाइक सवार पार्श्वनाथ की थंडर बिल्डिंग के बंद गेट के सामने फिसलकर गिर गए। इसके बाद पुलिस टीम को अपने पीछे आते देख आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इस



दक्ष उर्फ अक्की जो मुठभेड़ में मारा गया।

दौरान पुलिस टीम द्वारा भी जवाबी कार्रवाई शुरू की गई। फायरिंग कर रहे आरोपियों में से एक गोली लगने से घायल हो गया और दूसरा फायरिंग के समय अंधेरे का फायदा उठा कर मौके से फरार हो गया।

आरोपियों द्वारा की गई फायरिंग में पुलिस उप निरीक्षक मंगल सिंह भी गोली लगने से घायल हो गए। घायल मंगल सिंह व घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां आरोपी को मृत घोषित कर दिया गया। थाना पुलिस के मुताबिक आरोपी दक्ष थाना शालीमार गार्डन में टाटा स्टील के इंडिया सेल्स हेड विनय त्यागी की हत्या के आरोप में वांछित चल रहा था। पुलिस ने दक्ष के पास से 32 बोर की एक पिस्टल सहित कई कारतूस बरामद किए हैं।

● गाजियाबाद के थाना शालीमार गार्डन की घटना

### मैनपुरी निवासी दक्ष ने 3 मई को की थी हत्या

मुठभेड़ में ढेर हुआ हत्यारोपी दक्ष उर्फ अक्की मैनपुरी के किशनी थाना क्षेत्र के ग्राम हरिसिंहपुर का निवासी है। जिसने बीते 3 मई को गाजियाबाद के राजेंद्र नगर सेक्टर 5 निवासी विनय त्यागी की हत्या कर दी थी। उसका शव 4 मई को गाजियाबाद के खेतान पब्लिक स्कूल के पीछे पड़ा मिला था। पुलिस ने दक्ष के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। घटना के बाद से ही पुलिस दक्ष की तलाश कर रही थी।

## 93 बच्चों की तस्करी मामले में 9 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**प्रयागराज, अमृत विचार :** प्रयागराज जंक्शन से आरपीएफ ने गुरुवार को 93 बच्चों को मुक्त कराने के बाद बच्चों को बाल कल्याण समिति भेज दिया गया था। जहां उन बच्चो की काउंसलिंग कराई जा रही है। जिसके बाद उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। फिलहाल मामले मे पुलिस ने 9 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

गुरुवार को सीमांचल एक्सप्रेस से बच्चों को बिहार से लाया गया था। मामले में आरपीएफ रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) के निरीक्षक शिव कुमार ने बताया कि ट्रेन से उतारने के बाद इन बच्चों को बाल कल्याण समिति भेजा गया है। जहां उनकी काउंसलिंग कराई जा रही है। काउंसलिंग के बाद सभी बच्चों को उनके परिजनों को सौपा जाएगा। यह भी बताया कि बाल तस्करी में शक के आधार पर हिरासत में लिए गए सभी 9 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया गया है। ये बच्चे बिहार के अररिया के रहने वाले हैं। इनमें से कुछ बच्चों को दिल्ली, कुछ को राजस्थान के नागौर व कुछ को देहरादून के मदरसों ले जाया जा रहा था।

## सीआरपीएफ हवलदार समेत सोना लूटने वाले पांच बदमाश गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मिलक हाइवे पर 28 अप्रैल की रात तस्करों से एक किलो 300 ग्राम सोना लूटने के मामले में पुलिस और एसओजी की टीम ने मुठभेड़ के बाद अमरोहा निवासी सीआपीएफ जवान इन्तकाब अली समेत पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी के पैर में गोली लगी है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि गुरुवार की रात हाइवे पर मिलक में पुलिस और एसओजी संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान कार में बैठे कुछ व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम ने कार का पीछा किया तो कार खेत के पास खाई में फंस गई। इसके बाद कार सवार तीन व्यक्तियों में से दो ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। घायल ने अपना नाम शफीक उर्फ गटुआ निवासी मोहल्ला नीम कस्बा थाना टांडा बताया। पुलिस ने उसके दो साथियों सहित तीनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया। मौके पर पकड़े गए दो बदमाशों ने अपने नाम इन्तकाब अली और दानिश निवासी ग्राम टिकिया फतेहपुर थाना डिडौली, जनपद अमरोहा बताया। पुलिस ने लूट में शामिल मोहम्मद जीशान निवासी पड़ाव थाना टांडा और मोहम्मद रिजवान निवासी लालू नगला थाना शहजादनगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से 558 ग्राम पीली धातु के दो अंडकार गोले तथा 8,10,000 रुपये एवं अवैध शस्त्र बरामद हुए। इनके पास से 5,40,000 रुपये तथा दो आधार कार्ड मिले।

# अक्षय तृतीया पर रामलला को लगा 11 हजार फलों का भोग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण-प्रतिष्ठा के बाद पहली बार राम मंदिर में अक्षय तृतीया का पर्व बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर को तरह-तरह के फूलों से सजाया गया। गर्भगृह के मुख्य द्वार पर फलों की लड़ियां मंदिर की भव्यता को बढ़ा रही थीं। सुबह श्रृंगार के बाद रामलला का विशेष पूजन अर्चन किया गया और महाराष्ट्र के रामभक्त विनायक सेठ भालचंद्र कांची परिवार के द्वारा विशेष प्रसाद का प्रबंध किया गया।

ट्रस्ट की अनुमति के बाद ट्रक में मौसमी फल राम मंदिर पहुंचा। फल रामलला को समर्पित किए गए, जिसमें सबसे अधिक आम शामिल था। 11 हजार फलों का भोग लगाया गया। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने



रामलला के दरबार में भोग प्रसाद के लिए रखी गईं आमों की टोकरियां।

दोपहर 12 बजे रामलला की आरती की। पूजन के बाद पहला भोग आम का लगाया गया, जिसका प्रसाद आने वाले सभी भक्तों में वितरित किया गया। सत्येंद्र दास ने कहा कि अक्षय तृतीया के दिन जो भी काम किया जाता है वह कभी नष्ट नहीं होता। पूरी-सब्जी, खीर और मिष्ठान का भी भोग लगाया गया।

## सपा नेता गब्बर के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार :** पुलिस ने शुक्रवार को जिले में चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का पहला मामला दर्ज किया है। यह मामला बीकापुर विधानसभा क्षेत्र से सपा के पूर्व प्रत्याशी फिरोज खान गब्बर के खिलाफ रौनाही थाने में दर्ज कराया गया है। रौनाही थाने के उपनिरीक्षक आलोक कुमार की ओर से दी गई तहरीर में आरोप है कि लोकसभा चुनाव को लेकर गुरुवार शाम वह क्षेत्र में घूम रहे थे। इसी दौरान लोग सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो की चर्चा करते मिले। संबंधित वीडियो का अवलोकन करने पर पता चला कि सपा के पूर्व प्रत्याशी फिरोज खान उर्फ गब्बर निवासी रौनाही की ओर से मंच पर धमकी भरे अंदाज में भाषण दिया जा रहा है।

# 2 लाख भक्तों ने किए बांके बिहारी के चरण दर्शन

**मथुरा, एजेंसी :** अक्षय तृतीया के अवसर पर शुक्रवार को बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। करीब दो लाख भक्तों ने बांके बिहारी के चरण दर्शन किए। सुबह बांके बिहारी को चंदन का लेप लगाया गया। फिर श्रृंगार हुआ। साल में केवल आज ही के दिन बांके बिहारी के सभी अंगों पर चंदन लगाया जाता है।

भक्तों को उनके चरण दर्शन भी कराए जाते हैं। चरण दर्शन भी साल में सिर्फ आज ही के दिन कराए जाते हैं। शुक्रवार को बांके बिहारी मंदिर के पट सुबह 5 बजे खुले। भीड़ को नियंत्रित करने को पुलिस ने मंदिर के आसपास और चौक-चौराहों पर बंदोबस्त किए हैं। जगह-जगह पुलिसकर्मी



● अक्षय तृतीया एक किलोमीटर लंबी लाइन लगी

तैनात किए गए हैं और बैरिकेडिंग लगाई गई है। रूट डायवर्जन के तहत बाहरी वाहनों का 11 मई तक प्रवेश बंद कर दिया गया है। बांकेबिहारी मंदिर के प्रबंधक मुनीश शर्मा ने बताया कि गुरुवार को ही अनुमानित दो लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच गए थे। अगले तीन दिन में करीब आठ और लोगों के आने का अनुमान है।

## वर्ग पहेली-66

**बाएं से दाएं**

3. 1. जलाने वाला 2. क्षीण या नष्ट करने वाला 3. क्षय करने वाला 4. पाचक शक्ति बढ़ाने वाला।

4. 1. घर के भीतर का खुला स्थान जो ऊपर से छाया न हो, सहन 2. चौक, अजिर 3. घर 4. आंगन, परिसर, प्रांगण।

6. जीवन के लिए उपयोगी।

9. 1. नए सिरे से आरंभ करना, नया बनाना

**ऊपर से नीचे**


1. एक सूर्योदय से दूसरे सूर्योदय तक का समय।

2. 1. शकरखोरा नामक एक चिड़िया 2. जुगनूं जैसा आभूषण जो गले में पहना जाता है 3. ऐसा गहना जो पान के पत्ते के आकार का होता है।

5. आश्रित, दूसरे पर निर्भर, उपजीवी।

7. 1. कोई काम पूरा करने की क्रिया या भाव 2. कचौरी

8. 1. ज्ञान, बोध, आभास 2. प्रकाश, रोशनी।




### वर्ग पहेली -65 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 गु | ट | 2 बं | दी | ■ | 3 पें |
| 4 सु | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ट |
| 5 अ | नु | दा | र | वा | दी | ■ |
| व | ■ | ■ | घु | ■ | ■ | ■ |
| स | ■ | 6 ह | ड़ | ब | ड़ा | 7 ना |
| र | ■ | ■ | की | ■ | ■ | शि |
| ■ | 8 जो | ग | ■ | 9 की | म | त |

## सुडोकू -145

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | | | | | |
| 2 | | | 3 | 4 | | | | |
| 6 | | 3 | | | | | | |
| | 2 | | 1 | | | | | |
| 4 | 8 | | | | | | 5 | |
| | | | | 5 | 4 | | 9 | |
| | | | | | | 9 | 8 | 3 |
| | | | | 9 | 8 | | | |
| | | | | | 6 | 7 | | |

### सुडोकू -144 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 8 | 5 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 8 | 2 |
| 1 | 8 | 4 | 2 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 |
| 5 | 2 | 6 | 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 4 | 8 | 6 | 2 | 5 |
| 3 | 9 | 1 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 2 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 मई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 12 मई 02.03 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 10.15 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** – आज महत्वपूर्ण मुद्दे पर आप विचार-विमर्श कर सकते हैं। आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। नया काम शुरू करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आप तकनीक से जुड़े कार्यों में काफी रुचि ले सकते हैं। मित्रों के साथ आप काफी अच्छा समय बिताएंगे।

**वृष** – आज सभी काम अपनी निगरानी में करेंगे तो आपको सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। धन कमाने के नए साधनों पर काम कर सकते हैं। आर्थिक प्रगति होने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** – आज सहयोगियों के साथ मतभेद दूर होंगे। अपनी प्रतिभा का कुशल प्रयोग कर पाएंगे। आपको अजनबियों पर ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिए। व्यापार में बिक्री बढ़ने से पुराने नुकसान की भरपाई हो जाएगी।

**कर्क** – आज आय के बजाय व्यय ज्यादा होगा। कार्यक्षेत्र में आपका झगड़ा हो सकता है। अपने सहकर्मियों के साथ संवादहीनता न होने दें। आपका दिन काफी तनाव भरा रहने वाला है। परिजनों के साथ अनबन और मनमुटाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**सिंह** – आज नई परियोजनाओं को शुरू करने के लिए बहुत अच्छा समय है। परिवार में कुछ मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। बड़े भाई-बहन आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। उच्च पदासीन लोगों से सम्मान प्राप्त होगा। जीवनसाथी के साथ समय का आनंद लेंगे।

**कन्या** – आज परिवार के सदस्यों के बीच मनमुटाव हो सकता है। कानूनी मामलों को लेकर थोड़े सावधान रहें। धार्मिक कार्यों में धन खर्च होगा। पैतृक संपत्ति को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

**तुला** – आज बुद्धिमान लोगों की संगत में रहने से आप सही निर्णय ले पाएंगे। नवदंपति फैमिली प्लानिंग का विचार बना सकते हैं। सकारात्मक प्रवृत्ति के लोग धर्म-कर्म में रुचि लेंगे। आपको अधिकारी वर्ग से संभल कर रहना चाहिए।

**वृश्चिक** – आज रिश्तों के बीच अहम भावना न आने दें। परिवार में थोड़ी अशांति जैसा माहौल रहेगा। सरकारी कार्यों में अटक आ सकती है। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। व्यापार में धीमापन होने से थोड़े चिंतित हो सकते हैं।

**धनु** – आज व्यापार में बड़े अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। दूसरों की मदद करने के लिए आप प्रयासरत रहेंगे। सहयोगियों की मदद से आपको धन लाभ होगा। दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। बड़े-बुजुर्ग आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं।

**मकर** – आज पुराना ऋण चुकाने में आसानी होगी। करियर को लेकर बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। प्रेम संबंधों में मर्यादा का ध्यान रखें। आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएंगे। उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है।

**कुंभ** – आज आपके आत्मसम्मान और स्वाभिमानी स्वभाव के बावजूद आपको आलोचना झेलनी पड़ सकती है। मीडिया और कला से जुड़े लोग संभल कर बयानबाजी करें। व्यापार में मनोनुकूल परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

**मीन** – आज हृदय रोगियों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। आय के साथ-साथ आपके खर्चे भी बढ़ेंगे। ज्यादा सोचने के बजाय जो चल रहा है उस पर ही ध्यान दें। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखने का प्रयास करें। आप के कुछ आवश्यक काम छूट सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
तकदीर का तमाशा – सुबह :09.33
कहानी किस्मत की – रात : 07.00

SONY MAX
डॉन की जंग – सुबह : 08.20
गुमराह – रात : 08.43

SONY PIX
द मिशेल्स बनाम द मशीन्स – सुबह : 10.20
डोंट ब्रीथ 2 – रात : 09.23

ZEE CINEMA
मोहरा – सुबह : 09.25
फितूर – रात : 07.55

colors CINEPLEX
अग्निपथ – दोपहर : 12.00
डियर जिंदगी – रात : 08.43

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 07.55 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

इंस्पेक्टर-तुम मुर्गियों को क्या खिलाते हो?
पहला मालिक- बाजरा
इंस्पेक्टर-खराब खाना, इसे गिरफ्तार कर लो।
दूसरा-चावल
इंस्पेक्टर-गलत खाना, इसे भी गिरफ्तार कर लो
अब सांता की बारी आई..
सांता डरते-डरते बोला-हम तो जी, मुर्गियों को ही 5-5 रुपए दे देते हैं, जो तुम्हारी मर्जी है जाकर खा लो।

पत्नी- मैं रोज पूजा करती हूं काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाएं।
पति- एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले। फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-995 फ्लैग-1115 डीएमओ-880 बोल्ड-1165
**चन्दौसी :** शिवालिक- 1000 फ्लैग-1110 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 950

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1835, राज श्री 1300, फ़ॉर्चून कि. 1700, रविन्द्रा 1785, फॉर्चुन ली0 1550, जय जवान 1405, सचिन 1520, सूरज 1430, अवसर 1615, राग गोल्ड 1600, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1640, मोर 1550, चक्र टिन 1650, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1690, स्वास्तिक 1805 । किराना- (प्रति कु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 32000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 । चावल -(प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7325-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11300, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 7550, लाल हिंदुस्तान 7650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10300, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14500, अरहर कोरा मोटा 14800, अरहर पटका छोटा 15000-15400, अरहर कोरी छोटी 16600 चीनी -डालमियां 4200, पीलीभीत 4150, नवाबगंज 4140 (नई), बहेड़ी 4150 (नयी)।

# खरीदारी से बाजार में रौनक, सेंसेक्स 260 अंक चढ़ा

## रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और भारती एयरटेल के शेयरों में दमदार खरीदारी से दोनों सूचकांक में आई तेजी

मुंबई, एजेंसी

विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार के दिग्गज शेयरों रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और भारती एयरटेल में तेजी के दम पर तीन सत्रों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को लगाम लगी और दोनों मानक सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने और निवेशकों के सतर्कता से बाजार की बढ़त एक हद तक सीमित हो गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 260.30 अंक यानी 0.36% चढ़कर 72,664.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 542.37 अंक यानी 0.74% बढ़कर 72,946.54 अंक तक पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 97.70 अंक यानी 0.44% चढ़कर 22,055.20 अंक पर बंद हुआ। इस तेजी के दम पर घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिनों से जारी गिरावट को थामने में मदद मिली। गुरुवार को बड़े पैमाने पर हुई बिकवाली ने सेंसेक्स को 1062.22 अंक यानी 1.45% का झटका देते हुए 72,404.17 अंक पर ला दिया था। निफ्टी भी 345 अंक यानी 1.55% की बड़ी गिरावट के साथ 21,957.50 अंक पर आ गया था। हालांकि शुक्रवार का दिन घरेलू शेयर बाजारों के लिए राहत भरी तेजी लेकर आया। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 1,213.68 अंक यानी 1.64% की गिरावट दर्ज की गई जबकि निफ्टी ने 420.65 अंक यानी 1.87% का नुकसान उठाया।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तापसे ने कहा कि विदेशी बाजारों में मजबूती से घरेलू बाजार को समर्थन मिला और सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। अब भी कारोबारी धारणा में सतर्क रुख बना हुआ है और उतार-चढ़ाव के रूप में यह नजर भी आया।



- निफ्टी ने भी 97.70 अंक चढ़कर 22 हजार का आंकड़ा किया पार
- गुरुवार को तेज बिकवाली से सेंसेक्स 1.45% टूटा था

### चुनावों के नतीजों को लेकर बाजार में बिकवाली का दबाव

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, एशियन पेंट्स, आईटीसी, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टाटा मोटर्स के शेयर बढ़त लेकर बंद हुए। दूसरी तरफ, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस, विप्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.81 प्रतिशत चढ़ गया जबकि स्मालकैप सूचकांक में 0.80 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी बिकवाली और लोकसभा चुनावों के नतीजों को लेकर आशंकाएं हावी होने से बाजार में बिकवाली का दबाव बना हुआ है। हालांकि कुछ दिग्गज कंपनियों के तिमाही नतीजों से रफ्तार मिल रही है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 6,994.86 करोड़ मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार भी बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बृहस्पतिवार को अमेरिकी शेयर बाजारों में तेजी का दौर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.41 प्रतिशत चढ़कर 84.22 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# सोने का आयात 30% बढ़कर 45.54 अरब डॉलर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी



- 2022-23 में सोने का आयात 35 अरब डॉलर का था

मजबूत घरेलू मांग रहने से देश में सोने का आयात वित्त वर्ष 2023-24 में 30 प्रतिशत बढ़कर 45.54 अरब डॉलर हो गया। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 में सोने का आयात 35 अरब डॉलर का रहा था।

वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, इस साल मार्च में कीमती धातु का आयात 53.56 प्रतिशत घटकर 1.53 अरब डॉलर रह गया। स्विट्जरलैंड सोने के आयात का सबसे बड़ा स्रोत है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत की है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आयात में हिस्सेदारी 16 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका की लगभग 10 प्रतिशत है। देश के कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत से अधिक रही है। फिलहाल सोने पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है।

सोने का आयात बढ़ने के बावजूद देश का व्यापार घाटा (आयात और निर्यात के बीच का अंतर) पिछले वित्त वर्ष में घटकर 240.18 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2022-23 में यह व्यापार घाटा 265 अरब डॉलर था। चीन के बाद भारत दुनिया में सोने का दूसरा बड़ा उपभोक्ता है। यह आयात मुख्य रूप से आभूषण उद्योग की मांग को पूरा करता है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 86700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 95000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55800-56000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,350 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 82,100 |
| चांदी तैयार | 85,000 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71400 |
| चांदी पक्की | 825 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,100 |
| चांदी आभूषण | 84,000 |

# विदेशी मुद्रा भंडार 641.59 अरब डॉलर हुआ: रिजर्व बैंक

मुंबई, एजेंसी

तीन सप्ताह की गिरावट के बाद देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन मई को समाप्त सप्ताह में 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर था। यह पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 648.56 अरब डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंचा था। तीन मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा



विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.46 अरब डॉलर बढ़कर 564.16 अरब डॉलर रही। बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 65.3 करोड़ डॉलर घटकर 54.88 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 20 लाख डॉलर बढ़कर 18.05 अरब डॉलर हो गया।

# बीपीसीएल 1.7 लाख करोड़ का करेगी निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनी बीपीसीएल ने अपने मुख्य कारोबार तेल शोधन, ईंधन विपणन और पेट्रोकेमिकल के अलावा स्वच्छ ईंधन में अगले पांच वर्षों में 1.7 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के चेयरमैन जी कृष्णकुमार ने शुक्रवार को तिमाही नतीजों पर विश्लेषकों के साथ चर्चा के दौरान यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि पांच साल की रणनीतिक रूपरेखा प्रोजेक्ट एस्पायर के तहत बीपीसीएल ने तेलशोधन



- बीपीसीएल के चेयरमैन ने तिमाही नतीजों पर विश्लेषकों संग की चर्चा
- स्वच्छ ईंधन में पांच साल में निवेश करने की कंपनी बना रही योजना

क्षमता बढ़ाने, पेट्रोकेमिकल व्यवसाय और स्वच्छ ईंधन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने की योजना बनाई है। कृष्ण कुमार ने कहा कि हमारी रणनीति दो मूलभूत स्तंभों- प्रमुख कारोबार को आगे बढ़ाने और भविष्य के बड़े दांव में निवेश पर आधारित है। इससे न केवल दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की बढ़ती ईंधन मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी बल्कि कंपनी को 2040 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने के अपने लक्ष्य को पूरा करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर, हमने पांच वर्षों में 1.7 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है। इसमें से 75,000 करोड़ रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल्स के लिए रखे गए हैं। हम 8,000 करोड़ के निवेश के साथ रणनीतिक पाइपलाइन परियोजनाएं शुरू करने की योजना बना रहे हैं, जिनमें से 5,000 करोड़ की परियोजनाएं पहले ही चिह्नित की जा चुकी हैं।

### होम क्रेडिट में 80.74% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी टीवीएस होल्डिंग्स

**नई दिल्ली।** टीवीएस होल्डिंग्स लि. 554.06 करोड़ में होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस प्राइवेट लि. में 80.74% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। शेष 19.26% हिस्सेदारी प्रेमजी इनवेस्ट और अन्य कंपनियां खरीदेंगी। कुल मिलाकर यह सौदा 686 करोड़ का है। 686 करोड़ में से टीवीएस 554.06 करोड़ भुगतान कर रही है। प्रेमजी इनवेस्ट 11% हिस्सेदारी लेगी जबकि बाकी हिस्सेदारी अन्य इकाइयां लेंगी। टीवीएस ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस के 88,09,45,401 शेयरों के अधिग्रहण को मंजूरी दी। ये 80.74% हिस्सेदारी के बराबर है।



# शिकायत के लिए महिला को मजबूर करने की जांच शुरू

## शिकायतकर्ता के दावे के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग के कहने पर एसआईटी की टीम ने उठाया कदम

बेंगलुरु, एजेंसी

हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना द्वारा कथित तौर पर यौन शोषण के मामलों की जांच कर रहा विशेष जांच दल (एसआईटी) उन लोगों की पहचान करने के लिए तफ्तीश कर रहा है, जिन्होंने महिला को कथित तौर पर फोन कर उसे जद (एस) नेता के खिलाफ फर्जी शिकायत दर्ज कराने के लिए मजबूर किया।

यह कदम राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के यह कहने के बाद उठाया गया है कि उसके पास पहुंची महिला शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उसे 33 वर्षीय सांसद के खिलाफ फर्जी शिकायत दर्ज करने के लिए मजबूर किया गया था।

सूत्रों ने कहा कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बीके सिंह की अध्यक्षता वाली टीम को महिला के बारे में तब पता चला जब एनसीडब्ल्यू ने एसआईटी को शिकायत भेजी। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एसआईटी ने पहले महिला से संपर्क नहीं किया है और उनके पास कोई शिकायत दर्ज नहीं की है। एसआईटी ने महिला को फोन करने वालों की पहचान करने के लिए जांच शुरू कर दी है।

एनसीडब्ल्यू के अनुसार महिला तीन व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए आयोग आई थी, जिन्होंने खुद को कर्नाटक पुलिस अधिकारी बताया और उस पर झूठी शिकायत देने के लिए दबाव डाला। आयोग ने कहा कि महिला ने कहा कि उसे अलग-अलग फोन नंबरों से कॉल कर शिकायत दर्ज कराने के लिए धमकाया जा रहा है।

### यौन शोषण मामला



- एसआईटी ने महिला से पहले संपर्क नहीं किया और कोई शिकायत भी नहीं थी

### भाजपा नेता गौड़ा गिरफ्तार

**चित्रदुर्ग, कर्नाटक।** भाजपा नेता जी. देवराजे गौड़ा को हासन सांसद प्रज्ज्वल से जुड़े अश्लील वीडियो के मामले में शुक्रवार रात गिरफ्तार किया गया। पेन ड्राइव के जरिये वीडियो लीक के आरोप में गौड़ा को हिरियुर पुलिस ने चित्रदुर्ग जिले के गुलिहाल टोल नाका से पकड़ा है। देवराजे इन आरोपों को सिरे से खारिज कर चुके हैं।

### प्रज्ज्वल से जुड़े मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जद-एस नेता एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल थावर चंद गहलोत से मुलाकात करके हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित यौन शोषण मामले की जांच सीबीआई से कराने में हस्तक्षेप की मांग की है। कर्नाटक के राजनीतिक परिदृश्य में भूचाल लाने वाले इस मामले की जांच वर्तमान में कर्नाटक पुलिस की एसआईटी कर रही है। विधायक एचडी रेवन्ना के बेटे प्रज्वल यौन शोषण से जुड़े विवादों में घिर गए हैं। एचडी रेवन्ना को यौन उत्पीड़न से जुड़ी एक पीड़िता के कथित अपहरण के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

### एसआईटी पर भरोसा रखें, यौन शोषण मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की जरूरत नहीं : सिद्धरमैया

**मैसुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने प्रज्ज्वल के खिलाफ यौन शोषण मामले की जांच कर रहे एसआईटी पर भरोसा जताया और कहा कि जांच को सीबीआई को सौंपने की जरूरत नहीं है। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने कभी एक भी मामला सीबीआई को नहीं सौंपा था और एक समय था जब संगठन सीबीआई को भ्रष्टाचार जांच ब्यूरो के रूप में संदर्भित करता था। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा सीबीआई को चोर बचाओ संस्थान कहते थे और अब उन्हें सीबीआई से प्यार है? सिद्धरमैया ने कुमारस्वामी के मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग पर यह बात कही।

# झारखंड में केवल भाजपा ही घुसपैठ पर रोक लगा सकती है : अमित शाह

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर केंद्रीय गृह मंत्री ने साधा निशाना

खूंटी, एजेंसी

भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि झामुमो नीत गठबंधन भूमि, खनन और मनरेगा घोटालों में शामिल रहा है लेकिन भाजपा गरीबों का पैसा नहीं लूटने देगा। शाह शुक्रवार को खूंटी के कचहरी मैदान में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि घुसपैठ के कारण झारखंड की डेमोग्राफी बदल गई है। आदिवासी युवतियों को प्रेम जाल में फंसा कर उनकी जमीन पर कब्जा जमाया जा रहा है। केवल भाजपा



ही घुसपैठ पर रोक लगा सकती है। शाह ने कहा कि मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस अपने शासनकाल में एक भी आदिवासी को राष्ट्रपति क्यों नहीं बना पाई।

भाजपा ने आदिवासियों को सम्मान देने का काम किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अमर शहीद बिरसा मुंडा को देश में सम्मान दिलाया। प्रधानमंत्री मोदी ने बूढ़ा पहाड़ को माओवाद से मुक्त कराया।

### पीओके भारत का, इसे कोई छीन नहीं सकता

**खूंटी।** अमित शाह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर सवालिया निशान उठाने को लेकर कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि इसकी एक-एक इंच जमीन भारत की है तथा इसे कोई ताकत नहीं छीन सकती। शाह ने कहा कि मणिशंकर अय्यर हमसे कह रहे हैं कि पाकिस्तान का सम्मान करें क्योंकि उसके पास परमाणु बम है। कुछ दिन पहले गठबंधन के नेता फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि पीओके के बारे में बात मत करो क्योंकि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है।

## एक नजर

### एक व्यक्ति के घर से 32 लाख रुपये बरामद

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के अशोका गार्डन थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक व्यक्ति के घर पर छापामार कर 32 लाख रुपए बरामद किए है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना पर अशोका गार्डन इलाके के पंथ नगर निवासी कैलाश खत्री के निवास पर छापा मारा गया। मौके से एक पलंग में छुपाकर रखी गई नोटों की गड्डियां मिली। इसमें नए नोटों साथ पुराने सडे-गले नोट भी शामिल हैं। इस बारे में आरोपी द्वारा कोई भी दस्तावेज पेश नहीं करने के चलते इस राशि को जब्त कर लिया गया है। जब्त राशि लगभग 32 लाख रुपए है।

### हाईकोर्ट ने कर चोरी मामले को बरकरार रखा

**मंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बैंगलोर टर्फ क्लब में सटोरियों के कथित कर चोरी संबंधी एक मामले को खारिज करने से इनकार करते हुए कहा कि जांच के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्य एक संभावित संज्ञेय अपराध का संकेत दे रहे है। न्यायमूर्ति एस विश्वजीत शेट्टी की पीठ ने सटोरियों द्वारा दायर एक याचिका पर यह आदेश दिया। कर्नाटक पुलिस ने जनवरी में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि सटोरिये उचित पंजीकरण के बिना दांव लगा रहे थे, जिससे कर चोरी हो रही थी।

# मतदान खत्म होने के बाद आंकड़े जारी करने के लिए याचिका दायर

नई दिल्ली, एजेंसी

एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) ने उच्चतम न्यायालय में अंतरिम याचिका दायर करके लोकसभा चुनाव के हर चरण का मतदान समाप्त होने के 48 घंटे के भीतर मतदान का पूर्ण आंकड़ा आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया है।

द एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने 2019 की अपनी जनहित याचिका में एक अंतरिम अर्जी दायर की है। एनजीओ ने 2019 की अपनी याचिका में मतदान के बाद सभी मतदान केंद्रों के फॉर्म 17 सी भाग-I (दर्ज किए गए मतों का लेखा-जोखा) की स्कैन की गई सुपाठ्य प्रतियां तुरंत अपलोड करने का निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया है।

एनजीओ ने कहा कि निर्वाचन आयोग को 2024 के लोकसभा चुनावों में आगामी प्रत्येक चरण के मतदान के बाद फॉर्म 17सी भाग-I में दर्ज मतों का पूरा आंकड़ा मतदान केंद्र-वार सारिणीबद्ध प्रदान करने का निर्देश दें। साथ ही 2024 के मौजूदा लोकसभा चुनाव में निर्वाचन क्षेत्र-वार मतदान का पूरा आंकड़ा सारिणीबद्ध करने का भी निर्देश दिया जाए। उसने कहा कि याचिका यह सुनिश्चित करने के



- वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया

लिए दायर की गई है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया चुनावी अनियमितताओं से प्रभावित न हो। याचिका में कहा गया है, निर्वाचन आयोग द्वारा जारी 2024 के लोकसभा चुनावों के पहले दो चरणों के लिए मतदान का डेटा 19 अप्रैल को हुए पहले चरण के मतदान के 11 दिन बाद और 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान के चार दिन बाद 30 अप्रैल को प्रकाशित किया गया। इसमें कहा गया है, निर्वाचन आयोग द्वारा 30 अप्रैल, 2024 को एक प्रेस विज्ञप्ति में प्रकाशित डेटा मतदान के दिन शाम 7 बजे तक ईसीआई द्वारा घोषित प्रारंभिक मतदान प्रतिशत की तुलना में तेज वृद्धि (लगभग 5-6%) दर्शाता है। अंतिम मतदान आंकड़ा जारी करने में अत्यधिक देरी, साथ ही 30 अप्रैल, 2024 के निर्वाचन आयोग के प्रेस नोट में पांच प्रतिशत से अधिक के असामान्य रूप से उच्च संशोधन ने आंकड़े की शुद्धता के बारे में चिंताएं और सार्वजनिक संदेह बढ़ा दिया है।

# छत्तीसगढ़ में 3000 सहायक शिक्षकों की नौकरी खतरे में

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सहायक शिक्षकों के पद पर बीएड डिग्रीधारी आवेदकों की नियुक्ति रद कर दी है और साथ ही छह सप्ताह में डीएड वालों की पुनरीक्षित सूची बनाने का आदेश दिया है।

कोर्ट के इस फैसले के बाद तीन हजार से अधिक सहायक शिक्षकों की नौकरी खतरे में है। 4 मई 2023 को लोक शिक्षण संचालनालय ने

- हाईकोर्ट ने आवेदकों की नियुक्ति रद कर डीएड वालों की पुनरीक्षित सूची बनाने का दिया आदेश

शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जारी किया था। इसमें सहायक शिक्षक के पद पर बीएड कोर्स को भी मान्य किया गया था। 10 जून को इसकी परीक्षा हुई और दो जुलाई को मेरिट लिस्ट जारी हुआ। 11 अगस्त को क्वालिटी ऑफ एजुकेशन के नाम पर उच्चतम न्यायालय ने एनसीटीई के इस गजट नोटिफिकेशन को रद करने के साथ ही बीएड को प्राथमिक स्तर के लिए अमान्य ठहराया था। डीएड डिग्री धारकों ने चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। शीर्ष अदालत के फैसले पर कोर्ट ने साफ कर दिया कि प्राथमिक शिक्षकों के लिए सिर्फ डीएड पास अभ्यर्थी ही मान्य होंगे। कोर्ट ने दो अप्रैल 2024 को बीएड प्रशिक्षित नवनियुक्त सहायक शिक्षकों को छह महीने की सेवा के बाद पदमुक्त करने का आदेश जारी कर दिया।

# भ्रामक अवकाश पैकेज योजना से लोगों को ठगने वाले 15 गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने भ्रामक हॉलिडे पैकेज योजना के माध्यम से लोगों को ठगने वाले एक गिरोह के 15 सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने कहा कि गुरदीप सिंह ने दी शिकायत में बताया कि 8 मई को उन्हें विराट का फोन आया और उन्होंने जालंधर के लाजपत नगर के पास होटल फॉर्च्यूर में अवकाश पैकेज के संबंध में नई दिल्ली की टीम एमजीवीपीएल के साथ बैठक में भाग लेने को कहा। नौ मई को गुरदीप वहां पहुंचा, जहां मुकेश दुबे, मोहित सैनी व अजय ने उसे पैकेज के बारे में बताया। गुरदीप ने एक पैकेज चुना और 1,90,000 रुपये दो क्रेडिट कार्ड से लेनदेन किए। एमजीवीपीएल की वेबसाइट पर जाने पर, गुरदीप को पता चला कि कॉर्पोरेट पता अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था।

### सोरेन को नहीं मिली राहत सुप्रीम कोर्ट अगले सप्ताह करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तीन माह से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को भी कोई राहत नहीं दी और कहा कि हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर वह अगले सप्ताह सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने इस मामले में तीन मई के हाईकोर्ट के आदेश का संज्ञान लेते कहा कि सोरेन की दायर याचिका (सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रहने की अवधि को देरी का आधार बनाकर दायर की गई थी) का अब कोई अर्थ नहीं रहा।

# टीएमसी करेगा चुनाव आयोग से एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष की शिकायत

कोलकाता, एजेंसी

टीएमसी ने शुक्रवार को कहा कि वह राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा के खिलाफ अपने पद के दुरुपयोग और संदेशखालि मामले के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक होने को लेकर चुनाव आयोग (ईसी) में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराएगी।

पार्टी ने कहा है कि कई महिलाओं ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने उन्हें धोखा देकर तृणमूल नेताओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायतें दर्ज कराई। एनसीडब्ल्यू ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सिफारिश

- पद के दुरुपयोग और प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक होने को लेकर दर्ज कराएगी शिकायत

की थी कि संदेशखालि में महिलाओं पर कथित हिंसा और अत्याचार को लेकर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। पश्चिम बंगाल के मंत्री और पार्टी प्रवक्ता शशि पांजा ने शर्मा के खिलाफ चुनाव आयोग का रुख करने की तृणमूल की इच्छा को शुक्रवार को रेखांकित किया। पांजा ने आरोप लगाया कि एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष ने संदेशखालि से जुड़े आरोपों को लेकर राजनीतिक पूर्वाग्रह के तहत कार्य किया और क्षेत्र की महिलाओं को यौन अत्याचार के झूठे आरोप लगाने को लेकर प्रोत्साहित किया।

### संदेशखालि की महिलाओं को चुनाव के कारण शिकायतें वापस लेने के लिए मजबूर किया जा रहा: एनसीडब्ल्यू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने दावा किया है कि मौजूदा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संदेशखालि की महिलाओं को तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा अपनी शिकायतें वापस लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है और इस मामले में निर्वाचन आयोग से जांच की मांग की गई है। तृणमूल कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को संदेशखालि की महिलाओं के कई कथित वीडियो साझा किये थे जिनमें दावा किया गया था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की स्थानीय नेता ने कई महिलाओं से सादे कागज पर हस्ताक्षर कराये और बाद में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ बलात्कार एवं यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराने में उसका इस्तेमाल किया गया।

### महिला आयोग ने निर्वाचन आयोग को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने संदेशखाली में यौन प्रताड़ना की शिकायतें वापस लेने के लिए महिलाओं को डराने धमकाने के मामले को लेकर निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है और इस पर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। महिला आयोग ने शुक्रवार को बताया कि आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने संदेशखाली मामले को लेकर निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बीच में ही संदेशखाली की महिलाओं पर अपनी शिकायतें वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इन महिलाओं को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है और धमकियां दी जा रही है।

## आज का मुकाबला

कोलकाता नाइटराइडर्स
बनाम
मुंबई इंडियंस
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 12 | 20 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 12 | 18 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 12 | 634 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

# खिलाड़ियों को खेल-विशिष्ट सहयोगी स्टाफ से मिलेगी मदद : पीटी उषा

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) अध्यक्ष पीटी उषा ने शुक्रवार को ओलंपिक के लिए जाने वाले खिलाड़ियों को पेरिस में सर्वोत्तम संभव सहायता का आश्वासन देते हुए कहा कि खिलाड़ियों की सुविधा और समय की बचत के लिए खेल-विशिष्ट सहयोगी स्टाफ को खेल गांव के करीब रखा जाएगा।

पेरिस में भारतीय एथलीटों और सहयोगी स्टाफ की व्यवस्था को अंतिम रूप देने के बाद भारत लौटीं उषा ने कहा कि आईओए ने यह भी सुनिश्चित किया है कि निशानेबाज और गोल्फ खिलाड़ी अपने-अपने आयोजन स्थलों के करीब रहें।

चेटेउरौक्स निशानेबाजी क्रेंद पेरिस से लगभग दो घंटे की दूरी पर है, जबकि ले गोल्फ नेशनल ओलंपिक हब से एक घंटे की दूरी पर है। उन्होंने यहां जारी बयान में कहा हम एथलीटों के गांव से थोड़ी दूरी पर कई खेल-विशिष्ट सहयोगी सदस्यों के लिए आवास सुरक्षित करने में सक्षम हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी खिलाड़ी अपनी सहायता प्रणाली से वंचित न रहे और इसलिए हमने आसपास के क्षेत्र में अपार्टमेंट बुक किए हैं। हमने यह सुनिश्चित किया है कि हमारे निशानेबाज और गोल्फ खिलाड़ी अपने-अपने आयोजन स्थलों के करीब रहें। पूर्व दिग्गज धाविका ने मजबूत समर्थन प्रणाली की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय खिलाड़ी पिछले कुछ वर्षों में लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार कर रहे है।

# विश्व कप में पारी का आगाज करें विराट : गांगुली

बेंगलुरु, एजेंसी



- सौरव बोले-17 साल के बाद ट्राफी जीतने की काबिलियत रखने वाली संतुलित टीम है भारत के पास

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को विराट कोहली की मौजूदा आईपीएल में शानदार फॉर्म को देखते हुए अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप में उनसे पारी का आगाज करना चाहिए। इस आईपीएल में 12 मैच में 153.51 के शानदार स्ट्राइक रेट से 70.44 के औसत से 634 रन बनाकर कोहली 'ओरेंज कैप' पहने हैं और यह स्ट्राइक रेट उनके करियर के 134.31 के स्ट्राइक रेट से काफी अधिक है।

गांगुली ने कहा, विराट बहुत ही शानदार खेल रहा है। बीती रात कोहली ने जो पारी खेली जिसमें उसने तेजी से 90 रन बना दिए, उसे देखते हुए आपको उसे टी20 विश्व कप में बतौर सलामी बल्लेबाज इस्तेमाल करना चाहिए। उसकी पिछली कुछ आईपीएल पारियां देखें तो ये अद्भुत रही हैं इसलिए उसे पारी का आगाज करना चाहिए। भारत ने टी20 विश्व कप के लिए संतुलित टीम का चयन किया है जिसमें 17 साल के अंतराल बाद ट्राफी जीतने की काबिलियत है। गांगुली ने कहा यह बहुत अच्छी टीम है। मुझे लगता है कि उन्होंने सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है। बल्लेबाजी में गहराई के अलावा गेंदबाजी भी बेहतरीन दिखती है। बुमराह इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं। हमारे पास कुलदीप, अक्षर और सिराज का अनुभव है। इस बार टीम संयोजन आदर्श है।

### पहले की तरह नहीं पर कोहली अभी भी जबर्दस्त : टॉम मूडी

**धर्मशाला।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला टॉम मूडी का मानना है कि विराट कोहली की भी अपनी सीमाएं हैं लेकिन भारत के इस स्टार बल्लेबाज ने ट्रेनिंग को लेकर अपनी प्रतिबद्धता के दम पर उसकी भरपाई कर दी है। अपनी दमदार स्लॉग स्वीप के जरिए कोहली बीच के ओवरों में स्पिनरों को बखूबी खेल रहे हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ गुरुवार को 47 गेंद में 92 रन की पारी खेली और डीप मिड विकेट से सटीक थ्रो पर शशांक सिंह को रन आउट भी किया। मूडी ने कहा यह शानदार है। वह अब पहले की तरह वाला विराट कोहली नहीं है लेकिन अब वह 21 साल का भी नहीं है। वह 30 पार है लेकिन अभी भी ऐसा प्रदर्शन लाजवाब है।

# गिल-साई के शतकों ने बिगाड़ा चेन्नई का गणित

## शुभमन और सुदर्शन ने बनाई 210 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी, हार के बाद सीएसके के लिए मुश्किल हुई प्लेऑफ की राह




अहमदाबाद, एजेंसी

आईपीएल के 59वें मुकाबले में साई सुदर्शन (103) और कप्तान शुभमन गिल (104) की आतिशी शतकीय पारियों तथा उसके बाद मोहित और राशिद ने पांच महत्वपूर्ण विकेट झटकने की बदौलत गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स पर 35 रनों से जीत दर्ज की है।

232 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने महज 10 रन पर अपने तीन शीर्ष विकेट गवां दिये। अजिंक्य रहाणे(1), रचिन रविंद्र (1) और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (शून्य) पर आउट हुये। इसके बाद डैरिल मिचेल और मोइन अली ने पारी को संभाला। डैरिल मिचेल ने 34 गेंदों सर्वाधिक 63 रन बनाए। शिवम दुबे (21), रवींद्र जडेजा (18) और मिचेल सैंटनर (शून्य) पर आउट हुए। एमएस धोनी (26) और शार्दुल ठाकुर (3) रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात की टीम आठ विकेट पर 196 रन ही बना सकी और 35 रन से मुकाबला हार गई।

इससे पहले गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए 232 रनों का लक्ष्य दिया था। साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने टीम को शानदार शुरुआत देते हुए मैदान के चारों शॉट लगाते हुए पहले विकेट के लिए रिकार्ड अवजित 210 रनों की साझेदार की। 18वें ओवर में तुषार देशपांडे ने साई सुदर्शन को आउट कर चेन्नई को पहली सफलता दिलाई। गुजरात ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 231 रनों का स्कोर खड़ा किया। चेन्नई की ओर से तुषार ने दो विकेट लिये।



### साई के नाम दर्ज हुई खास उपलब्धि

शुभमन गिल और साई सुदर्शन के बीच पहले विकेट के लिए 210 रन की साझेदाही हुई। अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दौरान साई सुदर्शन ने 51 गेंद का सामना करते हुए 103 रन बनाए। आउट होने से पहले साई ने 5 चौके और सात छक्के लगाए। साई सुदर्शन ने आईपीएल में अपने 1000 रन पूरे किए।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.476 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | +0.406 |
| चेन्नई | 12 | 6 | 6 | 12 | +0.491 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.769 |
| बेंगलुरु | 12 | 5 | 7 | 10 | +0.217 |
| गुजरात | 12 | 5 | 7 | 10 | -1.063 |
| मुंबई (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.212 |
| पंजाब (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.423 |

### गुजरात 231/3
20 ओवर, अतिरिक्त : 06

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन का दुबे बो देशपांडे | 103 | 51 | 5/7 |
| शुभमन गिल का जडेजा बो देशपांडे | 104 | 55 | 9/6 |
| डेविड मिलर नाबाद | 16 | 11 | 1/0 |
| शाहरुख खान रन आउट | 2 | 3 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** सेंटनर 2-0-31-0, देशपांडे 4-0-33-2, शारदुल 4-0-25-0, सिमरजीत 4-0-60-0, जडेजा 2-0-29-0, मिचेल 4-0-52-0


### चेन्नई 196/8
20 ओवर, अतिरिक्त : 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का तेवतिया बो वॉरियर | 1 | 5 | 0/0 |
| रचिन रविंद्र रन आउट | 1 | 2 | 0/0 |
| रुतुराज गायकवाड़ का राशिद बो उमेश | 0 | 3 | 0/0 |
| डेरिल मिचेल का शाहरुख बो मोहित | 63 | 34 | 7/3 |
| मोईन अली का नूर बो मोहित | 56 | 36 | 4/4 |
| शिवम दुबे का नूर बो मोहित | 21 | 13 | 2/1 |
| रविंद्र जडेजा का मिलर बो राशिद | 18 | 10 | 2/1 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 26 | 11 | 1/3 |
| मिचेल सेंटनर बो राशिद | 0 | 2 | 0/0 |
| शारदुल ठाकुर नाबाद | 3 | 4 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** उमेश 3-0-20-1, वॉरियर 3-0-28-1, त्यागी 4-0-51-0, नूर 2-0-25-0, राशिद 4-0-38-2, मोहित 4-0-31-3

## खेल डायरी

### न्यूजीलैंड के मनरो ने क्रिकेट से लिया संन्यास



**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज कॉलिन मनरो ने टी-20 विश्वकप में जगह नहीं मिल पाने के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। मनरो पिछले चार साल से सिर्फ फ्रैंचाइज क्रिकेट खेल रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वह आगे भी फ्रैंचाइज क्रिकेट खेलते रहेंगे। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने पिछले दिनों टीम की घोषणा करते हुए कहा था कि मनरो के नाम की चर्चा तो हुई थी, लेकिन उनके लिए जगह नहीं बन पाई। मनरो ने कहा, न्यूजीलैंड के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलना मेरे करिअर की बड़ी उपलब्धि रही है और मुझे हमेशा इस पर गर्व रहेगा।

### सेंथिलकुमार और रथिका करेंगे भारत की अगुवाई

**नई दिल्ली।** मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिलकुमार और महिला खिलाड़ी रथिका सीलन 12 से 16 जून से चीन के डालियान में होने वाली 22वीं एशियाई टीम स्क्वाश चैम्पियनशिप में भारतीय दल की अगुवाई करेंगी। चेन्नई में चयन ट्रायल कराने के बाद भारतीय स्क्वाश रैकेट्स महासंघ (एसआरएफआई) ने शुक्रवार को टीमों की घोषणा की। पुरुष टीम के अन्य खिलाड़ी 2023 राष्ट्रीय खेलों के चैम्पियन अभय सिंह, राहुल भाटिया और सूरज चंद हैं। महिला टीम में पूजा आरती आर, सुनिता पटेल और जैनेट विधि शामिल हैं।

### घरेलू सत्र के दौरान संन्यास लेंगे एंडरसन

**लंदन।** इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन आगामी घरेलू सत्र के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने के लिए तैयार है। यह जानकारी ब्रिटेन की मीडिया की एक रिपोर्ट में दी गई है। वह इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के भारत दौरे के दौरान टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बने थे। इंग्लैंड इस साल घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट खेलने के लिए तैयार है और उनमें से एक मैच उनके घरेलू मैदान ओल्ड ट्रैफर्ड पर होगा। वह मैच दाएं हाथ के गेंदबाज के लिए आखिरी हो सकता है।

### सत्र के अंत में संन्यास लेंगे डोमिनिक थिएम



**लंदन।** पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन डोमिनिक थिएम कलाई की चोट के बाद शीर्ष फॉर्म में वापसी करने में जूझ रहे हैं जिससे उनकी योजना इस साल के अंत में टेनिस को अलविदा कहने की है। थिएम ने 'इंस्टाग्राम' पर पोस्ट किए वीडियो में कहा मैं सत्र के अंत में अपना करिअर समाप्त करने वाला हूं। उन्होंने इस संदेश को बहुत दुखद के साथ बहुत खूबसूरत भी करार दिया। आस्ट्रिया के 30 साल के खिलाड़ी ने 2020 में फ्लशिंग मिडोज में एकमात्र ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। वह 2018 और 2019 फ्रेंच ओपन तथा 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन में उप विजेता रहे थे। वह 2020 में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग पर पहुंचे थे और जून 2021 में कलाई की चोट से पहले शीर्ष पांच में शामिल रहे थे।

### ओलंपिक चयन के लिए निशानेबाजी ट्रायल आज से

**भोपाल।** पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय निशानेबाजों के ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) तीन और चार यहां शनिवार से शुरू होंगे जिसमें कुल 37 पिस्टल और राइफल निशानेबाज भाग लेंगे। भारतीय निशानेबाजों ने पिस्टल और राइफल में 16 कोटा स्थान हासिल कर लिए हैं। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ देश में शीर्ष पांच के बीच ट्रायल करा रहा है ताकि पेरिस ओलंपिक के लिये टीम चुन सके। निशानेबाजी में ओलंपिक कोटा देश को मिलता है और चयन ट्रायल में शीर्ष रहने पर ही कोटा जीतने वाले निशानेबाज के खेलों में भाग लेने की गारंटी होती है। हर स्पर्धा में शीर्ष दो निशानेबाज पेरिस का टिकट कटाएंगे। पहले दो ट्रायल दिल्ली में पिछले महीने हुए हैं और अगले दो मध्य प्रदेश निशानेबाजी अकादमी में होंगे। महिला वर्ग में ओलंपियन मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान 25 मीटर स्पोटर्स पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल में भाग लेंगी।

# केकेआर की नजर प्लेआफ की टिकट पर

कोलकाता, एजेंसी



शानदार फॉर्म में चल रही दो बार की पूर्व चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स शनिवार को अपने मैदान पर इस सत्र के आखिरी मैच में मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य ईडन गार्डंस पर ही तीन साल में पहली बार आईपीएल प्लेआफ का टिकट कटाने का होगा।

दो बार के खिताब विजेता कप्तान गौतम गंभीर की टीम मेंटोर के रूप में वापसी के बाद केकेआर ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। अब तक 11 मैचों में से आठ जीतकर दस टीमों शीर्ष पर काबिज केकेआर को प्लेआफ का टिकट कटाने के लिए एक और जीत की जरूरत है। शाहरूख खान की टीम अपने गढ ईडन गार्डंस पर ही यह श्रेय हासिल करना चाहेगी। सुनील नारायण को दुनिया के दूसरे नंबर के टी20 बल्लेबाज फिल साल्ट के साथ पारी की शुरूआत करने भेजने का गंभीर का दाव मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ है। दोनों ने टीम को पावरप्ले में शानदार शुरूआत देते हुए आठ मैचों में पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 के पार पहुंचाया है।

वहीं पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस हार्दिक पंड्या की कप्तानी में इस सत्र से बाहर होने वाली पहली टीम रही। पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को हराने वाली मुंबई अब प्रतिष्ठा के लिए खेल रही है। प्रशंसकों को रोहित शर्मा और पंड्या से भी अच्छी पारियों की उम्मीद होगी।

# संजीव गोयनका की हरकत शर्मनाक, बात करने का भी तरीका होता है : मोहम्मद शमी

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल को फटकारने के मामले पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के मालिक पर बिफरे शमी



स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने भारतीय टीम के अपने साथी खिलाड़ी केएल राहुल पर सार्वजनिक रूप से भड़ास निकालने वाले संजीव गोयनका पर बरसते हुए कहा है कि लखनऊ सुपर जाइंट्स टीम की हार के बाद टीवी कैमरे पर उसके मालिक की इस तरह की प्रतिक्रिया के लिए खेलों में कोई जगह नहीं है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ की दस विकेट से हार के बाद राहुल पर बरसते हुए गोयनका की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

शमी ने कहा करोड़ों लोग आपको देख रहे हैं और आपसे सीख रहे हैं। अगर कैमरे के सामने ये चीजें होती है और स्क्रीन पर ऐसी प्रतिक्रिया देखने को मिलती है तो यह शर्मनाक है। आपका एक दायरा होना चाहिए बात करने का, ये मैसेज बहुत गलत जाता है। टीवी कमेंटेटर ग्रीम स्मिथ और स्कॉट स्टायरिस ने भी कहा था कि ऐसी बातें निजी तौर पर होनी चाहिए, कैमरे के सामने नहीं। शमी ने कहा यह ध्यान रखना चाहिए कि खिलाड़ियों का सम्मान है और आप भी बतौर मालिक सम्मानित व्यक्ति हैं। अगर ऐसा करना ही था तो कई तरीके हैं।

**टी-20 विश्वकप के बाद द्रविड का कार्यकाल हो रहा है समाप्त, जय शाह बोले- चाहें तो फिर से आवेदन कर सकते हैं राहुल**

# मुख्य कोच के लिए आवेदन आमंत्रित करेगा बीसीसीआई

मुंबई, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) लिए टी-20 विश्वकप से पहले टीम के मुख्य कोच के लिए आवेदन मंगाएगा। बीसीसीसीआई पिछली गलतियों से सबक लेते हुए इस बार नए मुख्य कोच के लिए टी-20 विश्व कप शुरू होने से पहले ही आवेदन मंगाएगा। टी-20 विश्वकप के बाद राहुल द्रविड का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। अगर द्रविड़ अपने कार्यकाल को आगे बढ़ाना चाहते हैं, तो उन्हें भी आवेदन करना होगा।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि हम अगले कुछ दिनों में आवेदन जारी करेंगे। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल जून में समाप्त हो रहा है। अगर वह फिर से आवेदन करना चाहते हैं तो कर सकते हैं। शाह ने कहा हम तीन साल के लंबे कार्यकाल के लिए कोच ढूंढ़ रहे हैं। अलग-अलग प्रारुपों के लिए अलग-अलग कोच की संभावना बहुत कम है। हालांकि आखिरी फैसला क्रिकेट सीएसी को करना है, मुझे इस निर्णय को बस लागू करना है। चयनकर्ता के पद के लिए कुछ साक्षात्कार पहले ही हो चुके हैं। समित की बैठक के बाद अंतिम नाम का फैसला होगा। आईपीएल से बाहर हो चुकी टीमों के खिलाड़ी विश्वकप के लिए 24 मई को रवाना होंगे, वहीं शेष दल 26 मई के आईपीएल फाइनल के बाद अमेरिका के लिए रवाना होगा। आईसीसी से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल को इंग्लैंड से कहीं और भी ले जाए जाने को लेकर बात की।



### इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम पर पुनर्विचार संभव

**मुंबई।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि आईपीएल में इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था और सभी हितधारक चाहेंगे तो इस पर पुनर्विचार किया जा सकता है। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम के कारण इस बार आईपीएल में आठ बार 250 से अधिक का स्कोर बना। खिलाड़ियों, कोचों और विशेषज्ञों ने भी बारंबार कहा है कि गेंदबाजों पर इस नियम का विपरीत असर हो रहा है क्योंकि इससे टीमों को अतिरिक्त बल्लेबाज मिल रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि हरफनमौलाओं को इस नियम की वजह से गेंदबाजी के मौके नहीं मिल रहे। शाह ने कहा इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था।

### ईशान, अय्यर को केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखने का फैसला अगरकर का

**मुंबई।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर रखने का फैसला मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर का था। बीसीसीआई से निर्देश मिलने के बावजूद घरेलू टूर्नामेंट नहीं खेलने पर ईशान और अय्यर को अनुबंध से बाहर रखा गया। ईशान पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद लंबे ब्रेक पर चले गए और आईपीएल में ही लौटे। वहीं अय्यर ने रणजी ट्रॉफी में सेमीफाइनल और फाइनल समेत मुंबई के लिए कुछ मैच खेले। मुंबई टीम जब रणजी खेल रही थी तब अय्यर कोलकाता नाइट राइडर्स के मुंबई शिविर में भाग ले रहे थे। शाह ने कहा आप संविधान देख सकते हैं। मैं चयन समिति की बैठक बस बुलाता हूं। वह फैसला अजित अगरकर का था। जब इन दोनों खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट नहीं खेला तो उन्हें बाहर रखने का फैसला अगरकर का ही था।

## बॉलीवुड हलचल

### हीरामंडी द डायमंड बाजार की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं मनीषा



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोईराला वेबसीरीज हीरामंडी द डायमंड बाजार की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं। संजय लीला भंसाली की वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, फरदीन खान और शेखर सुमन जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी : द डायमंड बाजार हाल ही में ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज हुयी है। हीरामंडी द डायमंड बाजार में मनीषा कोईराला ने मल्लिका जान का किरदार निभाया है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं। मनीषा कोईराला ने बताया है कि वह हीरामंडी द डायमंड बाजार की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं। शूटिंग के दौरान उन्हें बस यही लग रहा था कि कैसे भी करके यह वक्त निकल जाए और इसके बाद अपनी सेहत पर ध्यान दिया जाए। मनीषा कोईराला ने मल्लिका जान के किरदार को निभाने के लिए काफी मेहनत की थी। उनके सामने एक चुनौती तो यही थी कि उन्हें उर्दू बोलनी नहीं आती थी। अच्छा शॉट देने के लिए मनीषा, सात घंटे तक सेट पर बैठी रही थीं। मनीषा कोईराला ने इससे पूर्व संजय लीला भंसाली के साथ वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी द म्यूजिकल में काम किया था।



### सिंघम अगेन के सेट से अर्जुन ने शेयर किया इंटेंस लुक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर ने सिंघम अगेन के सेट से अपना इंटेंस लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। रोहित शेट्टी सिंघम सीरीज की अगली फिल्म सिंघम अगेन लेकर आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी कैमियो रोल में होंगें। इनके अलावा टाइगर श्राफ, अर्जुन कपूर, करीना कपूर और दीपिका पादुकोण भी फिल्म का हिस्सा हैं। अर्जुन कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म सिंघम अगेन को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में अर्जुन का अलग अवतार नजर आने वाला है। अर्जुन कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म सिंघम अगेन के सेट से एक बिहाइंड द सीन (बीटीएस) फोटो शेयर की है, जिसमें उनकी मस्कुलर बॉडी देखने को मिल रही है। अर्जुन कपूर ने फिल्म सिंघम अगेन के सेट से अपना इंटेस लुक शेयर किया है। अर्जुन ने फोटो के कैप्शन में लिखा, 'शूट लाइफ!! #सिंघम अगेन।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## प्रदर्शन



हौथी आंदोलन के समर्थकों ने यमन में हौथी ठिकानों पर अमेरिका और ब्रिटेन द्वारा शुरू किए गए हवाई हमलों की निंदा करने के लिए रैली निकालकर प्रदर्शन किया।

## राजनयिक पासपोर्ट धारकों के लिए किया समझौता

**नई दिल्ली।** भारत और मोल्दोवा ने शुक्रवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसके लागू होने के बाद दोनों देशों के राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट धारकों को बिना वीजा के एकदूसरे देश की यात्रा करने की अनुमति मिलेगी। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंधों को और गति देगा।

भारत गणराज्य के विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) पवन कपूर और मोल्दोवा गणराज्य की राजदूत (विशेष और पूर्णाधिकारी) एना ताबन ने आज 10 मई को अपनी-अपनी सरकारों की ओर से राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट के लिए वीजा छूट पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

### जयशंकर ने कहा - कनाडा में वोट बैंक उसके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली

# अलगाववाद का समर्थन नहीं अभिव्यक्ति की आजादी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि खालिस्तानी अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देकर कनाडा सरकार यह संदेश दे रही है कि उसका वोट बैंक उसके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है।

जयशंकर ने गुरुवार को एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि भारत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान और पालन करता है, लेकिन इसका मतलब विदेशी राजनयिकों को धमकाने, अलगाववाद को समर्थन देने या हिंसा की वकालत करने वाले तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देने की स्वतंत्रता नहीं है। पंजाब के सिख प्रवासियों के बीच खालिस्तान समर्थकों का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि संदिग्ध पृष्ठभूमि

**विदेश मंत्री ने कहा- खालिस्तानी अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय दे रहा कनाडा**



वाले लोगों को कनाडा में प्रवेश करने और रहने की अनुमति कैसे दी जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी नियम-आधारित समाज में आप लोगों की पृष्ठभूमि, वे कैसे आए, उनके पास कौन सा पासपोर्ट था, आदि चीजों की जांच करेंगे। अगर आपके यहां ऐसे लोग हैं जो संदिग्ध दस्तावेजों के आधार पर वहां मौजूद हैं, तो यह आपके बारे में क्या कहता है? यह वास्तव में कहता है कि आपका वोट बैंक आपके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है।

कनाडा में भारतीय प्रवासियों की संख्या लगभग 18 लाख है और देश में अन्य दस लाख अनिवासी भारतीय रहते हैं। देश में भारतीय प्रवासियों में ज्यादातर सिख हैं जो वहां की राजनीति में एक प्रभावशाली समूह माने जाते हैं। पिछले साल सितंबर में कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के आरोप लगाए जाने के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में तल्खी आ गई थी। नयी दिल्ली ने ट्रूडो के आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज किया था।

### भारत-अमेरिका के संबंधों की प्रगति पर नहीं असर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि हत्या की एक असफल साजिश में किसी भारतीय के शामिल होने के आरोपों से भारत-अमेरिका संबंधों की प्रगति पर कोई असर नहीं पड़ा है। नवंबर में, अमेरिका ने एक भारतीय नागरिक पर न्यूयॉर्क में सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। जयशंकर ने कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों के बुनियादी सिद्धांत बहुत मजबूत हैं। अमेरिका ने सकारात्मक भाव के साथ हमारा ध्यान कुछ जानकारी की ओर दिलाया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की प्रगति, उत्पादन में विविधता लाने, नयी आपूर्ति श्रृंखला बनाने, शांति व स्थिरता सुनिश्चित करने और उच्च-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को भारत-अमेरिका संबंधों के लक्ष्य करार दिया।

## एक नजर

### पुतिन ने मिशुस्तिन को पुनः नियुक्त किया रूस का प्रधानमंत्री

**मॉस्को, एजेंसी,** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पूर्व राष्ट्रपति मिखाइल मिशुस्तिन को पुनः देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया है और उनके नाम को मंजूरी के लिए संसद के निचले सदन के पास भेजा है। रूसी कानून के अनुरूप 58 वर्षीय मिशुस्तिन ने मंगलवार को उस वक्त अपने मंत्रिमंडल का इस्तीफा सौंपा जब पुतिन ने राष्ट्रपति के तौर पर अपना पांचवां कार्यकाल शुरू किया था। वह पिछले चार वर्ष से प्रधानमंत्री पद पर थे। हालांकि राजनीतिक जानकारों को मिशुस्तिन के पुनः नियुक्त किए जाने की उम्मीद थी। उनका मानना है कि पुतिन को उनका कौशल और सुर्खियों से दूरी पसंद है।

### भारत ने फलस्तीन के पक्ष में किया मतदान

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के उस मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जिसमें कहा गया है कि फलस्तीन इस वैश्विक संस्था का पूर्ण सदस्य बनने के योग्य है और उसे सदस्यता दी जानी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्यीय महासभा के विशेष सत्र की सुबह आपातकालीन बैठक हुई, जहां मई महीने के लिए महासभा के अध्यक्ष संयुक्त अरब अमीरात ने वैश्विक संस्था में फलस्तीन की पूर्ण सदस्यता के समर्थन में अरब समूह का प्रस्ताव ''संयुक्त राष्ट्र में नए सदस्यों का प्रवेश'' प्रस्तुत किया। भारत समेत 143 सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, विरोध में नौ वोट पड़े जबकि 25 सदस्य अनुपस्थित रहे।

### तुर्की ने इराक में पीकेके के खिलाफ कार्रवाई शुरू की

**अंकारा, एजेंसी,** तुर्की सेना ने उत्तरी इराक के प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू कर दी है। समाचार पत्र येनी सफाक ने तुर्की रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। तुर्की सरकार ने पीकेके को एक आतंकवादी संगठन के रूप में प्रतिबंधित किया है। मीडिया ने पिछले हफ्ते बताया था कि तुर्की सशस्त्र बल नये सैन्य अड्डों को स्थापित करके और क्षेत्र में अंकारा की सैन्य उपस्थिति को बढ़ाकर पीकेके के खिलाफ एक सैन्य अभियान की तैयारी कर रहे हैं। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने सीरिया में 30 से 40 किलोमीटर (18.6-24.8 मील) की लंबाई के साथ एक सुरक्षा गलियारा बनाने की योजना की भी घोषणा की है।

# दाभोलकर हत्याकांड : 11 साल बाद फैसला, दो को उम्रकैद

### पुणे की विशेष अदालत ने सुनाया फैसला, तीन बरी

**पुणे, एजेंसी**

पुणे में तर्कवादी डॉ. नरेंद्र दाभोलकर की गोली मारकर हत्या करने के 11 साल बाद एक विशेष अदालत ने दो हमलावरों को दोषी ठहराते हुए शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही सबूतों के अभाव में मुख्य साजिशकर्ता वीरेंद्र सिंह तावड़े को सहित तीन अन्य को बरी कर दिया गया।

गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाले अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायालय) पी.पी. जाधव ने लोगों से खचाखच भरे अदालत कक्ष में आदेश पढ़ते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष ने शूटर सचिन अंदुरे और शरद कालस्कर के खिलाफ हत्या तथा साजिश के आरोप साबित कर दिए हैं। अदालत ने दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और प्रत्येक पर पांच-पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया। अदालत ने सबूतों के अभाव में आरोपी कान-नाक-गला (ईएनटी) रोग सर्जन तावड़े, संजीव



- **कोर्ट ने दोषियों पर पांच-पांच लाख रुपये जुर्माना भी ठोका**

पुनालेकर और विक्रम भावे को बरी कर दिया। मोटरसाइकिल सवार लोगों ने अंधविश्वास के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले कार्यकर्ता डॉ. नरेंद्र दाभोलकर की 20 अगस्त 2013 को उस समय गोली मारकर हत्या कर दी थी जब वह पुणे के ओंकारेश्वर पुल पर सुबह की सैर पर निकले थे।

अदालत ने कहा कि मामले में आतंकवाद विरोधी कानून यूएपीए की कुछ धाराएं लगाई गईं, लेकिन जांच अधिकारी की लापरवाही के कारण ये आरोप साबित नहीं हो पाये। न्यायाधीश ने कहा कि तावड़े पर मामले का साजिशकर्ता होने का आरोप लगाया गया और उनके खिलाफ संदेह की पर्याप्त गुंजाइश थी, लेकिन अभियोजन पक्ष संदेह को सबूत में बदलने में विफल रहा यही वजह है कि तावड़े को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। न्यायाधीश ने कहा कि भले ही भावे और पुनालेकर के मामले में संदेह की गुंजाइश हो, लेकिन कोई सबूत नहीं है और इसलिए दोनों को सबूत के अभाव में सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है।

### 2014 में सीबीआई ने शुरू की थी जांच

मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष ने 20 गवाहों जबकि बचाव पक्ष ने दो गवाहों से सवाल-जवाब किए। शुरुआत में इस मामले की जांच पुणे पुलिस कर रही थी, लेकिन बंबई उच्च न्यायालय के आदेश के बाद 2014 में सीबीआई ने मामले को अपने हाथ में ले लिया और जून 2016 में हिंदू दक्षिणपंथी संगठन सनातन संस्था से जुड़े ईएनटी सर्जन तावड़े को गिरफ्तार कर लिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार तावड़े हत्या के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक थे। उसने दावा किया कि सनातन संस्था दाभोलकर की संस्था महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति द्वारा किए गए कार्यों का विरोध करती थी। तावड़े और कुछ अन्य आरोपी इसी संस्थान से जुड़े हुए थे।

## नवनीत राणा पर आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज

**हैदराबाद।** तेलंगाना पुलिस ने भाजपा नेता नवनीत राणा के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणी के लिए चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की है कि कांग्रेस को वोट देना पाकिस्तान को वोट देने जैसा है। प्राथमिकी के अनुसार, राणा ने यह टिप्पणी 8 मई को शादनगर में आयोजित एक नुक्कड़ सभा में की।



पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि शिकायत 9 मई को निर्वाचन आयोग की फ्लाइंग स्क्वाड टीम (एफएसटी) द्वारा दर्ज की गई थी। नवनीत राणा ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी और उनके भाई अकबरुद्दीन पर निशाना साधते हुए कहा था कि यदि पुलिस को 15 सेकंड के लिए ड्यूटी से हटा दिया जाए तो भाइयों को पता नहीं चलेगा कि वे कहां से आए और कहां गए। इस टिप्पणी की तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और असदुद्दीन ओवैसी ने आलोचना की थी।

# भारत के चुनावों में हस्तक्षेप के आरोपों को किया खारिज

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका ने रूस के इन आरोपों को गुरुवार को खारिज किया कि अमेरिका भारत में हो रहे चुनावों में हस्तक्षेप कर रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि हम न ही भारत में जारी चुनावों में शामिल हैं और न ही दुनिया में कहीं भी होने वाले चुनाव में। भारत की जनता निर्णय करेगी। दरअसल रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने मॉस्को में कहा था कि अमेरिका भारत के घरेलू मामलों और मौजूदा चुनावों में हस्तक्षेप कर रहा है।

मिलर से इसी बारे में प्रश्न किया गया था। अमेरिका के समाचार पत्र वॉशिंगटन पोस्ट में हाल में प्रकाशित एक लेख में आरोप लगाए गए थे कि रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के एक अधिकारी अमेरिकी धरती पर खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की कथित हत्या की योजना बनाने में शामिल थे। इस लेख पर रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने मॉस्को में संवाददाताओं से कहा अमेरिका नई दिल्ली के खिलाफ नियमित रूप से निराधार आरोप लगाता रहता है। हम देखते हैं कि वे न केवल भारत बल्कि कई अन्य देशों पर भी

- **मिलर ने कहा- हम न ही भारत में और न ही दुनिया में होने वाले किसी भी चुनाव में शामिल हैं**



धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करने के आधारहीन आरोप लगाते हैं जो दर्शाता है कि अमेरिका भारत की राष्ट्रीय सोच को नहीं समझता, उसे भारत के विकास के ऐतिहासिक संदर्भ की समझ नहीं है और वह एक देश के रूप में भारत का सम्मान नहीं करता।

रूसी प्रवक्ता ने इसे अमेरिका की औपनिवेशिक काल की मानसिकता करार दिया। आरटी न्यूज ने जखारोवा के हवाले से कहा कि वे आम संसदीय चुनावों को जटिल बनाने के लिए भारत की आंतरिक राजनीतिक स्थिति को असंतुलित करने का प्रयास कर रहे हैं। यह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का तरीका है। उन्होंने कहा कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों मामलों में वाशिंगटन से अधिक दमनकारी शासन की कल्पना करना कठिन है।

## दिल्ली पहुंचे चीन के नए राजदूत शू फेइहोंग

**नई दिल्ली, एजेंसी,** भारत में चीन के नये राजदूत शू फेइहोंग दिल्ली पहुंच गए हैं। यह पद करीब 18 महीने से खाली था, जो चार दशकों में सबसे लंबा अंतराल है। शू ने कहा कि चीन एक-दूसरे की चिंताओं को समझने और बातचीत के माध्यम से विशिष्ट मुद्दों का पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान खोजने के लिए भारत के साथ काम करने को तैयार है। उन्होंने पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से जारी सैन्य गतिरोध के बीच यह बात कही है।

शू (60) ने सुन वेइदोंग की जगह ली है, जो भारत में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद अक्टूबर 2022 में रवाना हो गए थे। शू का भारत आगमन पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध को हल करने के लिए बीजिंग और नयी दिल्ली के बीच लंबी सैन्य व राजनयिक वार्ता के बीच हुआ है। उन्होंने कहा यह एक सम्मानजनक मिशन और महत्वपूर्ण ड्यूटी है। मैं दोनों देशों के बीच समझ और दोस्ती को प्रगाढ़ बनाने, विभिन्न क्षेत्रों में आदान-प्रदान और सहयोग बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने व आगे ले जाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा।

## स्कूलों को उड़ाने की धमकी के तार पाकिस्तान से जुड़े

**अहमदाबाद।** 7 मई को मतदान की पूर्वसंध्या पर 36 स्कूलों को भेजे गए बम विस्फोट की धमकी वाले ईमेल के तार पाकिस्तान से जुड़े थे। पुलिस ने इसे मतदान से पहले लोगों के बीच डर पैदा करने की कोशिश करार दिया। गुजरात की 26 में से 25 सीट के लिए मतदान 7 मई को हुआ था।

अपराध शाखा ने बताया कि ईमेल 'मेल.रू' डोमेन से भेजे गए थे, जिन्हें एक व्यक्ति ने खुद तौहीद लियाकत बनकर सारे स्कूलों को भेजा था। संयुक्त पुलिस आयुक्त शरद सिंघल ने कहा कि लियाकत ने हमद जावेद के रूप में एक और पहचान भी बना ली थी। इन नामों वाला व्यक्ति पाकिस्तान के फैसलाबाद जिले से काम कर रहा था। एक ही शख्स ने अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग पहचान बनायी, उनमें से एक हमद जावेद की भी है। सिंघल ने कहा कि आरोपी का नाम एक अन्य एजेंसी द्वारा मोहपाश (हनीट्रैप) के एक मामले में जांच के दौरान भी सामने आया था।

# 28,200 मोबाइल फोन ब्लॉक करें दूरसंचार कंपनियां

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **20 लाख कनेक्शन का फिर से करें सत्यापन : दूरसंचार विभाग**

दूरसंचार विभाग ने साइबर अपराधों के साथ कथित संलिप्तता में 28,200 मोबाइल फोन ब्लॉक करने और 20 लाख मोबाइल कनेक्शन का दोबारा सत्यापन करने का दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को निर्देश दिया है। दूरसंचार विभाग, गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस ने साइबर अपराध तथा वित्तीय धोखाधड़ी में दूरसंचार संसाधनों का दुरुपयोग रोकने के लिए हाथ मिलाया है।



इसका मकसद धोखेबाजों के गिरोह का खात्मा करना और नागरिकों को डिजिटल खतरों से बचाना है। बयान के मुताबिक गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस के विश्लेषण से पता चला है कि साइबर अपराधों में हजारों मोबाइल हैंडसेट का दुरुपयोग किया गया। इन मोबाइल फोन के साथ करीब 20 लाख नंबरों का इस्तेमाल किया गया। इसमें कहा गया कि दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को देशभर में इन 28,200 मोबाइल फोन को ब्लॉक करने तथा इनसे जुड़े 20 लाख मोबाइल कनेक्शन का तत्काल दोबारा सत्यापन करने और सत्यापन में नाकाम रहने पर कनेक्शन काटने के निर्देश जारी किए।

## मसालों में ईटीओ पर लगाम के लिए निर्यातकों को निर्देश

**नई दिल्ली।** मसाला बोर्ड ने भारत से आयात किए जाने वाले उत्पादों में कैंसरजनक रसायन एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) का इस्तेमाल रोकने के लिए निर्यातकों को व्यापक दिशानिर्देश जारी किए हैं। कुछ मसाला उत्पादों पर हाल ही में कुछ देशों के गुणवत्ता संबंधी चिंता जाहिर किए जाने के बीच यह कदम उठाया गया है। निर्यातकों को मसालों में रोगाणुनाशक/धूमनकारी एजेंट या किसी अन्य रूप में ईटीओ रसायन के इस्तेमाल से बचना होगा।

उन्हें सुनिश्चित करना होगा कि परिवहन, भंडारण/गोदाम, पैकेजिंग सामग्री आपूर्तिकर्ता किसी भी स्तर पर इस रसायन का उपयोग न करें। कहा कि निर्यातकों को आपूर्ति श्रृंखला में मसालों तथा मसाला उत्पादों में ईटीओ व इसके मेटाबोलाइट की अनुपस्थिति सुनिश्चित करने को उपाय करने होंगे। निर्यातक लइस रसायन को खतरे के रूप में पहचानेंगे और खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली में खतरा विश्लेषण नियंत्रण बिंदुओं तथा खाद्य सुरक्षा योजना में ईटीओ को रोकने के लिए नियंत्रण बिंदुओं को शामिल करेंगे।

# एआई एक्सप्रेस की 75 उड़ानें रद, दो दिन में सामान्य हो सकता परिचालन

**मुंबई/ नई दिल्ली, एजेंसी**

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने शुक्रवार को चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण लगभग 75 उड़ानें रद कर दीं। कंपनी को रविवार तक परिचालन सामान्य होने की उम्मीद है। एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन और कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार के विरोध में चालक दल के सदस्यों के एक समूह ने हड़ताल की थी। हालांकि उन्होंने गुरुवार को हड़ताल वापस लेने की घोषणा कर दी थी।

इसके साथ, एयरलाइन प्रबंधन ने भी चालक दल के 25 सदस्यों की बर्खास्तगी का पत्र वापस ले लिया। हड़ताल के कारण टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन को



- **भेदभावपूर्ण व्यवहार के विरोध में चालक दल ने की थी हड़ताल**

मंगलवार रात से ही करीब 250 उड़ानें रद करनी पड़ी हैं। एयरलाइन के एक अधिकारी ने कहा कि उड़ानें रद होने और यात्रियों को क्षतिपूर्ति के कारण लगभग 30 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान होने का अनुमान है। अधिकारी ने कहा कि शनिवार को भी 45-50 उड़ानें रद होने की आशंका है।

## आदेश

### दिल्ली हाईकोर्ट ने निर्देश के बावजूद विफल रहने पर एमसीडी की खिंचाई की

# बंद करें सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले कोचिंग सेंटर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को अग्नि सुरक्षा मानदंडों के उल्लंघन में संचालित हो रहे कोचिंग सेंटर को अविलंब बंद करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा और न्यायमूर्ति रवींदर डुडेजा की पीठ ने इससे पहले वकीलों की एक टीम द्वारा मुखर्जी नगर में कोचिंग सेंटर का निरीक्षण का आदेश दिया था।

पीठ ने प्राधिकारियों से परिसर के बाहर स्थापित बिजली के उन उपकरणों को अन्य जगह स्थानांतरित करने के लिए भी कहा, जो जनता के लिए संभावित रूप से खतरनाक हो सकते हैं। यह आदेश क्षेत्र में कोचिंग सेंटर के संचालन को लेकर दायर कई याचिकाओं पर आया। इन याचिकाओं में जून



- **दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा जनता के लिए संभावित रूप से खतरनाक हो सकते ऐसे परिसर**

2023 में एक कोचिंग सेंटर में आग लगने की घटना के बाद उच्च न्यायालय द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किया गया एक मामला भी शामिल है।

न्याय मित्र गौतम नारायण ने अदालत को बताया कि निरीक्षण अप्रैल में दो मौकों पर किया गया। उन्होंने बताया कि निरीक्षणों से पता चला कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने जिन कुछ कोचिंग सेंटर को बंद करने का दावा किया था, वे अभी भी एक नए प्रबंधन के तहत या नाम से चल रहे हैं। नारायण ने कहा कि ये परिसर अग्नि सुरक्षा आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं कर रहे और एक मामले में, प्रवेश द्वार पर ही बिजली का एक बोर्ड लगा पाया गया, जिससे आग लगने की स्थिति में रास्ता अवरुद्ध हो सकता है। अदालत ने अग्नि सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों को बंद करने के अदालत के पहले के निर्देश के बावजूद ऐसे कोचिंग सेंटर पर ध्यान देने में विफल रहने के लिए एमसीडी की खिंचाई की और उसे उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### न्यायमित्र वह काम कर रहे जो एमसीडी को करना चाहिए

पीठ ने कहा न्यायमित्र वह काम कर रहे हैं जो एमसीडी को करना चाहिए। ये गड़बड़ी आपने की है। आप पहचान की गई सभी चार संपत्तियों को बंद करें। पीठ ने आदेश दिया कि हमारे द्वारा जारी किए गए सीलिंग निर्देशों के स्पष्ट उल्लंघन के मद्देनजर, हम एमसीडी/डीडीए (दिल्ली विकास प्राधिकरण) को तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश देते हैं और परिसर को सील किया जाए। उच्च न्यायालय ने पहले कहा था कि अग्नि सुरक्षा बहुत जरूरी है और सभी कोचिंग सेंटर को या तो दिल्ली मास्टर प्लान, 2021 और अन्य लागू नियमों के तहत अपनी वैधानिक आवश्यकताओं का पालन करना होगा या बंद करना पड़ेगा। शुक्रवार को, अदालत ने एमसीडी, डीडीए और दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) से गैर-अनुपालन वाले कोचिंग सेंटर की पहचान करने के लिए चार सप्ताह के भीतर एक नया सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया। पिछले साल, उच्च न्यायालय ने जून में मुखर्जी नगर में एक कोचिंग सेंटर में आग लगने की घटना पर स्वतः संज्ञान लेते हुए एक मामला शुरू किया था, जिसके दौरान छात्रों को रस्सियों का उपयोग करके इमारत से नीचे उतरते देखा गया था।

## मादक पदार्थ की तस्करी में तीन को 20 साल की सजा

**भुवनेश्वर, एजेंसी,** ओडिशा में भुवनेश्वर के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश ने प्रतिबंधित पदार्थ ले जाने के आरोप में तीन आरोपियों को दोषी पाये जाने के बाद 20 साल के कठोर कारावास और प्रत्येक को एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने गुरुवार को आदेश दिया कि तीनों दोषियों देबाशीष बेहरा, प्रबीर कुमार सिंह और एसके कौसर अल्ली को जुर्माना राशि नहीं चुकाने पर एक साल की अतिरिक्त कैद की सजा काटनी होगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, तीनों 19 जून, 2020 को पश्चिम बंगाल से प्रतिबंधित मादक पदार्थ खरीदकर एक बोलेरो वाहन से ले जा रहे थे तभी उन्हें भुवनेश्वर के रसूलगढ़ के पास रोका गया और गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से भारी मात्रा में करीब पांच किग्रा ब्राउन शुगर और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गयी।

# रूस ने खारकीव के वोवचांस्क पर राकेट से किया हमला

**कीव, एजेंसी**

रूस ने शुक्रवार को यूक्रेन के उत्तर-पूर्व शहर वोवचांस्क पर तोप के गोले और रॉकेट से हमला करने के साथ ही निर्देशित हवाई हमले किये। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि रात के समय गोलाबारी से खारकीव क्षेत्र में और रूसी सीमा से पांच किमी से कम दूरी पर स्थित वोवचांस्क को निशाना बनाया गया।

अधिकारियों ने लगभग 3,000 लोगों को वहां से निकालने की प्रक्रिया शुरू की। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि तड़के रूसी सेना ने यूक्रेनी सुरक्षा को भेदने की कोशिश की। हमले को रोकने के लिए आरक्षित इकाइयों को तैनात किया गया था। यह हमला एक बफर जोन बनाने के रूसी प्रयास की शुरुआत का प्रतीक हो सकता है जिसे राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बेलगोरोड और अन्य रूसी सीमा क्षेत्रों पर लगातार यूक्रेनी हमलों



- **यूक्रेन ने कहा रूसी सेना ने सुरक्षा को भेदने की कोशिश की**

को रोकने के लिए इस साल की शुरुआत में बनाने का संकल्प लिया था। यूक्रेन ने पहले कहा था कि उसे पता है कि रूस खारकीव और सुमी क्षेत्रों के करीब उत्तर पूर्व सीमा पर हजारों सैनिकों को इकट्ठा कर रहा है। यूक्रेनी खुफिया अधिकारियों ने कहा कि क्रेमलिन की सेना ने पूर्वी यूक्रेन में हालिया जमीनी हमला किया है, उन्हें उम्मीद है कि क्रेमलिन की सेना उत्तर पूर्व में भी हमला करेगी।

## भारत ने मालदीव से वापस बुलाए अपने सभी सैनिक

**माले।** मालदीव की सरकार ने कहा कि भारत ने मालदीव से अपने सभी सैनिकों को वापस बुला लिया है। राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू ने देश से सभी भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने के लिए 10 मई की समयसीमा निर्धारित की थी। भारत और मालदीव के बीच संबंध तब गंभीर तनाव में आ गए जब चीन समर्थक नेता माने जाने वाले मुइज्जू ने भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी पर जोर दिया था। पिछले साल मोइज्जू के चुनाव प्रचार अभियान में मालदीव में तैनात लगभग 90 भारतीय सैन्यकर्मियों की स्वदेश वापसी प्रमुख बात थी। भारतीय सैन्यकर्मियों का पहला जत्था मार्च की शुरुआत में मालदीव से वापस बुला लिया गया था, इसके बाद अप्रैल में दूसरा जत्था रवाना हुआ, जिसमें कुल 51 सैनिक थे। मीडिया ने यहां बताया कि सभी भारतीय सैन्यकर्मी हालांकि देश से वापस चले गए हैं, माले ने अंतिम गिनती नहीं दी है।